झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

देवघर, शुक्रवार
05.12.2025
पौष कृष्ण प्रतिपदा संवत 2082
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹ 6

वर्ष : 22, अंक : 124
रजिस्ट्रेशन : JHAHIN/2004/14077

देवघर । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । कोलकाता । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

facebook.com/prabhat.khabar | twitter.com/prabhatkhabar | instagram.com/prabhat.khabar | youtube.com/c/PrabhatKhabartv/



## श्रीवैद्यनाथोविजयतेतराम्



### बाबा मंदिर समय सारणी

पट खुलेगा : सुबह 4:00 बजे
सरदारी पूजा : सुबह 4:20 बजे
पट बंद होगा : शाम 4:00 बजे
पट खुलेगा: शाम 6:00 बजे
पट बंद होगा : रात 8:00 बजे

### बासुकिनाथ समय सारणी

पट खुलेगा : सुबह 4:00 बजे
पट बंद होगा: दोपहर 4:30 बजे
पट खुलेगा : शाम 5:30 बजे
रात्रि श्रृंगार पूजा: रात 09:00 बजे

## सिटी बाइट्स

### डीएसओ ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**देवघर.** जनता दरबार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भू-अर्जन एवं मुआवजा भुगतान, अनुकम्पा नियुक्ति, बिजली बिल माफी, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, फसल बीमा, भू-राजस्व, पेंशन और आवास से संबंधित शिकायतें सुनीं. सभी आवेदकों को डीएसओ ने आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी शिकायतों की जांच कर शीघ्र समाधान कराया जायेगा. मौके पर ग्वालबदिया की रहने वाली एक महिला ने डीसी के नाम आवेदन दिया कि उसकी जमाबंदी जमीन पर कोई जबरन निर्माण करवा रहा है. वहीं जनता दरबार में आये आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले की भौतिक जांच कर एक सप्ताह के अंदर प्रगति रिपोर्ट डीसी कार्यालय में उपलब्ध कराने की बात कही.

### मारपीट मामले में सात आरोपितों को किया रिहा

**देवघर.** न्यायिक दंडाधिकारी संगीता की अदालत में चल रहे जीआर केस सरकार बनाम अमित कुमार रवानी व अन्य की सुनवाई पूरी गयी. इसके बाद नामजद सात आरोपितों अमित कुमार रमानी, मनोज रमानी, ललिता देवी, शारदा देवी, पायल कुमारी, बबलू रमानी व लिकू रमानी को संदेह का लाभ देते हुए रिहा कर दिया गया. सभी आरोपित नगर थाना के बरियारबांधी गांव के रहने वाले हैं और अनिता देवी के बयान पर नगर थाना में केस दर्ज हुआ है, जिसमें मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया गया है. अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से महज एक गवाही दी गयी, लेकिन घटना की पुष्टि नहीं की. अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद सभी आरोपितों को रिहा कर दिया.

### फांसी लगाने के मामले में थाने में यूडी केस दर्ज

**मोहनपुर.** रिखिया थाना क्षेत्र के अठमोरिया गांव में बुधवार की रात 14 वर्षीय किशोरी खुशी कुमारी द्वारा फांसी लगाने के मामले में मृतका की मां गणति देवी द्वारा थाने में लिखित आवेदन दिया गया, जिसके आधार पर पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आवेदन में बताया गया है कि खुशी रोज की तरह स्कूल से लौटकर खाना खाने के बाद कमरे में पढ़ने चली जाती थी. ट्यूशन जाने का समय होने पर जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने बाहर से आवाज लगायी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. इस पर पिता रोहित महथा ने संदेहवश एस्बेस्टस हटाकर अंदर झांका, तो खुशी को फांसी से लटकता देखा. इसके बाद रिखिया पुलिस को सूचना दी गयी. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गयी है.

## तैयारी. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज आयेंगे देवघर, भाजपा कार्यालय का उद्घाटन कल

# 12 जिलों के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे नड्डा

संवाददाता, देवघर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पांच दिसंबर की शाम 7:30 बजे चार्टर्ड प्लेन से देवघर आयेंगे. भाजयुमो कार्यकर्ता देवघर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करेंगे. राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्किट हाउस में रात 8:45 बजे भाजपा के प्रदेश कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे व रात्रि विश्राम के बाद छह दिसंबर को सुबह नौ बजे बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे. इस दौरान बाबा मंदिर में पंडा धर्मरक्षिणी सभा द्वारा श्री नड्डा का स्वागत किया जायेगा व श्री नड्डा द्वारा सरदार पंडा को सम्मानित किया जायेगा. बाबा मंदिर में श्री नड्डा वैसे भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे, जो तीर्थ पुरोहित भी हैं. कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र ने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद श्री नड्डा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष जनसंपर्क कार्यक्रम में भी शामिल होंगे. मंदिर से लौटने के क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष का टावर चौक पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जायेगा. बाबा मंदिर से लौटने के बाद सुबह 10 बजे देवघर भाजपा कार्यालय का राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्घाटन करेंगे व कार्यालय के समीप भव्य पंडाल में संताल परगना सहित आसपास के 12 जिलों के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे. इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा गुमला जिला के भाजपा कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे व गुमला में भी 12 जिलों के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे. प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र ने बताया कि जिलास्तर के कार्यालय का उद्घाटन करने राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे हैं, इससे कार्यकर्ताओं में पूरा उत्साह है. साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव का क्षण है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा, प्रभारी सत्येंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सचिन रवानी, सीताराम पाठक, मीडिया प्रभारी सचिन सुल्तानियां आदि थे.



प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, रविकांत मिश्र, सत्येंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सचिन रवानी व अन्य.



भाजपा का नवनिर्मित कार्यालय.

### छह दिसंबर को एम्स भी जायेंगे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा

देवघर आगमन के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा शाम 4 :30 बजे देवघर एम्स भी जायेंगे. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के एम्स दौरे को देखते हुए एम्स प्रबंधन ने आंतरिक तैयारी भी शुरू कर दी है. छह दिसंबर को एम्स के ऑडिटोरियम में डॉक्टर, फैकल्टीज व एमबीबीएस के नये छात्रों के साथ श्री नड्डा संवाद भी करेंगे, इसकी तैयारी को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की संयुक्त सचिव अंकिता मिश्रा बुंदेला शुक्रवार को देवघर एम्स पहुंच रहीं हैं. शाम छह बजे नड्डा देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना होंगे.

### टावर चौक पर जेपी नड्डा का पुष्प वर्षा से होगा स्वागत

**देवघर.** बाबा बैद्यनाथ मंदिर से लौटने के क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का टावर चौक पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया जायेगा. स्वागत को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों की एक बैठक हुई, जिसमें यह तय किया गया कि छह दिसंबर को सुबह नौ बजे सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा श्री नड्डा का स्वागत गाजे-बाजे के साथ फूल-माला व पुष्पगुच्छ देकर किया जायेगा. बैठक में दिवाकर गुप्ता, रीता चौरसिया, अभय आनंद झा, मुकेश पाठक, ममता गुप्ता, पंकज पंडित, आलोक मल्लिक, कृष्णदेव चौधरी, सर्वोत्तम बरनवाल, राहुल केशरी, गोपी अग्रहरि, योगेंद्र यादव, प्रभाष गुप्ता, अनिल चौरसिया, सुप्रिया कुमारी आदि थे.



बैठक में सामाजिक संगठन के लोग.

## तीन दिनों से घर-घर कचरा उठाव बंद, लोग परेशान



सत्संग में पसरी गंदगी.

संवाददाता, देवघर

नगर निगम क्षेत्र की सफाई एजेंसी एमएसडब्लूएम ने बीते तीन दिनों से शहर में कचरा उठाव, डोर-टू-डोर कलेक्शन और पछियारी कोठिया स्थित कचरा प्लांट में प्रोसेसिंग का काम पूरी तरह बंद कर दिया है. इससे शहर के अधिकांश इलाकों में घरों में कचरे के ढेर लगने लगे हैं और बदबू से लोग परेशान हैं. एजेंसी के स्थानीय प्रबंधक जय प्रकाश ने बताया कि नगर निगम पिछले चार महीनों से भुगतान नहीं कर रहा है. इतना ही नहीं, बीते साल का बकाया भी अबतक लंबित है. ऐसे में एजेंसी पर करीब सवा तीन करोड़ रुपये से अधिक का बकाया जमा हो गया है. उन्होंने कहा कि ड्राइवर, प्लांट इंचार्ज, सुपरवाइजर और सफाई मित्र समेत दो सौ से अधिक कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनका वेतन, इपीएफ आदि बिना भुगतान के लंबे समय तक वहन करना संभव नहीं है. निगम जबतक भुगतान नहीं करेगा, काम शुरू कर पाना मुश्किल है. एजेंसी की हड़ताल का असर शहर में दिखने लगा है. कोरयासा, सत्संग, वीआइपी चौक, बरमसिया, बिलासी, रांगा मोड़, बीएड कॉलेज रोड, आरके मिशन रोड आदि इलाकों में कचरा सड़ने लगा है. दुर्गंध के साथ मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है.

### क्या कहते हैं सहायक नगर आयुक्त

एजेंसी से लगातार बातचीत चल रही है. जितने दिन काम बंद हैं, उतने दिनों की कटौती भी होगी. वहीं निगम अपने संसाधनों से शहर को साफ रखने का प्रयास कर रहा है. उम्मीद है एक–दो दिन में एजेंसी की हड़ताल समाप्त हो जायेगी.

**गौरव कुमार**
**सहायक नगर आयुक्त**

## नगर निकाय चुनाव-2026 की तैयारी तेज जिला प्रशासन ने किया 12 कोषांगों का गठन

संवाददाता, देवघर

देवघर नगर निगम और मधुपुर नगर परिषद चुनाव की तैयारी तेज हो गयी है. झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव से प्राप्त निर्देश पर देवघर डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेष लकड़ा ने नगरपालिका आम चुनाव 2026 के सफल संचालन के लिए जिलास्तर पर निर्वाचन कार्यों को समय पर संपादन कराने के लिए कुल 12 कोषांगों का गठन किया. इसमें पदाधिकारी स्तर पर वरीय पदाधिकारी, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी व सहयोगी पदाधिकारी रखेंगे. कार्यों में मदद के लिए सहयोगी कर्मियों को रखा गया है. टीम के सभी सदस्य राज्य निर्वाचन आयोग से निर्गत सभी महत्वपूर्ण निर्देशों एवं परिपत्रों को संबंधित सभी कोषांगों को उपलब्ध करायेंगे. अपने आदेश में डीसी ने कहा कि डीडीसी पीयूष सिन्हा सभी विभागों के अनुश्रवण के प्रभारी रहेंगे. सभी इलेक्शन मेटेरियल का भंडारण जिला विकास भवन देवघर के ऊपरी तल स्थित हॉल में करेंगे. कोषांगों के संचालन स्थल के संबंध में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर संबंधित कोषांग के वरीय पदाधिकारी व प्रभारी पदाधिकारी को तुरंत सूचित करने को कहा गया है. गठित कोषांगों के प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी, कर्मी, अनुसेवक को आदेश की निर्गत तिथि से अपने-अपने वरीय पदाधिकारी व प्रभारी पदाधिकारी के समक्ष योगदान देंगे. उन्हें अपने कार्यालय कार्यों के अतिरिक्त कोषांग के कार्यों का भी निष्पादन करना होगा.

### कोषांगों के वरीय पदाधिकारी व प्रभारी

**नगरपालिका निर्वाचन कोषांग** : वरीय पदाधिकारी : जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणवीर कुमार सिंह

**कार्मिक कोषांग** : वरीय पदाधिकारी : डीडीसी पीयूष सिन्हा, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : डीएसओ प्रीतिलता किस्कू

**मत पत्र एवं मतपेटिका कोषांग** : वरीय पदाधिकारी : मधुपुर के भूमि सुधार उपसमाहर्ता अमर प्रसाद, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : जिला सांख्यिकी पदाधिकारी चंद्रदेव पासवान





**सामग्री कोषांग** : वरीय पदाधिकारी : अपर समाहर्ता हीरा कुमार, प्रभारी सह **नोडल पदाधिकारी** : जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार

**परिवहन कोषांग** : वरीय पदाधिकारी : डीडीसी पीयूष सिन्हा, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी डीटीओ शैलेश कुमार प्रियदर्शी

**विधि व्यवस्था कोषांग सह आचार संहिता कोषांग** : वरीय पदाधिकारी : अपर समाहर्ता हीरा कुमार, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : एसडीओ रवि कुमार

**हेल्प लाइन एवं जन शिकायत कोषांग** : वरीय पदाधिकारी : अपर समाहर्ता हीरा कुमार, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : ओम प्रियदर्शी गुप्ता

**प्रेक्षक कोषांग** : वरीय पदाधिकारी : डीटीओ शैलेश कुमार प्रियदर्शी, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार

**प्रशिक्षण कोषांग** : वरीय पदाधिकारी : डीडीसी पीयूष सिन्हा, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : जिला सहकारिता पदाधिकारी कुमार गौतम

**मीडिया कोषांग सह नियंत्रण कक्ष कोषांग :** वरीय पदाधिकारी : डीपीआरओ राहुल कुमार भारती, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : डीएसडब्ल्यूओ कुमारी रंजना

**निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग :** वरीय पदाधिकारी : राज्यकर संयुक्त आयुक्त विश्वजीत सिन्हा, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : राज्यकर सहायक आयुक्त सुदामा कुमार

**सूचना तकनीकी कोषांग** : डीडीसी पीयूष सिन्हा, प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी : जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय कुमार परासर व सहायक जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अमित कुमार

## नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनें रहेंगी रद्द

**देवघर.** हावड़ा मंडल के अंतर्गत खाना जंक्शन पर नॉन-इंटरलॉकिंग और लैडर शिफ्टिंग का बड़ा तकनीकी कार्य शुरू होने वाला है. प्री नॉन-इंटरलॉकिंग का काम पांच दिसंबर तक चलेगा. इसके बाद आठ दिसंबर तक इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा. 48 घंटे के इस कार्य के दौरान मंडल में ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा. यह जानकारी आसनसोल मंडल की ओर से दी गयी है. **शॉर्ट टर्मिनेशन :** तकनीकी कार्य के कारण कई ट्रेनों के रूट और खुलने एवं पहुंचने अस्थायी रूप से बदले गये हैं. 63519 बर्द्धमान–बोकारो स्टील सिटी मेमू छह व सात दिसंबर को बर्द्धमान की जगह आसनसोल से खुलकर बोकारो तक चलेगी. 63520 बोकारो–बर्द्धमान मेमू दोनों दिन इसकी यात्रा आसनसोल में ही समाप्त होगी. 63509 बर्द्धमान–झाझा मेमू छह और सात दिसंबर को बर्द्धमान के बजाय आसनसोल से खुलेगी. 63510 झाझा–बर्द्धमान मेमू इन दोनों दिनों यात्रा आसनसोल में समाप्त होगी. **ये ट्रेन रहेंगे रद्द :** नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पांच, छह और सात दिसंबर को बड़ी संख्या में मेमू सेवाएं रद्द रहेंगी. इनमें ट्रेन संख्या 63505, 63507, 63511, 63513, 63549, 63517, 63523, 63506, 63508, 63512, 63516, 63522, 63526, 63524, 63550 और 63552 शामिल हैं. सभी ट्रेनें छह और सात दिसंबर को रद्द रहेंगी, जबकि कुछ पांच दिसंबर को भी नहीं चलेंगी.
**मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें भी रद्द:** तकनीकी कार्य का असर मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों पर भी पड़ेगा. इस कारण अप दिशा : 22321 हावड़ा–सिउड़ी हुल एक्सप्रेस (06 व 07 दिसंबर), 12383 सियालदह–आसनसोल इंटरसिटी (06 दिसंबर), 13179 सियालदह–सिउड़ी मेमू एक्सप्रेस (05 व 06 दिसंबर). डाउन में : 22322 सिउड़ी–हावड़ा हुल एक्सप्रेस (06 व 07 दिसंबर), 12384 आसनसोल–सियालदह इंटरसिटी (06 दिसंबर), 13180 सिउड़ी–सियालदह मेमू एक्सप्रेस (06 व 07 दिसंबर). को रद्द रहेगी.

## प्राइवेट बस स्टैंड की जमीन पर्यटन विभाग को हैंडओवर करने की तैयारी

### सीओ ने एक सप्ताह के अंदर मांगी आपत्ति





पुराना प्राइवेट बस स्टैंड की जमीन का फाइल फोटो.

संवाददाता, देवघर

पुराना प्राइवेट बस स्टैंड की जमीन पर्यटन विभाग को हैंडओवर करने की तैयारी शुरू कर दी गयी है. देवघर सीओ ने श्यामगंज मौजा स्थित लगभग 1.21 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को हैंडओवर करने के लिए नोटिस के माध्यम से सोलह आना रैयतों को सूचित किया है. देवघर सीओ अनिल कुमार के स्तर से पुराना प्राइवेट बस स्टैंड की दीवार पर नोटिस चिपकाया गया है, साथ ही अखबारों में विज्ञापन के माध्यम से नोटिस को प्रकाशित कर एक सप्ताह के अंदर सोलह आना रैयतों से आपत्ति मांगी गयी है. सीओ द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि यदि पुराना प्राइवेट बस स्टैंड की जमीन भूमि हस्तांतरण को लेकर किसी व्यक्ति या पक्ष को आपत्ति है, तो वह एक सप्ताह के अंदर संबंधित कागजातों के साथ अंचल कार्यालय में अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. अन्यथा यह माना जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है. नगर विकास एवं आवास विभाग तथा देवघर एसी के पत्रों के आधार पर पुराना प्राइवेट बस स्टैंड की जमीन पर्यटन विभाग को हैंडओवर करने की प्रक्रिया आगे बढ़ायी जा रही है. पर्यटन विभाग द्वारा देवघर के पर्यटन विकास और संरचना सुधार के लिए पुराना प्राइवेट बस स्टैंड की जमीन पर्यटन विभाग को सौंपने का निर्णय लिया गया है. सीओ ने बताया कि सोलह आना रैयतों से कोई आपत्ति नहीं आने पर वरीय अधिकारियों के माध्यम से पुराना प्राइवेट बस स्टैंड की जमीन को झारखंड सरकार को निःशुल्क हस्तांतरण करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी.

## पुरुष नसबंदी पर जागरूकता के लिए चलेगा अभियान

**देवघर.** गुरुवार को ट्रॉमा सेंटर के सुदृढ़ीकरण और फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा को लेकर वर्चुअल बैठक आयोजित की गयी. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलों से ट्रॉमा सेवाओं को चालु करने के निर्देश दिये. विभाग से मिली जानकारी अनुसार, ट्रॉमा सेंटर के लिए सदर अस्पताल, बुढैई से साथ पालोजोरी को भी तैयार करने को कहा गया. साथ ही सभी प्रकार की व्यवस्था करने को कहा गया है. वहीं दूसरी बैठक में फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम की उपलब्धियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों ने कहा कि पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता अभियान चलायें. साथ ही बंध्याकरण शिविरों के संचालन में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये. बैठक में एसीएमओ, डीपीएम, डीडीएम समेत अन्य ने हिस्सा लिये.

## विशेष मध्यस्थता अभियान आठ दिसंबर से

**देवघर.** फैमिली कोर्ट के मामलों की सुनवाई के लिए पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन आठ दिसंबर से किया जायेगा. इस अभियान का समापन 12 दिसंबर को होगा. इसमें विशेष तौर पर पारिवारिक विवादों का निष्पादन सुलह के आधार पर किया जायेगा. मामलों की सुनवाई के लिए कुल सात बेंच गठित किया गया है, जिसमें अलग-अलग मीडियेटर को जिम्मेवारी दी गयी है, जो न्याय सदन में मामलों की सुनवाई करेंगे. इस आशय की जानकारी डालसा सचिव एसएन बारा ने दी है.

### नगर निगम ने मानसरोवर तट पर बने फिल्टरेशन प्लांट के संचालन के लिए टेंडर किया फाइनल

# इस सप्ताह शुरू हो जायेगा नीर फिल्टरेशन प्लांट

संवाददाता, देवघर

बाबा मंदिर से निकलने वाला नीर अब न तो नाले में बहेगा और न ही गंदे पानी में मिलेगा. नगर निगम ने मानसरोवर तट पर बने 50 लाख की लागत वाले फिल्टरेशन प्लांट के संचालन के लिए टेंडर फाइनल कर दिया है. जल्द ही मंदिर से निकलने वाला नीर पाइपलाइन के जरिये सीधे मानसरोवर पहुंचेगा, जहां दूध-दही व अन्य पूजा सामग्री से मिश्रित नीर को फिल्टर कर साफ जल के रूप में मानसरोवर तालाब में छोड़ा जायेगा. प्लांट एक साल से अधिक समय से बंद पड़ा था. लंबे समय से संचालन ठप रहने के कारण मोटर व अन्य उपकरण जाम हो चुके थे. ट्रायल के दौरान मोटर जल गये, जिसे मुंबई से मंगवाया गया है. प्लांट की सर्विसिंग अब अंतिम चरण में है. अधिकारियों का कहना है कि तीन से चार दिन में प्लांट को दोबारा चालू कर दिया जायेगा. मानसरोवर को मिलेगा जीवन, ड्राइजोन क्षेत्र को मिलेगी राहत : जानकार बताते हैं कि गर्मी के मौसम में मानसरोवर तालाब लगभग सूख जाता था. मंदिर परिसर और आसपास का इलाका ड्राइजोन में आता है, ऐसे में लगातार साफ नीर का मानसरोवर में गिरना भूजल स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा. इससे स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा.



फिल्टरेशन प्लांट

### नीर की ब्रांडिंग और रोजगार सृजन की भी तैयारी

तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने इस पूरी योजना की नींव रखी थी. भक्तों की आस्था को ध्यान में रखते हुए नीर की ब्रांडिंग और इसे प्रसाद के रूप में उपलब्ध कराने की योजना बनी थी. साथ ही मंदिर से निकलने वाले फूल–बेलपत्र से खाद तैयार कर एसएसजी के सहयोग से अगरबत्ती निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया था, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाया जा सके. फिलहाल तैयार खाद सुजानी को उपलब्ध कराया जा रहा है. प्लांट चालू होने के बाद मंदिर प्रशासन फिर से नीर ब्रांडिंग और अगरबत्ती परियोजना पर फोकस करने की तैयारी में है.

## 2030 तक बाल विवाह समाप्त करने का संकल्प

- देवघर में चेतना विकास का 100 दिवसीय जन–जागरण अभियान शुरू

संवाददाता, देवघर

देवघर में भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को गति देने के लिए केंद्र सरकार के 100 दिवसीय गहन जागरुकता अभियान की शुरुआत होते ही सामाजिक संगठन चेतना विकास ने सभी सरकारी विभागों के साथ तेज, समन्वित और परिणाम-आधारित कार्य करना शुरू कर दिया है. इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नयी दिल्ली में किया. चेतना विकास की डायरेक्टर रानी कुमारी ने कहा कि जिला प्रशासन के मजबूत नेतृत्व ने हमेशा बेहतर परिणाम दिये हैं और यह अभियान 2030 से पहले बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में निर्णायक साबित होगा. जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क से जुड़ा यह संगठन स्कूलों, धार्मिक स्थलों, विवाह सेवा प्रदाताओं और पंचायतों में तीन चरणों में जन-जागरुकता बढ़ायेगा. अभियान का अंतिम चरण 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पूरा होगा.





उदघाटन समारोह के दौरान वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता.

झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

देवघर । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । कोलकाता । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

देवघर, शुक्रवार
05.12.2025
पौष कृष्ण प्रतिपदा संवत 2082
पृष्ठ 14, मूल्य : ₹ 6
वर्ष : 22, अंक : 124
रजिस्ट्रेशन : JHAHIN/2004/14077

prabhatkhabar.com





स्पोर्ट्स | 08


विराट वापसी : विश्व कप के लिए दावा किया और भी मजबूत




देश-विदेश | 09


हाइवे पर जाम व कोहरे का पहले ही मिल जायेगा अलर्ट




संपादकीय | 06


वायु प्रदूषण के लिए हम सब जिम्मेदार

## क्विक बाइट्स

### छत्तीसगढ़ : छह और नक्सलियों के शव मिले

**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद गुरुवार सुबह तक छह अन्य नक्सलियों के शव बरामद किये गये. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों की संख्या बढ़कर 18 हो गयी है. इस मुठभेड़ में राज्य पुलिस की इकाई जिला रिजर्व गार्ड के तीन जवान शहीद हुए.

### राज्य बार काउंसिल चुनावों में महिला वकीलों को 30% आरक्षण दें : सुप्रीम कोर्ट



**नयी दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआइ) से कहा कि वह आगामी राज्य बार काउंसिल चुनावों में महिला अधिवक्ताओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करे. राज्य बार काउंसिल में महिलाओं के अनिवार्य प्रतिनिधित्व की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने यह निर्देश दिया. प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि बीसीआइ नियमों की व्याख्या इस तरह से करेगी कि इससे राज्य बार काउंसिल में 30 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित हो जायेगा. पदाधिकारियों के कुछ पदों के लिए भी ऐसी स्थिति उपलब्ध होनी चाहिए.

## 23वीं भारत-रूस शिखर वार्ता आज. दोनों देशों के बीच होंगे कई अहम समझौते, पश्चिमी देशों की पैनी निगाहें

# पुतिन दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे भारत, पीएम मोदी ने गले लगाया

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**भारत** और रूस के बीच 23वीं शिखर वार्ता में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार शाम दो दिवसीय यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे. उनकी यात्रा का मकसद समग्र द्विपक्षीय रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को विस्तार देना है. पुतिन की यात्रा ऐसे वक्त हो रही है, जब भारत और अमेरिका के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं. यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है. मोदी और पुतिन के बीच शुक्रवार को शिखर वार्ता होने वाली है, जिसमें रक्षा सहयोग बढ़ाने, द्विपक्षीय व्यापार को बाहरी दबावों से सुरक्षित रखने और छोटे 'मॉड्यूलर रिएक्टर' के क्षेत्र में संभावित सहयोग पर विशेष ध्यान दिये जाने की संभावना है. माना जा रहा है इस वार्ता पर पश्चिमी देशों की पैनी निगाह है. लगभग 28 घंटे की यात्रा के बाद पुतिन शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे भारत से प्रस्थान करेंगे.

**भारत-रूस रणनीतिक संबंधों के 25 साल :** यह वार्ता इसलिए भी अहम है कि यह भारत-रूस के बीच रणनीतिक संबंधों के 25 साल पूरे होने पर हो रही है.


देश-विदेश भी देखें




### एयरपोर्ट से पीएम आवास तक कार में गये साथ



### यूक्रेन में युद्ध समाप्ति पर भी चर्चा संभव

चूंकि रूसी नेता यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए नये सिरे से अमेरिकी प्रयास के बीच भारत की यात्रा पर आ रहे हैं, इसलिए शिखर सम्मेलन में इस मुद्दे पर भी बातचीत और पुतिन द्वारा मोदी को अमेरिका के प्रयासों से अवगत कराये जाने की संभावना है.

### हैदराबाद हाउस में आज करेंगे लंच

पीएम मोदी ने गुरुवार को पुतिन के सम्मान में निजी रात्रिभोज दिया. पुतिन का शुक्रवार को औपचारिक स्वागत होगा. मोदी हैदराबाद हाउस में पुतिन के लिए दोपहर के भोज की भी मेजबानी करेंगे. वार्ता के बाद पुतिन रूस के सरकारी प्रसारक के भारत चैनल की शुरुआत करेंगे.

### पुतिन-मोदी के बीच बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच होंगे कई समझौते

वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे. इनमें भारतीय श्रमिकों के रूस में आवागमन को सुगम बनाने संबंधी समझौता और रक्षा सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत साजो-सामान संबंधी सहयोग पर एक अन्य समझौता शामिल है.

# भारत खुशकिस्मत कि उसके पास मोदी जैसा पीएम : पुतिन

एजेंसियां, मॉस्को



### भारतीयों को संदेश

रूस के लोगों में भारतीय संस्कृति की छवि मनमोहक है. रूसी लोगों को भारतीय संगीत और फिल्में बेहद पसंद है. रूसी लोगों ने भारतीय संस्कृति को पूजा जैसी अहमियत दी. यह दिल से दिल का रिश्ता है.

**पुतिन** ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत खुशकिस्मत है कि उसके पास मोदी हैं. वह किसी के दबाव में नहीं आते हैं. भारत ग्रेट पावर है. इसकी तरक्की कई देशों को चुभ रही है. पुतिन ने भारत आने के एक दिन पूर्व यहां एक भारतीय मीडिया से साक्षात्कार में ये बातें कहीं. उन्होंने पीएम मोदी की लीडरशिप, भारत-रूस संबंधों, वैश्विक राजनीति और अमेरिका की नीतियों पर खुलकर बात की. अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ लगाकर राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश पर पुतिन ने कहा कि भारत अपनी इंडिपेंडेंट पॉलिसी पर चलता है. उन्होंने अमेरिका पर तंज कसते हुए कहा कि वॉशिंगटन खुद हमसे न्यूक्लियर एनर्जी खरीदता है और फिर ज्ञान देने की कोशिश करता है. अमेरिका भारत को रूस से तेल खरीदने पर दोषी ठहराने की कोशिश करता है. यह साफ तौर पर दोहरा रवैया है.

### मेक-इन इंडिया की प्रशंसा की

मेक-इन इंडिया पर ट्रंप की संभावित प्रतिक्रिया की बाबत उन्होंने कहा कि हम किसी के दबाव में नहीं आते हैं. हम किसी के खिलाफ नहीं हैं. हम बस अपना हित चाहते हैं. दुनिया को इस कदम की सराहना करनी चाहिए. भारत आज एक शक्तिशाली देश है और वह पहले की तरह ब्रिटिश शासन के अधीन नहीं है. खासकर मोदी के शासन में वह किसी के दबाव में आने वाला नहीं है.

### आतंकवाद की लड़ाई में हम भारत के साथ

पुतिन ने कहा कि दुनियाभर में बढ़ते आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस भारत के साथ है. यह बहुत आसान है. आजादी के लिए लड़ना है, तो कानूनी तरीके से लड़ो.

### भारत-चीन, दोनों हमारे मित्र

उन्होंने भारत और चीन, दोनों को रूस का करीब दोस्त बताया. इन दोनों देशों के आपसी तनाव के संतुलन की बाबत उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग तनाव कम करने के लिए कोशिश कर रहे हैं. दोनों ही बुद्धिमान नेता हैं और किसी नतीजे पर जरूर पहुंचेंगे, दोनों मिलकर इसका हल निकाल लेंगे. हमें उनके द्विपक्षीय मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए.

### भारत से ट्रेड बढ़ाने के पक्ष में

भारत और रूस के बीच ट्रेड बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसमें कहीं कोई बाधा नहीं है. रूस भारत से ज्यादा सामान खरीदने की सोच रहा है, जिसका मकसद भारतीय आयात को बढ़ाना तथा दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलन को पाटना है. पीएम मोदी हमारे सामने यह मुद्दा उठाते हैं. यह अर्थव्यवस्था का मामला है. भारत ने कोई रुकावट पैदा नहीं की. उन्हें तेल और उससे बने उत्पाद और उर्वरक चाहिए.

# परीक्षा को दागदार करनेवालों पर की गयी कार्रवाई : सीएम

### सीजीएल परिणाम पर रोक हटने के बाद सैकड़ों अभ्यर्थी ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री आवास



मुख्यमंत्री आवास पहुंचे अभ्यर्थियों का अभिवादन स्वीकार करते सीएम हेमंत.

प्रमुख संवाददाता, रांची

**झारखंड** हाइकोर्ट द्वारा जेएसएससी संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा के परिणाम और नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटाये जाने के बाद शुक्रवार को सैकड़ों अभ्यर्थी ढोल-नगाड़ों के साथ मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचे. अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर की गयी कार्रवाई और मुख्यमंत्री के निरंतर प्रयास के कारण ही उन्हें न्याय मिला. अभ्यर्थियों ने इस संघर्षपूर्ण यात्रा में मुख्यमंत्री के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह जीत उनके धैर्य और मेहनत का प्रतिफल है. हम उनके आभारी हैं.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पूरे मामले की निष्पक्ष, गहन और पारदर्शी जांच करायी. परीक्षा की शुचिता को दागदार करने का प्रयास करनेवालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गयी, जिससे व्यवस्था में लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ. उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने भी सरकार की निष्पक्षता और अभ्यर्थियों की मेहनत का सम्मान किया है.


बाकी पेज 07 पर


# इंडिगो की 550 उड़ानें रद्द परिचालन संकट गहराया

एजेंसियां, मुंबई

**इंडिगो** ने गुरुवार को 550 से अधिक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया, जबकि कई उड़ानें देर से रवाना हुईं. इससे हजारों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी. इसका विमान परिचालन लगातार तीसरे दिन भी बाधित रही. यह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है. यह पायलटों और कर्मचारियों की भारी कमी झेल रही है. नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उड़ानों में हो रही भारी देरी और रद्दीकरण को गंभीरता से लिया है.

उसने एयरलाइन से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है. उसने कहा कि वह मौजूदा स्थिति की जांच कर रहा है और परिचालन सामान्य करने के उपायों पर एयरलाइन से चर्चा कर रहा है.

**क्यों पैदा हुई यह स्थिति :** इंडिगो ने बुधवार को कहा था कि तकनीकी गड़बड़ियों, शीतकालीन उड़ान समय-सारणी के बदलाव, प्रतिकूल मौसम, बढ़ती भीड़भाड़ और नये रोस्टरिंग नियम की वजह से यह समस्या पैदा हुई है. नये नियमों के तहत पायलटों के लिए साप्ताहिक विश्राम समय बढ़ाया गया है और रात में लैंडिंग की संख्या सीमित की गयी है, ताकि उड़ान सुरक्षा को मजबूत किया जा सके.



### यहां इतनी उड़नें रद्द

| एयरपोर्ट | विमान |
|---|---|
| दिल्ली | 172 |
| मुंबई | 118 |
| बेंगलुरु | 100 |
| हैदराबाद | 75 |
| कोलकाता | 35 |
| चेन्नई | 26 |
| गोवा | 11 |

**दिल्ली से देवघर आने वाले दो विमान रद्द.** देखें पेज 03

### इंडिगो की समयपालन दर में आयी गिरावट

देश के छह प्रमुख हवाई अड्डों- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद के संयुक्त आंकड़ों के आधार पर इंडिगो की समयपालन दर बुधवार को गिरकर 19.7 प्रतिशत पर आ गयी, जबकि दो दिसंबर को यह 35 प्रतिशत थी.





धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा प्रोटेक्शन प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.


## देवघर में जाम की समस्या खत्म करने के लिए सरकार का बड़ा फैसला

# खिजुरिया मोड़ से नेहरू पार्क तक बनेगा फ्लाइओवर

अमरनाथ पोद्दार, देवघर

### ढाई किलोमीटर होगी फ्लाइओवर की लंबाई, 75 दिनों में तैयार होगा डीपीआर

- श्रावणी मेला में नहीं लगेगा जाम, देवघर में एलीवेटेड रोड से मिलेगा राहत भरा सफर
- **कांवरिया पथ से सीधे शिवगंगा के समीप उतरेंगे कांवरिये**




### डीपीआर में क्या-क्या होगा

राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कांवरिया पथ का निरीक्षण कर खिजुरिया मोड़ से नेहरू पार्क तक फ्लाइओवर बनाने की घोषणा की है. डीपीआर पूरी तरह तैयार होने के बाद नव वर्ष में टेंडर कर इस प्रोजेक्ट में काम शुरू करने की तैयारी है. डीपीआर में एप्रोच रोड का सर्वे और डिजाइन, फ्लाइओवर की ऊंचाई, नया कलवर्ट व पुलिया, भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता, फ्लाइओवर की लंबाई-चौड़ाई आदि तय किये जायेंगे.

**सुल्तानगंज** से बाबा नगरी पैदल आने वाले कांवरियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है. श्रावणी मेला में हर साल लाखों कांवरियों और श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए शहर में लगने वाले भारी जाम से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. पथ निर्माण विभाग से कांवरिया पथ स्थित खिजुरिया मोड़ से नेहरू पार्क तक फ्लाइओवर बनाया जायेगा. पथ निर्माण विभाग ने डीपीआर बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिया है. पीडब्ल्यूडी द्वारा नियुक्त कंसल्टेंट 75 दिनों के अंदर डीपीआर तैयार करेंगे. खिजुरिया मोड़ से नेहरू पार्क तक लगभग ढाई किलोमीटर तक यह एलीवेटेड रोड रहेगा. यह फ्लाइओवर खिजुरिया मोड़ से दर्शनियां मोड़ व पंडित बीएन झा रोड होते हुए शिवगंगा के समीप नेहरू पार्क तक बनेगा.

श्रावणी मेला के दौरान यह मार्ग शहर का सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाला हिस्सा रहता है, जहां कांवरियों के साथ-साथ रास्ता पार करने वाले स्थानीय लोग और वाहन भी भारी संख्या में होते हैं. स्थानीय आवागमन के कारण शहर जाम की समस्या से जूझता है.


बाकी पेज 07 पर

# स्वामी सत्यानंद जी का 102वां जन्मोत्सव मनाया

## समाधि स्थल पर स्वामी सत्यानंद जी की हुई विशेष पूजा, सेवा, प्रेम व दान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

संवाददाता, देवघर

रिखियापीठ में पांच दिवसीय योग पूर्णिमा उत्सव व महामृत्युंजय यज्ञ की पूर्णाहुति गुरुवार को हुई. शिष्यों ने योगीराज स्वामी सत्यानंद जी का 102वां जन्मोत्सव योग पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाया. काशी के पंडित बसोधारा के माध्यम से मंत्रोच्चारण के साथ महामृत्युंजय यज्ञ की पूर्णाहुति कर विशेष गुरु पूजा व रुद्राभिषेक किया. देश-विदेश से आये सैकड़ों शिष्यों ने सहस्त्रार्चन किया. इस दौरान गुरु को समर्पित भजन व कीर्तन में शिष्य झूम उठे. स्वामी सत्यानंद जी के जन्मोत्सव को लेकर पूरे रिखियापीठ को फूल-माला सहित रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया. संध्या में समाधि स्थल पर स्वामी सत्यानंद जी की विशेष पूजा हुई. स्वामी सत्संगीजी ने स्वामी सूर्यप्रकाश के साथ परमहंस स्वामी सत्यानंद जी प्रतिमा की विशेष आराधना की. साथ ही गुरु पादुका पूजन भी किया गया. इस दौरान शिष्यों द्वारा श्रीयंत्र के रूप में निर्मित 60 पौंड का केट भी काटा जायेगा. देश-विदेश से स्वामी सत्यानंद जी के शिष्य अपने परमगुरु के 102वें जन्मोत्सव पर सेवा, प्रेम व दान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर लौटे. इस दौरान ग्रामीणों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया.


गुरु की आराधना करतीं स्वामी सत्संगीजी जी, साथ में स्वामी सूर्य प्रकाश.


तैयार किया गया केक.

# बाबा मंदिर में 60 हजार भक्तों ने किया जलार्पण

संवाददाता, देवघर

माघ मास पूर्णिमा पर गुरुवार को बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी तथा सुबह से ही आम कतार मंदिर परिसर से बाहर तक लगी रही. भीड़ बढ़ने के साथ ही मंदिर के मंझला खंड में लगे काठ गेट को लगातार संचालित कर भीड़ को नियंत्रित किया गया. प्रशासन ने निकास द्वार से किसी भी तरह की प्रवेश रोकने के लिए पट बंद होने तक मंदिर दारोगा की प्रतिनियुक्ति की थी. भीड़ का असर कूपन काउंटरों पर भी देखा गया. काउंटर बंद होने तक कुल 3668 भक्तों ने कूपन के माध्यम से जलार्पण किया. भारी संख्या में कूपन जारी होने के कारण सुबह में मंदिर प्रशासनिक भवन में भी जाम जैसी स्थिति बन गयी थी. स्थिति संभालने के लिए मंदिर दारोगा आदित्य फलहारी, रमेश मिश्रा, शशि मिश्रा सहित अन्य कर्मी जुटे रहे. आम कतार से जहां तीन से चार घंटे में जलार्पण हो रहा था, वहीं कूपनधारी भक्तों को एक से डेढ़ घंटे में बाबा के दर्शन मिल रहे थे. पूर्णिमा का विशेष महत्व होने के कारण बड़ी संख्या में भक्त अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराने भी पहुंचे. पट बंद होने तक करीब 60 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ सहित अन्य मंदिरों में जलार्पण कर परिवार की मंगलकामना की.


बाबा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़.

## एमपीएल -9 के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन

**मोहनपुर .** मोहनपुर प्रीमियर लीग (एमपीएल) सीजन-9 2025-26 की तैयारी को लेकर गुरुवार को मिडिल स्कूल मोहनपुर में अध्यक्ष भोला यादव की अध्यक्षता में बैठक की गयी. इसमें खेल के आयोजन की तैयारी, तिथि और समय को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी. बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अनुशासन, भव्यता और पारदर्शिता के साथ एमपीएल का आयोजन किया जायेगा. आयोजन को सफल बनाने के लिए कमेटी का विस्तार किया गया, जिसमें अध्यक्ष भोला यादव, उपाध्यक्ष शिव कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, सचिव निशांत कुमार, उपसचिव ऋषि देव यादव तथा मीडिया प्रभारी केदार दास और नीतीश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गयी. वहीं व्यवस्थापक के रूप में सिकंदर रावत, प्रियांशु कुमार, मोहम्मद आलम और मोहम्मद अफजल को शामिल किया गया है. वहीं संरक्षक मंडल में समाजसेवी प्रमोद यादव, रंजीत प्रधान, श्रीकांत यादव, कृष्ण यादव, दिलीप यादव और डॉ विनोद मंडल को स्थान दिया गया है. बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने कहा कि एमपीएल -9 युवा प्रतिभाओं को उभारने और मोहनपुर को खेल क्षेत्र में नयी पहचान देने का कार्य करेगा.

### आस्था. वैदिक मंत्रों से गुंजायमान रहा यज्ञशाला, अंतिम दिन भक्तों की लगी कतार

# अतिरुद्र महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का समापन, भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

संवाददाता, देवघर

आरएल सर्राफ स्कूल परिसर में चल रहे नौ दिवसीय अतिरुद्र महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन गुरुवार को पूर्णिमा तिथि पर हुआ. अंतिम दिन स्कूल परिसर स्थित यज्ञशाला सुबह से ही वैदिक मंत्रों से गुंजायमान रहा. भजन और महाआरती के साथ पूर्णाहुति की गयी, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थित रही. समापन पर स्वामी हरिहरानंद आनंद सरस्वती जी महाराज और आचार्य महामंडलेश्वर विवेकानंद भारती जी ने कहा कि यह महायज्ञ देवघर की आस्था और अनुशासन का अतुलनीय उदाहरण है. उन्होंने श्रद्धालुओं और आयोजकों की सराहना करते हुए इसे शिव-सेवा और लोक-कल्याण का अद्वितीय आयोजन बताया. समापन के बाद दोपहर एक बजे से प्रसाद वितरण शुरू हुआ, जिसमें करीब 15 से 20 हजार भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया.




प्रवचन करते संत व श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़.

## कथावाचक रमाकांत भाई ने की देवघर की प्रशंसा

कथावाचक रमाकांत भाई ने कहा कि लाखों की भीड़ में भी देवघर के भक्तों ने अनुशासन की मिसाल पेश की है. भीड़ में शांति और व्यवस्था देखकर उन्होंने इसे पूरे देश के लिए प्रेरणादायी बताया. यज्ञ में रुद्र, रुद्राक्ष, श्रीसूक्त, शुक्ल यजुर्वेद और सामवेद मंत्रों द्वारा विशेष अनुष्ठान संपन्न हुआ. संतों ने कहा कि सब सुखी हों, सब निरोग रहें, यही यज्ञ का मूल उद्देश्य है. वहीं जगन्नाथ पुरी, काशी विश्वनाथ एवं विभिन्न ज्योतिर्लिंग पीठों से आये संत-प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ायी. इसे बाबा बैद्यनाथ की विशेष कृपा का प्रतीक माना गया.

## अगले वर्ष दिल्ली में भव्य आयोजन की घोषणा

समापन के दौरान स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी ने घोषणा की कि नवंबर अगले वर्ष दिल्ली में इसी तरह का विराट अतिरुद्र महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित का आयोजन किया जायेगा.

# शिक्षकों की सूची नहीं देने पर प्रभारियों को 24 घंटे का अल्टीमेटम

- परीक्षा व्यवस्था में लापरवाही पर शिक्षा विभाग सख्त

वरीय संवाददाता, देवघर

वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए उन विद्यालय प्रभारियों को 24 घंटे का अंतिम अल्टीमेटम दिया है, जिन्होंने अब तक अनिवार्य विषयों के शिक्षकों की सूची विभागीय कार्यालय को नहीं सौंपी है. विभाग द्वारा पूर्व में निर्देश जारी किया गया था कि जिन विद्यालयों में विषयवार पदस्थापित व प्रतिनियुक्त शिक्षकों के अतिरिक्त कुछ अनिवार्य विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, वे 24 नवंबर 2025 तक पूरी सूचना उपलब्ध करायें. इसके बावजूद संलग्न विद्यालयों में से कई प्रभारियों ने अब तक रिपोर्ट जमा नहीं किया है, जिसे विभाग ने गंभीर लापरवाही और उदासीनता बताते हुए नाराजगी जतायी है. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि परीक्षा परिणाम सुधारने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए किसी भी स्थिति में देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी. अब अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया गया है कि सभी संबंधित प्रभारी 24 घंटे के भीतर अपने विद्यालय की अनिवार्य विषयों से संबंधित प्रतिवेदन की हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें. निर्धारित समय में रिपोर्ट नहीं देने पर विभागीय कार्रवाई तय मानी जा रही है.

## सिटी बाइट्स



### जिला संयुक्त औषधालय में एडवांस योग प्रशिक्षण शुरू

**देवघर .** पुराना सदर अस्पताल स्थित जिला संयुक्त औषधालय कार्यालय के छत पर गुरुवार से तीन दिवसीय एडवांस योग प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई. कार्यक्रम का नेतृत्व जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जगदीश सिंह ने किया. शिविर में पतंजलि योगपीठ के योग शिक्षक शंभू कुमार बरनवाल ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया. शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर और संयुक्त औषधालय में कार्यरत योग शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया. योग शिक्षक ने कहा कि नियमित योग से न केवल स्वास्थ्य लाभ मिलता है. योग तनाव कम करता है और आपसी संबंधों में सौहार्द बढ़ाता है. योगाभ्यास सत्र में डॉ जगदीश सिंह ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने, रोगों से बचने और मन को संयमित रखने के लिए योग बहुत जरूरी है. मौके पर डीपीएम डॉ सुबोध कुमार सिंह, सुरेश यादव, रामदेव मंडल, मुख्य योग शिक्षक अनुज कुमार, विजय प्रसाद राय समेत अन्य थे.

### राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती के लिए मनीष का चयन



**देवघर.** होनहार पहलवान मनीष झा का चयन एसजीएफआइ की ओर से आयोजित 69वीं अंडर-17 बालक/बालिका फ्री स्टाइल राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है. वे आठ से 12 दिसंबर 2025 तक बलिया, उत्तर प्रदेश में आयोजित इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे. यह जानकारी देवघर जिला कुश्ती संघ के सचिव संजीव कुमार झा ने दी. उन्होंने बताया कि मनीष झा 110 किलोग्राम भार वर्ग में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे. वर्तमान में मनीष राज्य स्तरीय कुश्ती प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं, जहां वे प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ तैयारी कर रहे हैं. शुक्रवार को टीम के साथ बलिया रवाना होंगे. मनीष की इस उपलब्धि पर संघ के अध्यक्ष विजय सनातन, अमित कुमार, अभिजीत, दीपनारायण, विनीता पासवान, आदर्श लक्ष्य, गौरव राज, संजय वर्मा, कौशल सिंह सहित परिजनों व अन्य ने उन्हें बधाई दी है. जिले के डीइओ व डीएसओ ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### दो लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**जसीडीह.** बिजली विभाग ने जसीडीह थाना क्षेत्र के सिमरा व गिधापाथर गांव में छापेमारी अभियान चलाकर दो लोगों को रंगेहाथ बिजली चोरी करते पकड़ा. सभी के खिलाफ सहायक विद्युत अभियंता डेविड हांसदा ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है. दर्ज मामले में कहा कि मंगलवार को क्षेत्र में बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया. छापेमारी टीम में जयप्रकाश मंडल, अजीत कुमार यादव सहित अन्य कर्मी शामिल थे. छापेमारी के दौरान पाया गया कि सिमरा गांव में एक व गिधापाथर गांव में एक व्यक्ति ने अपने घरों में अवैध रुप से बिजली चोरी कर उपयोग कर रहा था. जिसे छापेमारी टीम द्वारा रंगेहाथ पकड़ा गया.

# मृ ड्रॉप्स के अत्याधुनिक प्लांट का उद्घाटन

**सिलजोरी (दर्दमारा) :** दर्दमारा बॉर्डर स्थित सिलजोरी (पेलवा) में गुरुवार को स्थानीय लोगों को उच्च गुणवत्ता वाला मिनरल वाटर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "मृ ड्रॉप्स" के अत्याधुनिक प्लांट का भव्य उद्घाटन किया गया. समारोह का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि मृदुला कुमारी, महेश कुमार चौधरी, शिवांगी चौधरी व मनीषा चौधरी ने फीता काटकर किया. उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ने इस प्रतिष्ठान की स्थापना को क्षेत्र के लिए एक उल्लेखनीय पहल बताया. उन्होंने कहा कि शुद्ध जल जीवन का आधार है और "मृ ड्रॉप्स" के खुलने से न केवल दर्दमारा और आसपास के लोगों को स्वच्छ और सेहतमंद पानी आसानी से उपलब्ध होगा, बल्कि यह स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी सृजित करेगा.कंपनी के निदेशक कुमार प्रियांशु ने बताया कि "मृ ड्रॉप्स" में उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है. यह प्लांट पूरी तरह से सरकारी नियमों के अनुरूप है और इसे एफएसएसएआइ से प्रमाणन प्राप्त है. उन्होंने जानकारी दी कि संस्थान में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़े अंतरराष्ट्रीय मानक लागू किये गये हैं, जिनमें शामिल हैं: आइएसओ 9001: क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए, आइएसओ 14001/2015: एनवायरनमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम के लिए, आइएसओ 22000/2018: फूड सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए और एचएसीसीपी : विश्वसनीय खाद्य सुरक्षा मानक के लिए. कुमार प्रियांशु ने कहा,हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं को एक विश्वसनीय और किफायती उत्पाद देना है, जो हर कसौटी पर खरा उतरे. इस अवसर पर सेवानिवृत्त इंजीनियर संतोष कुमार, जय प्रकाश चौधरी सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये. कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा पारंपरिक स्वागत और अतिथियों के अभिनंदन किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और प्रबुद्ध जन उपस्थित थे.


मृ ड्रॉप्स के अत्याधुनिक प्लांट के उद्घाटन में शामिल अतिथि व निदेशक.

## आइसीटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने देवघर के आठ छात्र-छात्राएं गये रांची

- जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद राज्य प्रतियोगिता में दिखाएंगे प्रतिभा

**देवघर.** झारखंड ई-शिक्षा महोत्सव 2025 के तहत आयोजित राज्यस्तरीय आइसीटी चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए देवघर जिले से चयनित आठ प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की टीम गुरुवार को रांची के लिए रवाना हुई. राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में जिले में आइसीटी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था. जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अब पांच दिसंबर को जेसीआरटी, रांची में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. चयनित छात्रों में चार बालक व चार बालिकाएं शामिल हैं. इनमें रितिका कुमारी मिश्रा, साजन कुमार मंडल, संध्या रानी, तरुण दास, साक्षी प्रिया, अभिषेक कुमार दत्ता, रानी कुमारी और सुधांशु कुमार के नाम शामिल हैं. ये सभी प्रतिभागी जिले में आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान पर रहे थे. समग्र शिक्षा परियोजना की ओर से प्रतिभागियों के साथ शिक्षक देवव्रत दास को दायित्व दिया गया है. वहीं आइसीटी इंस्ट्रक्टर गौरव कुमार झा, प्रीतम रानी और सुमन कुमारी को भी रांची के लिए अधिकृत किया गया है, जो छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे.

## युवती ने विषैला पदार्थ खाया, बिगड़ी हालत

**देवघर.** जसीडीह थाना क्षेत्र निवासी एक युवती द्वारा रहस्यमय परिस्थिति में विषैला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है. परिजनों ने खुशबू कुमारी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे वार्ड में भर्ती करा दिया. वहीं मामले की सूचना बैद्यनाथधाम ओपी को दे दी गयी है. समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है.

# रेड रोज स्कूल : वॉलीबॉल के फाइनल में बालक वर्ग विजयी


रेड रोज स्कूल में विजयी टीम के साथ शिक्षक.

संवाददाता, देवघर

रेड रोज स्कूल में कक्षा आठवीं व नौवीं की छात्राएं और छात्र के बीच वॉलीबॉल लीग मैच का फाइनल खेला गया. प्राचार्य अनिल कुमार पाण्डेय, खेल शिक्षक सौरव कुमार, वरिष्ठ शिक्षक जयकांत झा व शिक्षक रवीश चन्द्र पाण्डेय ने खेल की शुरुआत की. फाइनल मुकाबला ग्रुप (ए) बालिका वर्ग और ग्रुप (सी) बालक वर्ग के बीच हुआ. दो कड़े मुकाबले के बाद ग्रुप (सी) बालक वर्ग ने बालिका वर्ग को दो सेट में पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया. विजेता बालक वर्ग के कप्तान मेहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम के अमन कुमार, रणवीर कुमार, अभिनव कुमार (दो), आर्यन कुमार, नमन कुमार व शुभम कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया. उपविजेता बालिका वर्ग की कप्तान सुहानी कुमारी के साथ शुभांगिनी कुमारी, सृष्टि कुमारी, रितु कुमारी, निधि कुमारी, सृष्टि तिवारी व तन्वी कुमारी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया. निर्णायक की भूमिका खुशी कुमारी व अर्पिता कुमारी ने निभायी, जबकि स्कोरर आद्या कुमारी ने मैच रिकॉर्डिंग संभाली. आयोजन को सफल बनाने में स्कूल प्रशासक पप्पू कुमार सिंह व शिक्षकों की टीम ने सहयोग किया.

## जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 13 को, तैयारी शुरू

**देवघर.** जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जायेगी. इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है. इसे लेकर आठ को बैठक भी की जायेगी. बैठक में परीक्षा की प्रभावी व्यवस्था, केंद्र प्रबंधन तथा परीक्षा सुरक्षा सुनिश्चित करना पर चर्चा की जायेगी. इस संबंध में डीइओ ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है.

**आम सूचना**

यह सार्वजनिक सूचना आमजन एवं बैंक आदि संस्थाओं को सूचित एवं सचेत करने के लिए है। यह कि मेरे मुवक्किल बिनोद वर्णवाल पिता- स्व0 विष्णु देव लाल वर्णवाल ने अपने भाई मनोज कुमार वर्णवाल पर स्वत्व वाद संख्या - 231/2025 दायर किया है, जिसमें मेरे मुवक्किल का आरोप है कि मनोज कुमार वर्णवाल ने उसकी सम्पत्ति देवघर जिला अन्तर्गत मौजा श्यामगंज थाना नं0-413, मोहल्ला-कास्टर्स टाउन में एक बसौड़ी सत्व की जमीन टाउन प्लॉन प्लॉट नं0-774 एवं जमाबंदी नं0-323/3203ए में कुल जमीन 3079 .5 वर्गफीट में से 1/3 भाग पक्का मकान आदि पिता के द्वारा वसीयत एवं उसके प्रावेट से प्राप्त है जिसे मनोज कुमार वर्णवाल ने धोखाघड़ी से अपने नाम से रजिस्टर्ड करा लिया है उक्त सत्व वाद संख्या-231/2025 अभी अवर न्यायाधीश प्रथम देवघर के न्यायालय में लंबित है।

अत: उपर वर्णित सम्पत्ति पूर्ण रूप से विवादित जमीन है, जिसकी खरीद-बिक्री या मोरगेज आदि कानूनी रूप से अवैध है। अत: इस विवादित सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन या लोन आदि देने की प्रक्रिया से आम जन एवं बैंक आदि संस्थाओं को सूचनार्थ प्रकाशित।

आपका विश्वासी, बिनोद वर्णवाल
दिनांक 03.12.25, स्थान - देवघर

ह./- अजय कुमार घोष (अधिवक्ता)
जिला बार एसोसिएशन, सिविल कोर्ट, देवघर
ENROLL NO. 2826/99

प्रभात खबर CITY BAZAR
Brand Awareness
Business Expression
Entrepreneurship

Babulal Premkumar®
COMPLETE FAMILY STORE
अब चास में भी
अब कंज्यूमर भी खरीद सकते हैं होलसेल रेट पर
इस पते पर जब भी आएंगे, बढ़िया कपड़े ही पाएंगे
Near Gandhi Chowk Upper Bazar, Ranchi-834001
0651 220 7555
97714 43901
STORE TIMING
Mon - Sat : 10am - 8pm
Sunday : 10am - 6pm
Opposite Kedia Bhawan, Nr Raymond Retail Shop, Main Road, Chas, Dist-Bokaro, 827013
92967 98387
STORE TIMING
On all 7 Days ; 10am to 8pm

**कोर्ट नोटिस**

ब-अदालत सिविल जज (सिनियर डिविजन)
नं0-VII देवघर, जिला-देवघर
T.S.No.82/2010
झाबू महतो ............................ वादी।
बनाम्
धोधो महतो एवं अन्य ............... प्रतिवादीगण।
नोटिस
बनाम्

**प्रतिवादी सं0-1(g)** पंकज यादव पिता-स्व0 मुलो महतो निवासी ग्राम जियापानी, थाना-रिखिया, जिला-देवघर एवं प्रतिवादी सं0-1(i) पिंकु देवी पति राजेन्द्र यादव निवासी-पसारदह, थाना मोहनपुर, सबडिविजन व जिला-देवघर।

इस समाचार पत्र प्रकाशन द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध एक Title Suit दायर किया है जो इस न्यायालय में लंबित है। न्यायालय द्वारा आपलोगो को कोर्ट नजारत एवं रजिस्ट डाक से सम्मन भेजा जा चुका है, पर आपलोग उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

अत: आपलोगों को इस समाचार पत्र प्रकाशन द्वारा सूचित किया जा रहा है कि आपलोग दिनांक 12.12.2025 को दिन में 10:30 बजे स्वयं या अधिकार प्राप्त अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना-अपना दावा रखे अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर के साथ दिया गया।

सिविल जज (सिनियर डिविजन) नं0-VII देवघर
जिला-देवघर

**COURT NOTICE**

In the Court of Senior Civil Judge-III.
Rajmahal, Dist- Sahibganj.
Publication Notice U/O- 5 Rule- 20 C.P.C.
Original Suit No. 67/2019
Akhtar Sk & others
-Vrs-
Sajjad Sk & others

**NOTICE TO :-** 2. Ismile Sk 2(a) Bani Sk, 2(b) Israul Sk, 2(c) Shahjahan Sk, 2(d) Suleman Sk 2(e) Sitara Bibi 2(f) Halema Bibi, all are sons and daughter of late Amjad Sk, R/o Vill- Pranpur, P.o- Palasgachhi, P.s- Radhanagar, Dist- Sahibganj, (Jharkhand)

Whereas the plaintiffs have instituted this suit against you for the reliefs claimed in the plaint but inspite of sending Notice by Registered post as well as by Nazarat, you have failed to appear before the court to answer the claim of the Plaintiffs.

You are hereby directed to appear in personally or through a duly authorized counsel of this Court on 20. 01. 26 at 10.30 O' Clock to file a W.S. why the reliefs of the plaintiffs should not be granted against you, failing which the Court shall proceed an Ex-parte order against you.

This is kind information to you through this Gazette Publication.

Give under my hand and the Seal of this Court, this the 26th Day of November 2025.

Senior Civil Judge-III
Rajmahal, Dist Sahibganj

### मध्य प्रदेश के इंदौर में हुई 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

# रजी खान व आसिफ ने जीता राष्ट्रीय पदक

वरीय संवाददाता, देवघर

देवघर के उभरते एथलीट रजी खान व आसिफ शेख ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआइ) की ओर से आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (अंडर-14) में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है. मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों ने झारखंड टीम की ओर से 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक जीतकर न सिर्फ राज्य, बल्कि जिले का नाम रोशन किया है. यह पहला अवसर है जब देवघर के किसी खिलाड़ी ने एथलेटिक्स में राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किया है. रजी खान कुमैठा स्थित खेलो इंडिया सेंटर में एनआइएस कोच दीपक कुमार की देखरेख में प्रैक्टिस करते हैं. वहीं, देवघर के आसिफ शेख चंदनकियारी में अभ्यास करते हैं. जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने इस उपलब्धि को देवघर के खेल जगत के लिए ऐतिहासिक बताया. उन्होंने कहा कि रजी व आसिफ ने पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है. आने वाले समय में देवघर से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकेंगे. जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार सहित जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारी आशीष झा, सचिव मनोज मिश्रा, प्रशिक्षक दीपक कुमार सहित अन्य ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है.


रिले जीतने वाली झारखंड टीम में शामिल एथलीट रजी व आसिफ.

**देवघर जिले के किसी खिलाड़ी ने पहली बार एथलेटिक्स में जीता नेशनल मेडल**

prabhatkhabar.com पर संबंधित खबर को देखने के लिए स्कैन करें

देवघर, शुक्रवार
05.12.2025
पौष कृष्ण प्रतिपदा संवत 2082
पृष्ठ 14, मूल्य : ₹ 6
वर्ष : 22, अंक : 124
रजिस्ट्रेशन : JHAHIN/2004/14077

झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

देवघर । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । कोलकाता । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित


बिहार — 77 हजार नियोजित शिक्षक होंगे सरकारी... 14
कारोबार — साल 2026 में सोने की कीमतें 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं... 08
prabhatkhabar.com

## नकली पोर्टल पर बन रहे फर्जी जन्म प्रमाणपत्र

**संजीव मिश्रा, देवघर**

**रजिस्ट्रेशन नंबर और क्यूआर कोड ने फर्जीवाड़े की पोल खोली**

- फर्जी जन्म प्रमाणपत्रों में निगम का अधिकृत कोड अलग-अलग
- क्यूआर कोड में तीन माह तक ही ऑनलाइन व्यू का विकल्प




फर्जी प्रमाणपत्र का मामला तब उजागर हुआ, जब लोग पहले से जारी जन्म प्रमाणपत्र को कैंसिल कराने पहुंचे. पूछताछ में लोग स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं. मैं फिलहाल अवकाश पर हूं, लौटते ही इस पूरे फर्जीवाड़े पर एफआइआर दर्ज करायेंगे.
**रंजीत कुमार सिंह,** सहायक नगर आयुक्त सह जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र शाखा प्रभारी

**स्कूलों** में एडमिशन का सीजन शुरू होते ही फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने का गोरखधंधा शुरू हो गया है. यह मामला तब सामने आया, जब बीते सप्ताह एक व्यक्ति अपने बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र रद्द कराने नगर निगम पहुंचा. सहायक नगर आयुक्त सह जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र शाखा प्रभारी रंजीत कुमार सिंह ने जब प्रमाणपत्र की जांच की, तो उसकी सत्यता पर संदेह हुआ. गहन जांच में पता चला कि यह प्रमाणपत्र फर्जी है और इसे किसी नकली पोर्टल के माध्यम से तैयार किया गया था.

जांच के दौरान अधिकारी ने आवेदक से पूछताछ की, तब मामला सामने आया कि कुछ प्रज्ञा केंद्रों तथा फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल की हूबहू नकल कर नकली जन्म प्रमाणपत्र बनाये जा रहे हैं. ये लोग लाभुकों से दो से पांच हजार रुपये तक वसूल कर एक ही दिन में जन्म प्रमाणपत्र थमा दे रहे हैं. निगम के जन्म-मृत्यु कार्यालय में अब तक ऐसे 10 से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जिनमें लोग अपने जारी प्रमाणपत्र को कैंसिल करने या उसमें सुधार कराने की मांग कर रहे हैं.


जांच में यह भी सामने आया कि फर्जी जन्म प्रमाणपत्र में निगम का जो अधिकृत कोड डाला गया है, वह हर प्रमाणपत्र में अलग है. साथ ही क्यूआर कोड स्कैन करने पर पता चला कि उसमें तीन माह तक ही ऑनलाइन व्यू का विकल्प उपलब्ध है, जबकि असली प्रमाणपत्र किसी भी समय ऑनलाइन देखा जा सकता है. पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम ने जांच शुरू कर दी है.

## जांच करने पहुंचे डीडीसी, तो स्कूल में नहीं मिले बच्चे

**वरीय संवाददाता, देवघर**

**रोहिणी हाइस्कूल : तय से अधिक परीक्षा शुल्क वसूली की शिकायत, डीइओ से शो-कॉज**

- जसीडीह के रोहिणी उच्च विद्यालय के छात्रों ने समाहरणालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करायी
- 10वीं के परीक्षा फॉर्म के लिए निर्धारित 1210 रुपये की जगह 1400-1800 रुपये वसूलने का आरोप




**डीडीसी ने कहा**

छात्रों से मिली शिकायत की जांच करने स्कूल पहुंचे थे, लेकिन स्कूल खाली मिला. मामले में डीइओ से शोकॉज किया गया है. मौके पर डीइओ, डीएसइ को बुलाकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा. मामला गंभीर है. निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेना पूरी तरह अवैध है. डीइओ से जांच रिपोर्ट जल्द मांगा गया है ताकि संबंधित व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जा सके.
**-पीयूष सिन्हा,** डीडीसी, देवघर

**माध्यमिक** परीक्षा 2026 के मद्देनजर देवघर के कई स्कूलों में निर्धारित फीस से अधिक रकम वसूले जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं. इसी क्रम में गुरुवार को जसीडीह स्थित रोहिणी उच्च विद्यालय के नौवीं-दसवीं के दर्जनों छात्र समाहरणालय पहुंचे और इसकी लिखित शिकायत डीडीसी पीयूष सिन्हा से की. बच्चों की शिकायत की जांच करने डीडीसी रोहिणी हाइस्कूल पहुंच गये. निरीक्षण के दौरान कक्षाएं खाली मिलीं. स्कूल में किसी भी कक्षा के बच्चे नहीं मिले, जबकि विद्यालय सामान्यतः तीन बजे तक संचालित होता है. अचानक हुई जांच में गंभीर अनियमितता दिखायी देने पर डीडीसी ने नाराजगी जतायी. डीडीसी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डीइओ बिनोद कुमार और डीएसइ मधुकर कुमार को स्कूल में ही बुलाया. दोनों अधिकारियों से मौके पर ही स्थिति स्पष्ट करने को कहा और डीइओ को शोकॉज किया. उन्होंने प्रधानाध्यापक से बच्चों की उपस्थिति सहित शुल्क वसूली प्रक्रिया और छात्रों की शिकायतों पर पूछताछ की.

इससे पहले समाहरणालय पहुंचे बच्चों ने डीडीसी को बताया कि विद्यालय के क्लर्क 10वीं के परीक्षा फार्म भरने के लिए निर्धारित 1210 रुपये के बजाय 1400 से 1800 रुपये तक ले रहे हैं. इसके लिए छात्रों पर कम उपस्थिति बता कर दबाव बनाया जा रहा है. कई छात्र डर के कारण अतिरिक्त राशि दे भी चुके हैं. जिन विद्यार्थियों ने पैसा देने से इंकार किया, उनके फॉर्म नहीं भरे गये.

## क्विक बाइट्स

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिवसीय दौरे पर आज देवघर पहुंचेंगे



**देवघर.** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा दो दिवसीय दौरे पर पांच दिसंबर को देवघर पहुंचेंगे. इस दौरान वे कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र ने बताया कि कि श्री नड्डा शुक्रवार की शाम 7.30 बजे देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे. रात 8.45 बजे वे राज्य अतिथिशाला देवघर में प्रदेश कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे. छह दिसंबर सुबह नौ बजे बाबा मंदिर में पूजा करेंगे. वे सुबह 10 बजे देवघर में नवनिर्मित जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे. साथ ही गुमला जिला के भाजपा कार्यालय का भी ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे.

### हेमंत की याचिका पर सुनवाई, इडी से हाइकोर्ट ने मांगा जवाब

**रांची.** हाइकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने इडी के समन की अवहेलना के मामले में निचली अदालत के संज्ञान आदेश को चुनौती देनेवाली हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई की. प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने इडी को जवाब दायर करने का निर्देश दिया. अदालत ने एमपी-एमएलए की विशेष अदालत को निर्देश दिया कि इस मामले में 12 दिसंबर को होनेवाली सुनवाई को स्थगित किया जाये. प्रार्थी हेमंत सोरेन ने क्रिमिनल क्वैशिंग याचिका दायर की है.

### चिटफंड घोटाला : नोएडा व गाजियाबाद के निदेशक के 20 ठिकाने पर इडी का छापा

**रांची.** इडी ने मैक्सीजोन कंपनी से जुड़े बड़े चिटफंड घोटाला मामले में गुरुवार सुबह नोएडा और गाजियाबाद के 20 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की. रांची और दिल्ली से पहुंची संयुक्त टीम ने करीब छह बजे कार्रवाई शुरू की. छापेमारी के दौरान इडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये हैं. मैक्सीजोन कंपनी के निदेशक चंद्रभूषण सिंह और उसकी पत्नी पर देश के पांच राज्यों में ठगी के मामले दर्ज हैं. आरोप है कि कंपनी ने 15 से 20 प्रतिशत तक रिटर्न देने का लालच देकर लोगों से गलत तरीके से निवेश कराया.

### फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली.** साख निर्धारित करने वाली एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि अनुमान को 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है. मुख्य रूप से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और जीएसटी सुधारों के साथ बेहतर धारणा के कारण वृद्धि अनुमान को बढ़ाया गया है. फिच ने कहा कि घटती मुद्रास्फीति आरबीआइ को दिसंबर में नीतिगत दरों में एक और कटौती करके इसे 5.25 प्रतिशत पर लाने गुंजाइश देती है. **कारोबार पेज भी देखें**

**शीतकालीन सत्र.** सर्वदलीय बैठक हुई, इसमें सीएम व नेता प्रतिपक्ष रहे मौजूद

# विस सत्र आज से, सत्ता पक्ष ने की तैयारी सीएम बोले उपलब्धियां जनता को बतायें

**ब्यूरो प्रमुख, रांची**



स्पीकर के साथ बैठक में मौजूद सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी व संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर.

- आठ दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2025-26 का दूसरा अनुपूरक
- स्पीकर ने कहा : सदन सुचारू चले, पक्ष-विपक्ष में बनी सहमति

**सदन में किस दिन, क्या**

पांच दिसंबर : शपथ, शोक प्रकाश
छह व सात दिसंबर : अवकाश
आठ दिसंबर : प्रश्न काल, वित्तीय वर्ष 2025-26 का दूसरा अनुपूरक
नौ दिसंबर : प्रश्नकाल, अनुपूरक पर चर्चा
10 दिसंबर : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, राजकीय कार्य
11 दिसंबर : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प

### सवालों का जवाब नहीं देने पर विभागों के खिलाफ जतायी नाराजगी

स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने मानसून सत्र के 90 प्रतिशत सवालों के जवाब विभागों द्वारा नहीं दिये जाने के मामले में कहा है कि यह चिंताजनक बात है. हाई लेवल की बैठक में भी यह बात उठ चुकी है. सवालों के जवाब में सरकारी विभागों की सुस्ती पर कड़ा रुख अपनाया जायेगा. विभागों को निर्देश दिया गया है कि समय पर जवाब दें. विधायकों के सवालों के जवाब आने चाहिए. अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गयी है. उन्होंने कहा कि विधायक जनहित के मुद्दे लेकर आते हैं. वे लाखों लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं. यह पूछे जाने पर कि जवाब भी बेहतर नहीं आते हैं. इस पर स्पीकर ने कहा कि सरकार के जवाब नियम-कानून के दायरे में ही आते हैं. किसी की पसंद-नापसंद के हिसाब से नहीं आ सकता है. विधायकों को संतोषजनक जवाब नहीं लगता है, तो वो इसे सदन में रख सकते हैं.

**विधानसभा** का शीतकालीन सत्र पांच दिसंबर से 11 दिसंबर तक चलेगा. आठ दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2025-26 का द्वितीय अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जायेगा. शीतकालीन सत्र को लेकर गुरुवार को स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा में सर्वदलीय बैठक बुलायी. सत्र के सुचारू संचालन के लिए पक्ष-विपक्ष के नेताओं से सहयोग की अपेक्षा की. इधर सत्ता पक्ष के विधायक भी साथ बैठे. सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक में विपक्ष को सदन के अंदर एकजुट हो कर जवाब देने पर रणनीति बनी. शीतकालीन सत्र को लेकर गुरुवार को सत्ता पक्ष की बैठक हुई. एटीआइ में आयोजित बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने सत्ता पक्ष के विधायकों से कहा कि सरकार में काम हो रहा है. इतनी सारी नियुक्तियां हो रही हैं. हम हर वर्ग के लिए काम कर रहे हैं. लेकिन हम अपनी उपलब्धियों को सही तरीके से लोगों के बीच नहीं ले जा पा रहे हैं. अपनी उपलब्धियां जनता के बीच लेकर जायें.

सीएम का कहना था कि विपक्ष कोई काम नहीं कर रहा है, समाज को बांटने का काम कर रहा है, लेकिन हर राज्य में जीत रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले 14 साल में भाजपा के लोगों ने क्या किया, सभी को पता है. वे केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं. सीएम का कहना था कि किसी भी भ्रम में आने की जरूरत नहीं है. एकजुट होकर विपक्ष का मुकाबला करें. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू का कहना था कि मंईयां सम्मान योजना हमारा फ्लैगशिप कार्यक्रम है, लेकिन इसे लेकर भी विपक्ष गलत नैरेटिव सेट कर रहा है. विपक्षी कह रहे हैं कि हमारे पास पैसा नहीं है, सारा पैसा इसी में खर्च हो रहा है. **बाकी पेज 07 पर**

## कांग्रेस की बैठक में विधायक मंत्री में नोक-झोंक, इरफान को खरी-खोटी सुनायी




कांग्रेस विधायक दल की बैठक में मंत्री सहित सभी 16 विधायक हुए शामिल.

**ब्यूरो प्रमुख, रांची**

- विधायक ने कहा : मंत्री से बोलने के बाद भी काम नहीं हुआ
- विधायक भूषण बाड़ा और नमन विक्सल कोंगाड़ी ने भी घेरा
- विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने खूब सुनाया

**कांग्रेस** विधायक दल की गुरुवार को हुई बैठक में विधायकों और मंत्रियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई. बैठक में मौजूद प्रभारी राजू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के सामने कई विधायकों ने खुले तौर पर मंत्रियों की कार्यशैली पर सवाल उठाये. विशेषकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के प्रति गहरा असंतोष व्यक्त किया गया. एक विधायक का कहना था कि नर्सिंग कॉलेज के काम के लिए मंत्री से आग्रह किया था. सारी जानकारी दी गयी थी. पर काम नहीं हुआ. बाद में किसी तरह काम कराया गया.

विधायक भूषण बाड़ा, नमन विक्सल कोंगाड़ी का आरोप था कि हमारी अनुशंसा पर काम नहीं होता. मंत्री ध्यान नहीं देते हैं. काम करनेवाले सिविल सर्जन की पोस्टिंग के लिए बोले, तो विभाग ने दूसरे की पोस्टिंग कर दी. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इस पर आपत्ति जतायी. उन्होंने विधायकों को भी खरी-खोटी सुना दी. **बाकी पेज 07 पर**

### राज्यसभा की एक सीट पर कांग्रेस का हक

कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि भाजपा का एजेंडा है कि कांग्रेस राज्यसभा में नहीं पहुंचे. हम पूरी मजबूती के साथ गठबंधन में हैं. राज्यसभा की एक सीट पर हमारा हक बनता है. प्रदेश कांग्रेस की ओर से इसकी मांग होनी चाहिए. हम मिल कर रहेंगे, तो भाजपा कहीं टिकनेवाली नहीं है, लेकिन कांग्रेस का ख्याल रखा जाना चाहिए.

## जांच में हुआ खुलासा : देवघर श्रावणी मेले के पेड़े में 15 प्रतिशत पायी गयी मिट्टी

**वरीय संवाददाता, रांची**

**राज्य खाद्य प्रयोगशाला की जांच में हुई पुष्टि, जांच के लिए भेजे गये थे 69 सैंपल**



**देवघर** श्रावणी मेले में इस वर्ष प्रसाद के रूप में बेचे गये पेड़े की जांच में चौंकाने वाली बात सामने आयी है. रांची स्थित राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि जब्त किये गये सैंपल में मिट्टी की मिलावट पायी गयी है. जुलाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मेले के दौरान एक अभियान चलाकर एक दर्जन से अधिक दुकानों पर छापेमारी की थी और कुल 69 सैंपल इकट्ठे कर रांची लैब भेजे थे. राज्य खाद्य विश्लेषक और को-ऑर्डिनेटर चतुर्भुज मीणा ने बताया कि पहली बार ऐसा हुआ है, जब श्रावणी मेले से जब्त किये गये पेड़े में मिट्टी मिली है. इससे पहले की जांचों में ज्यादातर मामलों में सिंथेटिक खोवा की मिलावट ही सामने आती रही थी. इस बार 100 ग्राम पेड़ा के सैंपल में 15 प्रतिशत तक मिट्टी मिली है. यह रिपोर्ट पांच दिसंबर को विभाग व देवघर जिला के फूट सेफ्टी अफसर को भेज दी जायेगी. इसके बाद संबंधित पदाधिकारी नियम के तहत दोषी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे.

## पेसा नियमावली कब लागू होगी, बताये सरकार : कोर्ट

**वरीय संवाददाता, रांची**

**राज्य में लघु खनिजों व बालू घाटों के आवंटन पर रोक बरकरार**

- हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दायर करने का दिया निर्देश
- मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी

**क्या है मामला**

वर्ष 1996 में केंद्र सरकार ने पेसा कानून लागू किया था. लेकिन एकीकृत बिहार तथा झारखंड गठन से लेकर अब तक राज्य सरकार द्वारा कानून के तहत नियमावली नहीं बनायी गयी है. वर्ष 2019 तथा 2023 में नियमावली का ड्रॉफ्ट तैयार किया गया था, लेकिन लागू नहीं किया गया. 29 जुलाई 2024 को हाइकोर्ट ने जनहित याचिका में आदेश पारित कर राज्य सरकार को दो माह में पेसा नियमावली लागू करने का आदेश दिया था.

**झारखंड** हाइकोर्ट ने पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम-1996 के तहत पेसा नियमावली लागू करने को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार का पक्ष सुना. पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि पेसा नियमावली कब लागू होगी. इस बाबत खंडपीठ ने शपथ पत्र के माध्यम से राज्य सरकार को स्पष्ट जवाब दायर करने का निर्देश दिया. साथ ही बालू घाटों व लघु खनिजों के आवंटन पर पूर्व में लगी रोक (अंतरिम आदेश) को बरकरार रखा. मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने 18 दिसंबर की तिथि निर्धारित की.

राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दायर किया गया. अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा. उन्होंने नियमावली लागू करने के लिए सरकार को और समय देने का आग्रह किया. वहीं प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार व अधिवक्ता तान्या सिंह ने पक्ष रखते हुए खंडपीठ को बताया कि राज्य सरकार की ओर से दायर शपथ पत्र में पेसा नियमावली को लागू करने के लिए कोई स्पष्ट जवाब दायर नहीं किया गया है. शपथ पत्र में यह भी नहीं बताया गया है कि नियमावली किस स्टेज में है.

**झारखंड में मनरेगा की रफ्तार धीमी, वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य की पूर्णता दर 94 प्रतिशत थी**

# चार वर्षों में कार्य पूर्णता दर में 81.26% आयी गिरावट

**विशेष**

**सानू दत्ता, पाकुड़**

**भुगतान में देरी, फंड संकट व कमजोर मॉनिटरिंग को बताया जा रहा मुख्य कारण**



**कार्य पूर्णता में गिरावट**

| वित्तीय वर्ष | गिरावट दर |
|---|---|
| 2022-23 से 2023-24 | 31.46% |
| 2023-24 से 2024-25 | 19.18% |
| 2024-25 से 2025-26 | 30.80% |

**साल-दर-साल कार्य पूर्णता दर**

| वित्तीय वर्ष | कार्य पूर्णता दर |
|---|---|
| 2022-23 | 94.04% |
| 2023-24 | 62.98% |
| 2024-25 | 43.96% |
| 2025-26 | 13.14% |

**झारखंड** में मनरेगा योजनाओं की कार्य पूर्णता दर में लगातार चार वर्षों से भारी गिरावट दर्ज की जा रही है. जहां 2022-23 तक मनरेगा कार्यों की समाप्ति दर बेहद संतोषजनक थी, वहीं बाद के वर्षों में यह तेजी से गिरकर 2025-26 में 13.14% पर आ गयी है. चार वर्षों में कुल 81.26% की गिरावट देखी गयी है. वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा. इस वर्ष 94.38% कार्य पूरे हुए. इसके बाद कार्य पूर्णता दर में गिरावट शुरू हो गयी. वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह घटकर 62.98% रह गयी, यानी एक वर्ष में 31.46% की कमी दर्ज की गयी. इसके बाद 2024-25 में भी यह और घटकर 43.96% रह गयी. वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के तहत मात्र 13.14% कार्य ही पूरे हो पाये.

मनरेगा की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि हर नया वित्तीय वर्ष पिछले वर्ष से कमजोर साबित हो रहा है. इस वर्ष 6.05 लाख नये मनरेगा कार्य शुरू हुए, लेकिन केवल 78,418 ही अब तक पूरे हो सके हैं. **बाकी पेज 07 पर**

### मनरेगा का उद्देश्य हो रहा प्रभावित

विशेषज्ञों का मानना है कि मनरेगा ग्रामीण मजदूरों के लिए एक बड़ी सहायक योजना है, लेकिन कार्य पूर्णता दर में लगातार गिरावट ने उनकी परेशानियां बढ़ा दी हैं. इससे मजदूरों को कम दिनों का रोजगार मिल रहा है, जिससे उनकी आय पर असर पड़ रहा है. पंचायतों में अधूरे कार्यों की शिकायतें बढ़ रही हैं. विशेषकर 2025-26 में कई जिलों में न्यूनतम कार्य पूर्णता दर्ज की गयी, जो मनरेगा के मूल उद्देश्य को प्रभावित कर रही है.

## केंदुआडीह में जहरीली गैस से एक और महिला की मौत

**वरीय संवाददाता, धनबाद/केंदुआ**

**800 पीपीएम से अधिक कार्बन मोनोऑक्साइड का रिसाव, इलाके में दहशत**

**धनबाद** के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के राजपूत बस्ती में जहरीली गैस का रिसाव दूसरे दिन भी जारी रहा. प्रभावित इलाके में दूसरे दिन गुरुवार को एक और महिला ललिता देवी की मौत हो गयी. कई लोग बीमार हो चुके हैं. हालांकि महिला की मौत गैस से हुई है या नहीं इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो सकती है. दूसरी तरफ, उपायुक्त आदित्य रंजन ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की है. साथ ही बीसीसीएल प्रबंधन को प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए तत्काल टेंट सिटी बनाने को कहा है. जिला प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थानीय स्कूल को तत्काल बंद करा दिया है. गैस रिसाव के कारण बुधवार को प्रियंका देवी की मौत हो गयी थी.

**ग्रामीणों का आक्रोश भड़का :** गुरुवार सुबह जैसे ही गैस रिसाव से दूसरी महिला की मौत की सूचना मिलते ही प्रभावित लोग सड़क पर उतर गये. धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग को सड़क पर टायर जलाकर जाम कर दी. लोगों ने बीसीसीएल और जिला प्रशासन पर कठोर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया गया.

# ठंड में बीपी और शुगर मरीजों में बढ़ जाता है ब्रेन स्ट्रोक का खतरा: डॉ संजय

**हेल्थ काउंसेलिंग**

**देवघर.** बदली जीवनशैली और युवाओं की स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही अब गंभीर बीमारियों का रूप ले रही है. यह कारण है कि आज के युवा वर्ग 25 से 30 की उम्र में शुगर व बीपी के चपेट में आ रहे हैं, उक्त बातें शहर के जाने-माने फिजिशियन डॉ संजय कुमार ने प्रभात खबर की ओर से आयोजित हेल्थ काउंसलिंग : टॉक टू डॉक्टर कार्यक्रम में यह बात कही. उन्होंने कहा कि आज के युवा अनियमित दिनचर्या, व्यायाम नहीं कर पाने, असंतुलित खानपान और तनावपूर्ण जीवन की वजह से समय से पहले ही बीमार हो रहे हैं. ऐसे लोगों को हृदय संबंधी बीमारियां, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज तेजी से प्रभावित कर रही हैं. ऐसे में जीवनशैली में सुधार और नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी है. उन्होंने कहा कि शुगर और बीपी साइलेंट किलर है, एक बार हो गया तो ठीक तो नहीं होता है, लेकिन इसे कंट्रोल कर रख सकते हैं. इसके लिए नियमित व्यायाम, शुगर के मरीज को नियमित दवा, धूम्रपान नहीं कराना चाहिए. डॉ संजय ने बताया कि ठंड का मौसम बीपी और शुगर मरीजों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि इस मौसम में ब्रेन स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है. ऐसे लोगों को घर से निकलने से पहले गर्म कपड़े पहने. साथ ही धूप होने के बाद ही घर से बाहर निकले. इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर लोगों के सवालों पर परामर्श दिये.

## प्रभात खबर के टॉक टू डॉक्टर कार्यक्रम में जनरल फिजिशियन डॉ संजय कुमार ने दिये परामर्श



हेल्थ काउंसेलिंग में लोगों के सवालों का जवाब देते डॉ संजय कुमार.

**सवाल :** दो दिनों से खांसी है, गले में दर्द भी हो रहा है.

**विक्रम कुमार, डाबरग्राम**

**सलाह :** ठंड से बचें, गर्म पानी का उपयोग करें. गर्म पानी में नमक डाल कर गार्गल करें, ठीक हो जायेगा.

**सवाल :** सात-आठ दिनों से खांसी और सर्दी है, मेरी पत्नी को भी सर्दी है और अक्सर होती रहती है.

**राजीव रंजन, दुमका**

**सलाह :** लगातार खांसी- सर्दी होना एलर्जी के कारण हो सकता है या इस्नोफीलिया के कारण. खून की जांच करायें और चिकित्सक से संपर्क करें. फिलहाल एंटी एलर्जी और कफ सिरप लें, ठीक हो जायेगा. ठंड से बचाव जरूरी है.

**सवाल:** गले में दर्द हो रहा है, चार दिनों बुखार भी है.

**रोशन तिवारी, जसीडीह, सिमरिया**

**सलाह :** ठंड के कारण हो रहा है. गर्म पानी से गार्गल करें, एंटी एलर्जी की दवा लें, ठीक हो जायेगा.

**सवाल :** सिर में दर्द रहता है, भारी- भारी सा लगता है, बुखार और खांसी रहता है.

**मनीष कुमार, सरैयाहाट, दुमका**

**सलाह :** मलेरिया और टाइफाइड की जांच कर चिकित्सक से संपर्क करें, क्योंकि लक्षण ऐसा ही है.

**सवाल:** शुगर और बीपी है. दिव्यांग भी हैं. क्या बीपी और शुगर ठीक नहीं हो सकता है.

**भानु प्रसाद राउत, रामपुर, देवघर**

**सलाह:** शुगर और बीपी को ठीक नहीं किया जा सकता है, इसे नियमित दवा लेकर कंट्रोल किया जा सकता है. दिव्यांग हैं इस लिए इसे और ध्यान देने की जरूरत है. कंट्रोल रखें.

**सवाल :** बार- बार सिर में दर्द रहता है. दोपहर एक बजे के बाद अधिक होता है.

**नीरज यादव, चौपा मोड़, देवघर**

**सलाह:** ठंड के कारण भी हो सकता है. बीपी और शुगर की जांच करा कर चिकित्सक से संपर्क करें.

**सवाल:** मेरे पति को शुगर है, क्या आयुर्वेद से इसका इलाज है.

**खुशबू कुमारी, मधुपुर**

**सलाह:** आयुर्वेद का कोई डोज नहीं होता है. किसी आयुर्वेद चिकित्सक से संपर्क करना पड़ेगा. वैसे शुगर को कंट्रोल के लिए एलोपेथिक की दवा का नियमित सेवन कराना होगा.

**सवाल:** शुगर और बीपी है. पैर के तलवे में झनझनाहट होती है.

**प्रेमा कुमारी, देवघर**

**सलाह :** शुगर को कंट्रोल रखने के साथ विटामिन बी-12 की दवा लें, ठीक हो जायेगा. ठंड से बचाव करें.

**सवाल:** मेरा कुछ दिनों से दम फुलता है, इससे काफी बेचैनी हो जाती है.

**हेमलाल यादव, दुमका**

**सलाह:** ठंड में दम्मा के मरीजों को परेशानी होती हे. धूप निकलने के बाद ही घर से निकले. दवा का सेवन करते रहे, गुनगुने पानी पीयें. इनहेलर का उपयोग करें.

**सवाल:** मेरी एक डेढ़ साल की बच्ची है. आंख में कम दिखायी देता है. कमजोरी भी लगती है.

**नीलू, कृष्णापुरी, देवघर**

**सलाह:** ब्रेस्ट फिडिंग के कारण माताओं को आयरन व विटामिन की कमी हो जाती है. आयरन व मल्टी विटामिन की दवा लें ठीक हो जायेगा.

# राजाडीह चौक : दो बाइक टकरायी, अधेड़ की मौत

**प्रतिनिधि, जसीडीह**

थाना क्षेत्र के राजाडीह चौक के समीप गुरुवार की रात को दो मोटरसाइकिलों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी. घटना में एक बाइक हीरो पेंशन प्रो के चालक की मौत हो गयी. शव की पहचान मधुपुर थाना क्षेत्र के केसरगढ़ा निवासी 56 वर्षीय शंकर दास के रूप में हुई है. अधेड़ की मौत घटनास्थल पर ही हो गया. घटना की सूचना थाना को मिलते ही थाना से पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले गया. जानकारी के अनुसार, गुरुवार को मृतक देवघर के अस्पताल में अपने रिश्तेदार का इलाज कराने के बाद अपनी बाइक हीरो पेंशन प्रो पर सवार होकर अपनी समधी देवीपुर थाना क्षेत्र के सूर्याबांधी गांव जा रहा था, जो अपने समधी के घर तिलक समारोह में जा रहा था. इसी दौरान उक्त स्थान पर सामने से तेज व लापरवाही गति से आ रही हीरो स्पलेंडर प्लस जेएच 15एएम 1126 के चालक ने धक्का मार दिया. इससे वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना थाना को दी. सूचना मिलते ही थाना से एएसआइ उमेश पांडे जवान के साथ पहुंचे और घायल को उठा कर अस्पताल ले गये, जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. घटना में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी है. घटना की जानकारी मृतक के दामाद पथरहट्टा ओपी क्षेत्र के छाताकुरुम निवासी चुन्नु कुमार सहित परिवार के अन्य सदस्य को मिलने के बाद परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है. पुलिस ने एक बाइक को जब्त कर थाने ले गयी.

## एसपी ने चार घंटे तक साइबर थाना में की समीक्षा, अपराध पर नकेल कसने में जुटे

# साइबर ठगी के मॉड्यूल और नेटवर्क को तोड़ने की बनायी गयी रणनीति

- साइबर ठगी के बढ़ते संगठित नेटवर्क पर विशेष चर्चा हुई
- अवैध संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया और अनुसंधान गुणवत्ता पर जोर
- कोर्ट में सजा सुनिश्चित करने हेतु ठोस साक्ष्य जुटाने के निर्देश

**वरीय संवाददाता, देवघर**



साइबर थाने में समीक्षा करते एसपी सौरभ व मौजूद साइबर डीएसपी राजा मित्रा सहित अन्य.

एसपी सौरभ गुरुवार दोपहर करीब 12.00 बजे साइबर थाना पहुंचे और करीब चार घंटे तक विभिन्न साइबर मामलों की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने चल रहे केसों की प्रगति, ठगी के बढ़ते मॉड्यूल और आरोपितों के नेटवर्क को समझते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली. समीक्षा के दौरान एसपी ने साइबर अपराध को रोकने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर जोर दिया और कहा कि जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चल रही कार्रवाई को और सुदृढ़ किया जायेगा. एसपी ने विभिन्न केस फाइलें खंगालीं और यह जाना कि साइबर ठगी के पीछे किस तरह संगठित गिरोह सक्रिय हैं. उन्होंने अनुसंधान की समय सीमा और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया, ताकि आरोपितों के खिलाफ ठोस साक्ष्य के आधार पर कोर्ट से सजा सुनिश्चित की जा सके. साथ ही आरोपितों द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से समीक्षा की गयी. एसपी ने यह भी पूछा कि कौन से केस में किन-किन अधिकारियों को डिप्लॉय किया गया है और आगे किस दिशा में कार्रवाई की जानी है. एसपी ने स्पष्ट कहा कि अनुसंधान तेज किया जायेगा और लंबित मामलों पर विशेष फोकस होगा. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर केस में तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल साक्ष्य को मजबूत किया जाये, ताकि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और प्रभावी बने. एसपी ने विगत पांच साल के आरोप पत्रित साइबर अपराधियों के भौतिक सत्यापन करने, अन्य राज्यों से समन्वय कर साइबर आरोपितों के सत्यापन, संदिग्ध साइबर अपराधियों को बैंक एकाउंट व सिमकार्ड उपलब्ध कराने वालों के विरुद्ध सूचना संकलन कर निगरानी करते हुए कार्रवाई, साइबर प्रभावित क्षेत्रों में टीओपी स्थापना के संबंध में आग्रेतर कार्रवाई, आरोप पत्रित साइबर अपराधियों के विरुद्ध थाना हाजिरी व सीसीए प्रस्ताव समर्पित करने, साइबर अपराध की रोकथाम के लिए पोस्टऑफिस व सीएसपी संचालकों के साथ बैठक करने और साइबर प्रभावित क्षेत्रों में सघन गश्ती कर जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया. बैठक में साइबर डीएसपी राजा मित्रा, साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेश भगत समेत अन्य इंस्पेक्टर आदि मौजूद थे.

# सड़क हादसों में नौ लोग घायल

**देवघर.** 24 घंटे के दौरान अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में कुल नौ लोग घायल हो गये, जिसमें कई की हालत गंभीर है. गुरुवार शाम में रिखिया थाना क्षेत्र में टेंपो के धक्के से बाइक सवार दो लोग घायल हो गये. घटना के बाद घायल पहरीडीह गांव निवासी सूरज तुरी व लोढ़िया गांव निवासी प्रदेशी तुरी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जानकारी के मुताबिक, घटना के पूर्व दोनों बाइक से देवघर आ रहे थे, तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया. घटना में सूरज का पैर कटकर अलग हो गया. उसकी हालत गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया गया. दूसरी घटना में कुंडा थानांतर्गत तितमो मोड़ के पास बाइक ने साइकिल सवार मजदूर झारखंडी गांव निवासी उपेंद्र यादव को धक्का मार दिया. तीसरी घटना में कुंडा थाना क्षेत्र के कुंडा मोड़ पर बाइक-बाइक की टक्कर में तीन घायल हो गये. घटना में कटोरिया निवासी नितेश कुमार, आयुष कुमार व अमित कुमार घायल हो गये. तीनों बिलासी टाउन में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करते हैं. एक ही बाइक में तीनों सवार होकर ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे, तभी सामने से आ रही बाइक में टक्कर हो गयी. घटना के बाद तीनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया. उधर, चितरा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में वीरमाटी गांव निवासी जोसना देवी व देवघर में हुए सड़क हादसे में अजय विश्वकर्मा घायल हो गये. सीमावर्ती चकाई थाना क्षेत्र में ऑटो-टोटो की टक्कर में नगर थाना क्षेत्र के हिरना निवासी आजाद अंसारी घायल हो गये.

## सिटी बाइट्स

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**देवघर.** सड़क हादसे में घायल देवीपुर इलाके के एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान बुधवार रात को सदर अस्पताल में मौत हो गयी. ऑन ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर बैद्यनाथधाम ओपी की पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर मामले की जांच की, लेकिन बिना पोस्टमार्टम कराये ही परिजन रात को ही मृतक का शव लेकर घर निकल गये. इस संबंध में परिजनों ने एक लिखित आवेदन बैद्यनाथधाम ओपी में देकर पोस्टमार्टम नहीं कराने का आग्रह किया. अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम सरयू महतो (60 वर्ष) है, जो देवीपुर थाना क्षेत्र के काशीडीह गांव के रहने वाले थे. सड़क हादसे में घायल होने के बाद उन्हें दो दिसंबर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

### बाबा मंदिर में महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी

**देवघर.** बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान एक महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी होने का मामला सामने आया है. घटना के संबंध में धनबाद जिले के झरिया निवासी नीरज यादव ने मंदिर कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करायी है. पीड़ित ने बताया कि पत्नी चंचल देवी के साथ वह बाबा मंदिर में पूजा करने आया था. इस दौरान अज्ञात चोर के द्वारा मंगलसूत्र की चोरी कर ली गयी. इसके बाद शिकायत कंट्रोल रूम में दी, तो वहां मौजूद पुलिस पदाधिकारी ने कई बार माइक से अनाउंस भी कराया, लेकिन मंगलसूत्र का कुछ पता नहीं चला. श्रद्धालु ने अपनी शिकायत दान काउंटर पर रखी शिकायत पुस्तिका में दर्ज कर दी है.

### रढिया गांव में करंट से वृद्धा झुलसी

**देवघर.** रिखिया थाना क्षेत्र के रढिया गांव में करंट से एक वृद्ध महिला झुलस गयी. घटना के बाद पार्वती देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ऑन ड्यूटी ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें वार्ड में भर्ती कर दिया. घटना के संबंध में पार्वती के पुत्र जवाहर यादव ने बताया कि सभी लोग धान काटने खेत में गये थे. उसकी मां घर में अकेली थी. भीगा हुआ कपड़ा बिजली के तार पर सूखने के लिए गलती से दे रही थी, तभी बिजली के करंट की चपेट में आ गयी.

### छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

**देवघर.** नगर थाने की पुलिस ने एक छेड़खानी कांड के आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कराया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर थाना कांड संख्या 516/25 के आरोपित बिहार अंतर्गत बांका जिले के कटोरिया भैरोगंज निवासी पीयूष कुमार को गिरफ्तार किया गया.

### चार आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में किया रिहा

**देवघर.** सीजेएम दिव्या मिश्रा की अदालत में चल रहे जीआर केस की सुनवाई पूरी गयी. इसके बाद नामजद चार आरोपितों दीपक कुमार शर्मा, आत्मा राम, धनंजय कुमार सिंह एवं राम लोचन सिंह को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया. सभी बिहार के रहनेवाले हैं. यह मुकदमा तत्कालीन थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहु के बयान पर नगर थाना में आठ अप्रैल 2009 को केस दर्ज हुआ था, जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू रहने के बावजूद भी एक होटल में काफी संख्या में लोग जमा हुए थे. पुलिस द्वारा जांच के दौरान आरोपितों से पिस्टल बरामद हुआ और चारों को नामजद आरोपित बनाया. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से दो लोगों ने गवाही दी, लेकिन किसी भी गवाह ने घटना की पुष्टि नहीं की. इस मामले में 16 वर्ष सात माह के बाद फैसला आया.

# ओपीडी में 30 फीसदी तक बढ़े सर्दी-खांसी के मरीज, बच्चे-बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित



**संवाददाता, देवघर**

जिले में बढ़ती ठंड का असर दिखने लगा है. ठंड से सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों और बुजुर्गों में दिख रहा है, बच्चों व बुजुर्गों में सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार और अस्थमा की शिकायतें मिल रही है. जिले में सुबह-शाम ठंड ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है. इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर हो रहा है. सदर अस्पताल के ओपीडी में पिछले कुछ दिनों से ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. चिकित्सकों के अनुसार बच्चों में वायरल इंफेक्शन, निमोनिया और एलर्जी से संबंधित परेशानी देखने को मिल रही है. जबकि बुजुर्गों में सांस लेने में दिक्कत और जोड़ों के दर्द की शिकायत हो रही है. चिकित्सकों के अनुसार ठंड के समय रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है. स्वास्थ्य विभाग अनुसार जिला में सरकारी व निजी अस्पताल के ओपीडी में सामान्य दिनों की अपेक्षा 25 से 30 प्रतिशत अधिक ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है. विशेषज्ञों के अनुसार छोटे बच्चों को इससे बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने व गुनगुने पानी का सेवन कराने तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों से दूर रखने की सलाह दी गयी है. जानकारी के अनुसार, बीते दिनों जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने भी इस मौसम से बचाव के लिए लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है.

# कोरडीहा में 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत, 16 टीमों ने लिया है हिस्सा



**सारवां .** सारवां प्रखंड क्षेत्र की नारंगी पंचायत के कोरडीहा मैदान में 10 दिवसीय मिथिलेश सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन गुरुवार को किया गया. टूर्नामेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायतीराज पदाधिकारी रणवीर कुमार सिंह, बीडीओ रजनीश कुमार, थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, संत जेलो पब्लिक स्कूल के निदेशक डा अजय कुमार सिंह, मुखिया ललन मिश्रा, पूर्व मुखिया परशुराम वर्मा, शिवनारायण वर्मा के अलावा शिक्षाविद् अध्यक्ष रामसेवक गुंजन ने संयुक्त रूप से किया. जानकारी देते हुए आयोजक समिति के साकेत सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया. पहला मुकाबला सतीश फाइटर और देवान बाबा फाइटर के बीच हुआ, जिसमें सतीश फाइटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 199 रन का लक्ष्य रखा. जवाबी पारी खेलने उतरी देवान बाबा फाइटर के खिलाड़ी 165 रन बना पाये . दूसरा मुकाबले में जेइ इलेवन बनाम शिव इलेवन के बीच खेला गया. जिसमें जेइ इलेवन ने 177 रनों का लक्ष्य रखा जवाबी पारी खेलते हुए शिव इलेवन की टीम 138 रन बनाकर आउट हो गयी .टूर्नामेंट को सफल बनाने में विकास कुमार, प्रेम विवेक, नितेश कुमार, सरोज सिंह, सोनू झा, साकेत सिंह,कन्हैया यादव, ललित झा, टिंकू झा, संजय सिंह, विक्रम सिंह, बिट्टु, दीपक झा, विकास कुमार राउत, गोलू अमन आदि ने अहम भूमिका निभायी.

## सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग 2025 : केकेएन स्टेडियम में हुए रोमांचक मुकाबले

# मां मनसा रेड व सिद्धार्थ इलेवन विजयी

**वरीय संवाददाता, देवघर**



सुपर डिवीजन मैच की विजेता मां मनसा रेड की टीम .

जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग-2025 के तहत गुरुवार को केकेएन स्टेडियम में खेले गये दो मुकाबले रोमांच से भरपूर रहे. ग्रुप-बी के पहले मैच में एसपीएस व मां मनसा रेड के मैच में मां मनसा रेड तीन विकेट से जीत दर्ज की. पहले बल्लेबाजी करते हुए एसपीएस की टीम 31.2 ओवर में 174 रन पर ऑलआउट हो गयी. टीम के लिए जुनैद ने 61, आर्यन ने 41 व सचिन ने 26 रन बनाये. मां मनसा रेड के प्रत्यूष ने 5.2 ओवर में 18 रन देकर चार विकेट चटकाये. आदर्श ने भी दो विकेट लेकर एसपीएस की बल्लेबाजी को बड़ा स्कोर बनाने से रोका. लक्ष्य का पीछा करने उतरी मां मनसा रेड ने 33.1 ओवर में 179 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया. टीम के लिए प्रत्यूष कपूर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली, निखिल ने 38 व अभय ने 30 रन का योगदान दिया. एसपीएस की ओर से यश सिंह ने चार विकेट झटके. वहीं बी डिवीजन के पहले मुकाबले में सिद्धार्थ-इलेवन ने वीएसए-इलेवन को 36 रनों से हराया. सिद्धार्थ-इलेवन ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 115 रन बनाये. जवाब में वीएसए-इलेवन की टीम 79 रन पर सिमट गयी. टीम के सिद्धार्थ ने तीन, पल्लव व अंकित ने दो-दो विकेट हासिल किये. अंपायरिंग की भूमिका हिमांशु शेखर, खुशहाल शेख, हर्ष कुमार व किशन कुमार ने तथा स्कोरर की भूमिका अभिषेक व शैलेश ने निभायी.

**अभिनव के 74 व रजनीश के शतक ने बांधा रोमांच, कैंब्रिज-वन व ब्लू स्टार का मैच टाई :** बी डिवीजन अंडर-14 ग्रुप का दूसरा मैच जसीडीह स्थित चटर्जी मैदान पर खेला गया. इस मुकाबले में दर्शकों को आखिरी गेंद तक रोमांच देखने को मिला. कैंब्रिज-वन तथा ब्लू स्टार के बीच हुआ यह मैच रोमांचक अंदाज में टाई पर समाप्त हुआ. कैंब्रिज-वन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 170 रन बनाये. टीम के लिए अभिनव ने शानदार 74 रन ठोके, जबकि अभिनव यादव ने 20 रनों की उपयोगी पारी खेली.ब्लू स्टार की ओर से प्रणीत ने एक ओवर में सात रन देकर दो विकेट, रजनीश ने 24 रन देकर एक व अनमोल ने 28 रन देकर एक विकेट झटके. उसके जवाब में ब्लू स्टार ने भी बेहतरीन जुझारूपन दिखाया और 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 170 रन बनाकर मैच को बराबरी पर ला दिया. टीम के रजनीश ने 19 चौकों की मदद से दमदार 102 रनों की पारी खेली. कैंब्रिज-वन की ओर से हिमांशु, बादल व कृष्णा ने दो-दो विकेट हासिल करने में सफलता पायी.

# जामताड़ा में गर्भवती की मौत खागा की थी रहनेवाली

- परिजनों ने सदर अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप

> सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने बताया कि भर्ती के समय बच्चे का हार्ट साउंड नहीं मिल रहा था. अल्ट्रासाउंड के लिए भेजे जाने के बाद ही मरीज की मौत हो गयी. - **डॉ डीसी मुंशी, डीएस**

**संवाददाता, जामताड़ा**

सदर अस्पताल में गुरुवार की शाम प्रसव कराने आई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी. मृतका के परिजन का आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही से उनकी जान गयी. बताया जाता है कि देवघर जिले के खागा थाना क्षेत्र के ताराबाद गांव की मोनिका कुमारी (22) को प्रसव कराने गुरुवार दोपहर एक बजे निजी वाहन से सदर अस्पताल लाया गया, जिसके बाद प्रसव वार्ड लाया गया. शाम 4 बजे महिला चिकित्सक ने अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी. हालांकि, जब मरीज को नजदीक के एक निजी डायग्नोसिस सेंटर ले जाया गया, तो वहां चिकित्सक की ड्यूटी समाप्त हो चुकी थी. बिना अल्ट्रासाउंड किए मोनिका कुमारी को वापस अस्पताल के प्रसव कक्ष में भर्ती किया गया. दो घंटे बाद शाम छह बजे परिजनों को सूचना दी गयी कि गर्भवती की मौत हो गयी है. पति गौतम कुमार महतो ने बताया कि उनकी पत्नी अस्पताल में स्वस्थ थी और अल्ट्रासाउंड के लिए ट्राई साइकिल से जाने-आने के दौरान भी कोई परेशानी नहीं थी. कहा, यदि किसी प्रकार की समस्या थी तो चिकित्सक को रेफर कर देना था. परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है.

प्रभात खबर क्लासिफाइड
जरुरत आपकी, माध्यम हमारा

शपथ पत्र
AFFIDAVIT

मैं, रूपेश कुमार उम्र 31 वर्ष पिता–सिकेन्दर राय, निवासी मोहल्ला–खिजुरिया, वार्ड नं0–17, बुद्धा कॉलोनी, बी0 देवघर, थाना, सबडिविजन व जिला–देवघर (झारखण्ड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता हूँ कि :–
1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि, मेरा वास्तविक नाम रूपेश कुमार पिता का नाम–सिकेन्दर राय तथा जन्मतिथि 31/12/1994 है जो मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन इलाहाबाद द्वारा अखिल भारतीय मजदूर कल्याण सेवा संघ माध्यमिक सह महाविद्यालय, करनीबाद, देवघर माध्यमिक सह महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद प्रमाण पत्र तथा अंक पत्र में दर्ज है।
3. यह कि, मेरे आधार कार्ड सं0–2880 7956 2263 में मेरा नाम रूपेश राय, पिता का नाम सिकंदर राय तथा जन्मतिथि 01/09/1993 दर्ज है जो गलत है।
4. यह कि, मेरा वास्तविक नाम रूपेश कुमार, पिता का नाम सिकेन्दर राय तथा जन्मतिथि 31/12/1994 है।
5. यह कि, मुझे अपने आधार कार्ड में अपना नाम, पिता का नाम तथा जन्मतिथि गलत अंकित है जिसके सुधार हेतु शपथ पत्र निष्पादित किया।
6. यह कि, मैं यह शपथ पत्र अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र के आधार पर आधार कार्ड में त्रुटि के सुधार हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।
7. यह कि, उपरोक्त लिखी सारी घोषणाएँ मेरी जानकारी व विश्वास में सत्य और सही है।
शपथ पत्र सं0 9759, दिनांक 03.12.2025

किराये पर
TO-LET

रांची में लीज पर जमीन उपलब्ध
12 कट्ठा खाली जमीन (8640sq.ft) मनन विद्या स्कूल के बगल में, जुमार पुल के पास, on रोड, NH-33 पर रांची में लीज पर उपलब्ध है.
होटल / हॉस्पिटल / शोरुम / मार्ट के लिए उपयुक्त.
इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें - 9771410004, 7488626103

आवश्यकता WANTED

Indian Security को खड़गपुर हेतु सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर की आवश्यकता. न्यूनतम योग्यता- मैट्रिक, वेतनमान : 17000 - 25000 तक. M-7061866007, 7061855007.
C-18552(RNC)

24x7 Security Services को आदित्यपुर, गम्हरिया, टेल्को, मानगो, जमशेदपुर हेतु अनुभवी सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर की आवश्यकता है. सम्पर्क करें -आदित्यपुर + गम्हरिया - 7004890934, 8910713712, मानगो - 8677944448 जमशेदपुर - 6206803901, टेल्को - 7004129370, 7360061003.
C-26011(JSR)

मेडिकल
MEDICAL

गुप्त एवं यौन रोग
जब है समाधान... क्यों है परेशान ?
जीवन ज्योति® हेल्थ क्लीनिक
विगत 40 वर्षों से सफलतापूर्वक गुप्त एवं यौन रोगों का आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के द्वारा जाँच एवं आयुर्वेदिक और युनानी पद्धति द्वारा सम्पूर्ण इलाज
पुरूष शक्ति, धातु रोग, स्वपन दोष शीघ्र पतन, नपुंसकता, कमजोरी सिफलिस, सुजाक, बांझपन आदि।
धनबाद : प्रत्येक माह 21 से 27
होटल पुनम, बैंक मोड़
डी.ए.वी. स्कूल रोड, दरी मोहल्ला
9835551212, 9431113166

जमीन–जायदाद
REAL ESTATE

20 Dismil Commercial Land in Black Road, (Ranchi - Gumla Road) for Sale in Bazra, Opposite DAV Hehal, Ranchi, Jharkhand. M-9801327365.
C-18890(RNC)

रांची में 3 डिसमिल जमीन, बिक्री हेतु रांची - गुमला हाइवे में एक प्लॉट पीछे, DAV हेहल, बजरा के सामने. M-9801327365.
C-18559(RNC)

नोटिस
हम विज्ञापनदाताओं के द्वारा दी गयी सूचना पर विज्ञापन प्रकाशित करते हैं, जिसकी सत्यता की जांच नहीं हो पाती है. अत: पाठकों से अनुरोध है कि किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों की सत्यतता की स्वयं जांच–परख कर लें. ग्राहकों के द्वारा पैसा भेजने, किसी भी तरह के चिकित्सीय सलाह एवं नौकरी–पेशा से संबंधित विज्ञापनों एवं उनके सेवाओं के दावे से किसी भी व्यक्ति को होनेवाले हानि अथवा परिणाम के लिए प्रकाशक का कोई भी दायित्व नहीं होगा.
विज्ञापन प्रबंधक

शहरों का तापमान | देवघर : अधिकतम 23.0°C न्यूनतम 12.0°C | दुमका : अधिकतम 24.0°C न्यूनतम 13.0°C

prabhatkhabar.com

प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन
प्रभात खबर लेकर आया है देश दुनिया, आपके राज्य व शहर की ताजातरीन खबरें.
क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपडेट रहें.
www.prabhatkhabar.com
प्रभात खबर की वेबसाइट पर जाएं और यूट्यूब चैनल youtube.com/@PrabhatKhabartv सब्सक्राइब करें.

आक्रोश. एयरपोर्ट प्रबंधन की लापरवाही से हवाई यात्रियों को हुई परेशानी

# दिल्ली में छूटा 35 यात्रियों का लगेज देवघर एयरपोर्ट पर किया हंगामा

- राजस्थान के तीन यात्रियों को कुंडा थाना लाकर की गयी पूछताछ माफीनामा पर छूटे

वरीय संवाददाता, देवघर

दिल्ली से देवघर आने वाली बुधवार शाम की फ्लाइट के यात्रियों को फिर एक बार परेशानी का सामना करना पड़ा. करीब 35 यात्रियों का लगेज दिल्ली में ही छूट गया, जिसके बाद देवघर एयरपोर्ट पर यात्रियों का गुस्सा भड़क उठा तथा रात को हंगामा भी किया. इस दौरान कई यात्री एयरपोर्ट पर प्रतिबंधित एरिया में पहुंचकर हंगामा करने लगे. एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा मामले में सख्ती बरतते हुए राजस्थान के तीन यात्रियों को पकड़कर कुंडा थाने की पुलिस के हवाले किया गया. उन तीनों यात्रियों को बुधवार रात से गुरुवार दोपहर तक कुंडा थाने में रखकर पूछताछ की गयी. बुधवार दोपहर बाद करीब चार बजे यात्रियों ने माफीनामा लिखकर कुंडा थाने में दिया, तब उन तीनों यात्रियों को छोड़ा गया. तीनों पीड़ित यात्रियों ने बताया कि उनलोगों का लगेज भी दिल्ली में छोड़ दिया गया और उल्टे उन तीनों को ही पुलिस के हवाले कर करीब 20 घंटे तक थाने में बैठाया गया.

यात्रियों के मुताबिक, हाल के दिनों में अक्सर यात्रियों का सामान छूट जा रहा है. यात्री तो निर्धारित पड़ाव पर पहुंच जा रहे हैं, लेकिन उनलोगों का लगेज छूट जा रहा है. इसमें किसकी गलती है, उसे चिह्नित कर कार्रवाई करनी चाहिए. जानकारी के मुताबिक, राजस्थान के जयपुर निवासी यात्री रामबाबू शर्मा, पवन छिपा व सुरेश सड़क मार्ग से बुधवार को दिल्ली पहुंचे. वहां दिल्ली एयरपोर्ट से इंडिगो फ्लाइट में देवघर एयरपोर्ट तक उनलोगों का टिकट था. चेक इन करने के बाद लगेज बुकिंग काउंटर पर जमा कर दिया और फ्लाइट में बैठे. फ्लाइट निर्धारित समय से खुलने में कुछ विलंब हुआ. बताया गया कि लगेज आ रहा है. इसके बाद देवघर एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद पता चला कि लगेज दिल्ली में ही छूट गया है. इसके बाद वे लोग लगेज के बारे में पूछने पहुंचे, तो पीछे से अन्य करीब 35 यात्रियों ने पहुंचकर हंगामा करना शुरू कर दिया. अन्य सभी यात्री तो निकल गये, लेकिन उनलोगों को यह कहते हुए पकड़ लिया गया कि प्रतिबंधित एरिया में आकर हंगामा किये हैं. रात से ही तीनों को कुंडा थाने में बैठाकर रखा गया.



### दिल्ली से देवघर आने वाली इंडिगो की दोनों फ्लाइट रहीं रद्द, यात्री परेशान

**देवघर.** गुरुवार को दिल्ली से देवघर आने वाली इंडिगो की दोनों फ्लाइट रद्द कर दी गयी. दोपहर व शाम में दिल्ली से आने वाली फ्लाइट रद्द कर दिये जाने से हवाई यात्रियों को समस्या हुई. हालांकि बेंगलुरू, मुंबई व कोलकाता से इंडिगो की फ्लाइट सेवा अन्य दिनों के अनुसार रही. इन तीनों शहरों से फ्लाइट का आवागमन हुआ. गुरुवार को दिल्ली से देवघर फ्लाइट नहीं आने की वजह से बुधवार को जिन 35 इंडिगो यात्रियों का लगेज दिल्ली में छूट गया था उन लोगों का लगेज गुरुवार को भी देवघर नहीं आ पाया. इससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई.

## सिटी बाइट्स

### साइबर ठगी करता युवक गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

**देवघर.** साइबर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर करौं थाना क्षेत्र के नागादरी गांव में छापेमारी कर साइबर ठगी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार साइबर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. उक्त मामला एसआइ सूरज कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया है. दर्ज मामले में जिक्र है कि गुप्त सूचना मिली कि करौं थाना क्षेत्र के नगादरी में कुछ साइबर अपराधी जमा होकर लोगों को झांसे में लेकर ठगी का शिकार बना रहे हैं. इंस्पेक्टर त्रिलोचन तामसोय के नेतृत्व में छापेमारी की गयी. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नगादरी गांव निवासी इजहार अंसारी को धर दबोचा. आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन व एक सिमकार्ड बरामद किया गया. पूछताछ में आरोपित ने साइबर ठगी में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है.

### तीन साइबर संदिग्धों से पुलिस कर रही पूछताछ

**देवघर.** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन साइबर संदिग्धों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिये जाने का मामला सामने आया है. इन साइबर संदिग्धों के पास से पुलिस ने मोबाइल, सिमकार्ड आदि भी बरामद किया है, जिसमें क्राइम लिंक का पता लगाया जा रहा है. हालांकि इस संबंध में कोई भी पदाधिकारी कुछ नहीं बता रहे हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, एक साइबर संदिग्ध को जसीडीह थाना क्षेत्र से व दो साइबर संदिग्धों को मधुपुर से पकड़े जाने की चर्चा है.

### दो पक्षों में विवाद, महिला से मारपीट व छिनतई का आरोप

**मोहनपुर.** थाना क्षेत्र के मोरने गांव में बकरी द्वारा फसल चर जाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज व मारपीट तक पहुंच गयी. इस संबंध में पीड़ित पक्ष की अनीता देवी ने थाने में मामला दर्ज कराया है. इसमें बताया कि गांव के ही राहुल राय ने पहले गाली-गलौज किया और फिर रड से हमला कर उसे घायल कर दिया. आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने महिला के गले से सिकड़ी की छिनतई भी कर ली और उसके मोबाइल फोन को छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे मोबाइल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. पीड़िता ने कहा कि विवाद को शांत कराने के दौरान आरोपी लगातार मारपीट करता रहा और धमकी भी देने लगा.

### पॉक्सो एक्ट के आरोपित को संदेह का लाभ, रिहा

**देवघर.** एडीजे तृतीय सह पॉक्सो एक्ट स्पेशल जज राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत में चल रहे पॉक्सो केस की सुनवाई पूरी की गयी. इसके बाद नामजद आरोपित अमन कुमार उर्फ अमन वर्णवाल को संदेह का लाभ देते हुए रिहा कर दिया गया. आरोपित गिरिडीह जिले के महतपुर गांव का रहने वाला है, जो गावां थाना क्षेत्र में आता है. दर्ज मुकदमा के अनुसार, सूचक की नाबालिग पुत्री ट्यूशन के बहाने घर से निकली और वापस नहीं लौटी. इस संबंध में नाबालिग लड़की के पिता ने कुंडा थाना में मुकदमा दर्ज कराया. बाद में किशोरी बरामद हुई और अदालत में उसका बयान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज हुआ. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से पांच लोगों ने गवाही दी, लेकिन किसी भी गवाह ने घटना की पुष्टि नहीं की. अदालत ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनी, इसके बाद आरोपित को रिहा कर दिया.

### मारपीट में पिता-पुत्र घायल

**देवघर.** मधुपुर थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की घटना में पिता-पुत्र घायल हो गये. घटना के बाद परिजनों ने प्रकाश कुमार व उसके पुत्र चंदन कुमार मंडल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों को वार्ड में भर्ती करा दिया.

JAN. 2026 ADMISSIONS OPEN
AMITY UNIVERSITY — JHARKHAND —
Ph.D PROGRAMMES (Full Time/Part Time)
REGISTRATION OPEN FOR Ph.D PROGS. IN FOLLOWING AREAS:
• BIOTECHNOLOGY
• CHEMISTRY
• COMMERCE
• COMPUTER SC. & ENGG.
• INFORMATION TECHNOLOGY
• MANAGEMENT
• MATHEMATICS
• MECHANICAL ENGG.
• PHYSICS
Admission form available at www.amity.edu/phd
Apply by: 24th December, 2025
Be part of a Research & Innovation driven culture at Amity Group
Scopus H-Index (194) - A reflection of the quality of hi-end research
81 Faculty in the list of top 2% global scientists (Published by researchers of Stanford University)
40+ Ramalingaswami/Ramanujan Fellows at Amity - top young scientists funded by the Govt. to return to India from leading universities abroad
Faculty have filed 2,500+ patents & have been granted 450 patents
Faculty have developed 5,000+ Case Studies, bought by Harvard, MIT, Oxford, McKinsey, KPMG...
45,000+ Research papers published
1000+ Copyrights registered
35+ Hi-end Research Centres
500 Govt. funded research projects being conducted by researchers
2,500+ students pursuing Ph.D in path-breaking areas
300 Global Universities as Research Partners
HEC Core Capita Area, Murma, Naya Sarai, Block Negri, Ranchi
Helpline: 72-820-77771/2/3/4/5 | 72-820-77772

मधुपुर आसपास की खबरें पेज चार व पांच पर देखें

# एटीएम में फंसा कार्ड, मदद करने के बहाने बुजुर्ग के 30 हजार रुपये उड़ाया

वरीय संवाददाता, देवघर

- स्टेशन मोड़ स्थित पीएनबी एटीएम काउंटर में हुई घटना, पीड़ित ने साइबर थाने में दी शिकायत
- नगर थाना क्षेत्र के बावनबीघा निवासी से साइबर ठगी
- फर्जी हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करना पड़ा भारी

एटीएम में कार्ड फंसना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया और मदद के बहाने उनके खाते से 30 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गयी. पीड़ित ने साइबर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई कर रकम वापस दिलाने की मांग की है. जानकारी के अनुसार, नगर थाना क्षेत्र के बावनबीघा मुहल्ला निवासी महेश प्रसाद चौरसिया गुरुवार चार दिसंबर को दीनबंधु स्कूल के समीप बैद्यनाथधाम स्टेशन मोड़ स्थित पीएनबी एटीएम काउंटर में रुपये निकालने पहुंचे. उन्होंने जैसे ही मशीन में एटीएम कार्ड डाला वह फंस गया. काफी कोशिश के बावजूद कार्ड नहीं निकला, तो एटीएम काउंटर के दरवाजे पर एक कागज पर चिपके संपर्क नंबर देखा. उस पर लिखा था हेल्पलाइन नंबर. महेश ने उस नंबर पर कॉल कर अपनी समस्या बतायी, तो कॉल रिसिव करने वाले ने कहा कि कुछ देर में मशीन खोलकर कार्ड निकाल देंगे. इसके बाद उसने कहा कि दो नंबर बता रहे हैं, उसको मिलाकर पिन डालने को कहा. पिन डालने से उन्होंने इंकार किया तो खुद को एटीएम स्टाफ बताकर विश्वास में लिया. इसके बाद उन्हें बैंक जाकर शिकायत देने को कहा. एटीएम काउंटर से उनके निकलते ही कुछ देर में तीन बार में 10-10 हजार करके तीन बार में कुल 30 हजार रुपये की अवैध निकासी हो गयी. वापस लौटने पर एटीएम काउंटर में किसी को नहीं पाया और उनका एटीएम कार्ड भी गायब था.



### एटीएम में कार्ड फंसने की लगातार हो रही घटनाएं

दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के चेहरबनी गांव निवासी मजदूर सहदेव मरांडी 16 नवंबर को जसीडीह स्टेशन पर उतर कर घर जाने के पूर्व जसीडीह बाजार स्थित एसबीआइ एटीएम काउंटर में रुपये निकालने पहुंचे. उसने जैसे ही मशीन में एटीएम कार्ड डाला वह फंस गया और उसके एटीएम कार्ड से चार बार में कुल 65200 रुपये की निकासी हुई थी. जानकारी हो कि नगर थाना क्षेत्र के तिवारी चौक के समीप स्थित एसबीआइ एटीएम काउंटर में बिजली विभाग के एक रिटायर कर्मी का एटीएम कार्ड फंस गया और उनके एकाउंट से 29000 रुपये की अवैध निकासी कर ली गयी. इस संबंध में 20 नवंबर को बायपास रोड निवासी पीड़ित बचनदेव पाठक ने साइबर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है. वहीं 31 अक्तूबर को जसीडीह थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर मुहल्ला निवासी रिटायर रेलकर्मी शंभूनाथ मुर्मू का रामचंद्रपुर मोड़ स्थित एसबीआइ एटीएम काउंटर में एटीएम कार्ड मशीन में ही फंस गया था और उनके एकाउंट से खाते से 1,15,400 रुपये की अवैध निकासी कर ली गयी थी. पीड़ित रिटायर रेलकर्मी ने भी साइबर थाने में मामले की शिकायत देकर ठगों पर कार्रवाई की मांग की थी.

### नगर पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**देवघर.** नगर थाने की पुलिस ने बंपास टाउन देवसंघ मोड़ इलाके से एक बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा है. इस संबंध में खनन कार्यालय में रिपोर्ट किये जाने की प्रक्रिया चल रही है. जानकारी के मुताबिक, सुबह के वक्त नगर थाने की गश्ती दल इलाके में भ्रमणशील थी, तभी दूर से ही पुलिस टीम को आते देख चालक ने बालू लदा ट्रैक्टर खड़ा कर दिया. इसके बाद वह उतरकर भाग गया. नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# ठगी मामले में रामगढ़ पुलिस ने मारा छापा, एक हिरासत में

- रिटायर्ड रेलकर्मी से पेंशन चालू कराने का झांसा देकर 7.80 लाख की हुई थी साइबर ठगी
- व्हाट्सएप कॉल कर ठग ने खुद को धनबाद डीआरएम ऑफिस का बताया था कर्मचारी
- खाते में दूसरे मोबाइल नंबर का अपडेट होने से नहीं आया था मैसेज

वरीय संवाददाता, देवघर

रामगढ़ जिले के एक रिटायर्ड रेलकर्मी को पेंशन चालू कराने का झांसा देकर 7.80 लाख रुपये की ठगी कर ली गयी है. मामले के आरोपित की तलाश में रामगढ़ पुलिस देवघर पहुंची. पुलिस ने यहां देवीपुर थाना क्षेत्र के बंदरबासा बाघमारी गांव में छापेमारी कर एक आरोपित को हिरासत में लिया है. हालांकि रामगढ़ पुलिस टीम के कोई भी पदाधिकारी इस संबंध में औपचारिक तौर पर कुछ भी बताने से बच रहे हैं. वहीं देवघर पुलिस भी मामले पर चुप्पी साधे हुए है.

सूत्रों के मुताबिक, रामगढ़ से आयी पुलिस टीम ने योगेंद्र राणा नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ठगी में प्रयुक्त मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया है या नहीं. आरोपित को देवघर साइबर थाना में रखकर पूछताछ की जा रही है. छापेमारी टीम में एसआइ दिगंबर पांडेय, एसआइ विकास आर्यन समेत चार पुलिसकर्मी शामिल हैं. सूत्रों के अनुसार, मूल रूप से बिहार के बक्सर जिले के ब्रह्मपुर दल्लुपुर निवासी जवाहर लाल वर्तमान में रामगढ़ के पतरातू स्थित स्टीम कॉलोनी में रहते हैं. वे भारतीय स्टेट बैंक बरकाकाना शाखा के खाता धारक हैं. इसी वर्ष सात जून से 15 जून के बीच उनके खाते से कुल 7,80,000 रुपये निकाल लिये गये. इस दौरान उन्हें किसी भी निकासी का मैसेज मोबाइल पर नहीं मिला. बैंक पहुंचने पर पता चला कि उनके खाते में किसी और का मोबाइल नंबर अपडेट कर दिया गया था, जिसके कारण मैसेज भी दूसरे नंबर पर जा रहे थे. उनके खाते में दर्ज उसी फर्जी मोबाइल नंबर से छह जून 2025 को दोपहर 02.53 बजे व्हाट्सएप कॉल आया था. कॉल करने वाले ने खुद को धनबाद डीआरएम ऑफिस के एकाउंट सेक्शन का कर्मचारी बताया था और पेंशन चालू कराने के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा ओटीपी वाट्सअप पर ले लिया था. अगले दिन पेंशन चालू कराने का भरोसा दिया गया. इसके बाद उनके खाते से रकम निकलनी शुरू हो गयी. बैंक जाने पर ठगी का पता चला. रेल कर्मी ने साइबर क्राइम टोल-फ्री पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी थी. इसके आधार पर साइबर थाना रामगढ़ में कांड संख्या 08/25 दर्ज कर मामला तकनीकी रूप से जांच में लिया गया. तकनीकी जांच में आरोपित का लोकेशन देवघर में मिलने पर पुलिस ने छापेमारी की और एक संदिग्ध को पकड़ा. पुलिस पूरे गिरोह की तलाश में है.

USHA MARTIN UNIVERSITY
Inclusion, Innovation & Ethics
NAAC A GRADE
Ranchi, Jharkhand
ISO 9001 : 2015 Certified, Member of Association of Indian Universities (AIU)
Recognized by University Grants Commission (UGC),
Approved by: BCI | PCI | INC | AICTE
ADMISSION TO Ph.D. PROGRAMME
January (2026 Session) (Full-Time and Part-Time)
Usha Martin University offers a wide range of doctoral programs in Engineering, Law, Management, Commerce, Pharmacy, Agriculture, Arts and Applied Science and other disciplines. With its focus on research and innovation, it provides state-of-the-art research facilities and resources to support research initiatives. Usha Martin University is inviting applications from eligible candidates for Ph.D. programmes in the following discipline:

| Faculty Name | Ph.D. Programmes/Specialization |
|---|---|
| Faculty of Engineering & Applied Science | Electrical & Electronics Engineering<br>Mining Engineering<br>Computer Application<br>Computer Science Engineering<br>Mechanical Engineering<br>Civil Engineering |
| Faculty of Legal Studies | Law |
| Faculty of Business Management | Management/Commerce |
| Faculty of Journalism & Mass Communication | Journalism & Mass Communication |
| Faculty of Pharmacy | Pharmacy |
| Faculty of Agriculture | Agriculture/Microbiology/Agronomy |
| Faculty of Arts and Humanities | English/Education |
| Faculty of Applied Science | Mathematics/Physics/Chemistry |

IMPORTANT DATES — Last Date To Apply: 15th December 2025 — Online Entrance Test: 21st December 2025
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Contact: +91 93555 64011, +91 99529 23636
www.umu.ac.in | admission@umu.ac.in

# चोरी के मोबाइल के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रतिनिधि, जसीडीह

जसीडीह जीआरपी ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो से एक युवक को मोबाइल चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा है. आरोपी युवक मारगोमुंडा थाना क्षेत्र के लहजोरी गांव भागीरथ सिंह उर्फ भागीरथ राय के पास से पुलिस ने चोरी का एक मोबाइल बरामद किया है. घटना के संबंध में जीआरपी एसआइ शैलेन्द्र प्रसाद ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है तथा उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. दर्ज मामले में कहा गया है कि वह प्लेटफॉर्म निगरानी ड्यूटी पर तैनात थे. इसी क्रम में प्लेटफॉर्म नंबर दो पर लगी ट्रेन नंबर 13029 हावड़ा-मोकामा एक्सप्रेस से एक संदिग्ध व्यक्ति उतरा, जो पुलिस को देखते ही भागने लगा. जिसे प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्री की मदद से पकड़ा गया. इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना लाया गया, जहां आरोपी की तलाशी की गयी तो आरोपी के पास से मोबाइल बरामद हुआ. बरामद मोबाइल के संबंध में पूछताछ की गयी, तो वह किसी प्रकार की जानकारी नहीं दे सका. उक्त युवक पहले भी दो बार स्टेशन पर चोरी के मामले में पकड़ा जा चुका है.



गिरफ्तार युवक.

# टेंपो चोरी मामले में प्राथमिकी

**जसीडीह.** थाना क्षेत्र के चरकीपहाड़ी गांव से मंगलवार की देर रात टेंपो चोरी होने के मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. घटना के संबंध में पीड़ित प्रकाश यादव ने बताया कि वह अपने पिता छकु महतो का टेंपो (जेएच 15एन 2158) चला कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है. मंगलवार की रात को प्रतिदिन की तरह टेंपो घर के बाहर खड़ा किया था. दूसरे दिन सुबह उठने पर देखा कि उक्त स्थान से टेंपो गायब पाया. इसके बाद घटना की जानकारी थाना को दी. पुलिस ने छानबीन के क्रम में रतनपुर मुहल्ले के महावीर दास के घर के पास से टेंपो का बॉडी व इंजन, बैट्री, सीट, मीटर सहित अन्य सामान को महावीर दास के घर के अंदर से बरामद किया. घटना को लेकर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है.



MAGNITE NOW AVAILABLE WITH CNG#
10 YEARS EXTENDED WARRANTY‡ 3 STANDARD + 7 EXTENDED
ALSO AVAILABLE IN CSD
FOR ENQUIRIES GIVE A MISSED CALL 9833 800 700
AUTHORIZED NISSAN DEALERS: JHARKHAND: DALTONGANJ: TITAN NISSAN- 8291066475, HAZARIBAGH: TITAN NISSAN- 8291067631, JAMSHEDPUR: BHALOTIA NISSAN- 7008408186, RANCHI: ORMANJHI TITAN NISSAN- 8291043571, MAIN ROAD: TITAN NISSAN- 8291049031, BIHAR: PATNA: ICON NISSAN- 9262996602, MUZAFFARPUR: GOBERDHAN NISSAN- 8291047950, ORISSA: BHUBANESWAR: JAHNAVI NISSAN- 9619894553.
*Terms & conditions apply: The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants invoiced on or before 31ST December 2025 or till stocks last. All prices ex-showroom Delhi. *Extra cash benefits upto ₹25 000 valid till 16th December 2025. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variants are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance at sole discretion of NRFSI. *Segment refers to B-SUV models with Length <4m. ‡Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. ~Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. #Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party. @GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults. TBWA\39801125
NISSAN FINANCE

## तीन आरोपितों को जमानत मिली

**देवघर.** न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत से अलग-अलग मामलों के तीन आरोपितों को जमानत मिल गयी. पहला जमानत आवेदन आरोपित विकास मित्रा की ओर से, दूसरा जमानत आवेदन आरोपित विजय कुमार सिंह की ओर से दाखिल किया गया था. इन दोनों के विरुद्ध चेक बाउंस का आरोप है. तीसरा जमानत आवेदन मारपीट मामले के आरोपित सुरेंद्र दास की ओर से दाखिल किया गया था. इसके विरुद्ध महिला थाना देवघर में केस दर्ज हुआ है. अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद सभी को जमानत पर छोड़ने का आदेश दिया गया.

### शादी समारोह में शामिल होने देवघर से सभी जा रहे थे सारठ, ऑटो पलटने से हुई दुर्घटना

# दो बच्चे समेत नौ घायल, महिला गंभीर

**प्रभात खबर टोली. देवघर/सारठ बाजार**

सारठ-देवघर मुख्य मार्ग पर एनएच-114 ए सबैजोर मोड़ के समीप गुरुवार की शाम को ऑटो पलटने से दो बच्चे, पांच महिलाएं ओर दो पुरुष घायल हो गये. घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार देवघर से ऑटो सारठ जा रहा था. इसी दौरान सबैजोर मोड़ के पास ऑटो का संतुलन बिगड़ने से पलट गया. घटना में ऑटो पर सवार अन्नपूर्णा देवी, शारदा देवी, आस्था कुमारी, रजनी देवी, स्वाति कश्यप, संदीप कुमार, अनमोल कुमार समेत बहादुर खवाड़े और बलसरा निवासी ऑटो चालक संजीव सिंह घायल हो गये. घटना सुनकर स्थानीय लोग जमा हो गये. स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सारठ सीएचसी पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टर गुडाकेश, डॉ जितेंद्र कुमार , सीएचओ भारती ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया है. वहां से देवघर सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गयी.



घायल महिला का इलाज करते सीएचसी कर्मी.

हादसे में गंभीर रूप से घायल अधेड़ महिला अन्नपूर्णा देवी की हालत चिंताजनक बतायी गयी है. डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया. इधर घटना की सूचना पाकर एएसआइ जमशेद आलम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को कब्जे में लेकर थाना लाया. इधर घटना के संबंध में घायल बहादुर खवाड़े ने बताया कि सभी लोग देवघर से सारठ एक शादी समारोह में जा रहे थे. इसी दौरान अचानक ऑटो असंतुलित होकर पलट गया.

# पालोजोरी : जनसुनवाई में जेइ पर लगाया ₹500 का जुर्माना

- खागा पंचायत में हुए सोशल ऑडिट में कई योजनाओं में मिली गड़बड़ी

**पालोजोरी.** अंचल क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में सोशल ऑडिट की टीम की ओर से मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का ऑडिट किया जा रहा है. सोशल ऑडिट के बाद गुरुवार को खागा पंचायत में जनसुनवाई की गयी. इसमें ज्यूरी मेंबर के अलावा सोशल ऑडिट टीम व पंचायत के कर्मी व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया. ऑडिट के क्रम में 18 योजनाओं के संचालन में कई तरह की खामियां सामने आयी हैं. इसमें मुख्य रूप से चार योजनाओं में एइ व जेइ के हस्ताक्षर के बिना भुगतान, 1841612 रुपये का भुगतान के बावजूद योजना का एमबी नहीं बनाना, 212426 रुपये के भुगतान का मस्टर रोल उपलब्ध नहीं होना, 482843 रुपये का बिल भावचर नहीं होना सहित कई मामले शामिल हैं. योअनाओं में कनीय अभियंता की लापरवाही को देखते हुए ज्यूरी मेंबर ने जेइ पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया. वहीं वी टीम में शामिल सदस्यों ने बताया कि 14 योजनाओं के निर्माण स्थल पर किसी तरह का बोर्ड नहीं लगाया गया है. इसके अलावे अन्य कई छोटी-मोटी गड़बड़ी सामने मिली है, जिसके समाधान का निर्देश दिया है. मौके पर ज्यूरी सदस्य प्रभारी बीएओ रोशनी ऋतु मुर्मू, मनरेगा मजूदर, एसएचजी किरण देवी, समाजसेवी अनवर खान मुखिया व अन्य लोग मौजूद थे.

## सिटी बाइट्स




### कोल्ड स्टोरेज बनाने के साथ अन्य प्रस्ताव रखे

**सोनारायठाढ़ी** . सीओ सह बीडीओ नीलम कुमारी ने प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को सभी ग्राम प्रधान व मूल रेयतों के साथ मासिक बैठक की, बैठक में नीलम कुमारी ने सभी ग्राम प्रधानों को अपने-अपने पोषक क्षेत्र में मौजूद सरकारी जमीन जैसे गोचर, परती कदीम, नाला, पहाड़ी, जंगल आदि को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्देश दिया. वहीं समय पर भू-लगान जमा कराने समेत कई बातों पर चर्चा की. बैठक में ग्राम प्रधान व मूल रेयतों ने अंचलाधिकारी से प्रखंड में किसानों की सुविधा के लिए एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराने पर सुझाव दिया. ताकि किसानों द्वारा उत्पादित फसल को बर्बाद होने से बचाया जाये. प्रखंड कार्यालय में एक ग्राम प्रधान कार्यालय का निर्माण कराने पर भी चर्चा की. बैठक में ग्राम प्रधान संघ के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, सचिव देवानंद भोक्ता, कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव, राम कुमार मंडल, अशोक राय, मंदारेस्वर राय, नागो मंडल, मुबारक मियां, त्रिलोचन राय, महेंद्र महतो, बलराम यादव, साहेब राणा समेत अन्य थे.

### मनरेगा योजनाओं को लेकर हुई जनसुनवाई

**चितरा** . चितरा थाना क्षेत्र की जमुआ पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में किये गये मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया. जनसुनवाई में सोशल ऑडिट टीम ने मनरेगा से संबंधित कुल 18 योजनाओं का लेखा जोखा प्रस्तुत किया. वहीं कुल आठ योजनाओं में भिन्न भिन्न तरह की अनियमितता सामने आयी, जिसमें संबंधित लोगों पर कुल दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया. इसके अलावा कई अधूरे कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया. जनसुनवाई में ज्यूरी अनंत कुमार दास, पंसस बबलू महतो, ग्राम प्रधान संजय महतो, बीआरपी चंदना मंडल, मुखिया नीतू कुमारी, पंचायत सचिव गौतम राव, रोजगार सेवक अर्जुन ठाकुर, देवीलाल ऑडिट सदस्य, पंचायत सहायक लालू भंडारी, मनरेगा मजदूर अरविंद महतो, एसएचजी की रीता देवी, खुशबू वर्मा, रोमा देवी, रुक्मणि देवी समेत अन्य थे.

### मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**सोनारायठाढ़ी** . कृषि पशुपालन सह सहकारिता विभाग की उद्यान विकास योजना 2025-26 के तहत आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को एसएचजी भवन सोनारायठाढ़ी में किया गया, जिसमें प्रखंड की कई पंचायत के इच्छुक किसानों ने भाग लिया. मौके पर बीडीओ नीलम कुमारी ने कहा कि इच्छुक किसान अपने घर पर ही मशरूम की खेती करके अपनी आमदनी को बढ़ा सकता है. वहीं प्रखंड उद्यान मित्र धीरेंद्र कुमार सिंह ने भी प्रखंड के किसानों को खेती, बागवानी संबंधी जानकारी दी. कार्यक्रम के समापन में किसानों को मशरूम उत्पादन संबंधित किट व प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया. कार्यक्रम में बीडीओ नीलम कुमारी, पंसस गीता देवी, उद्यान मित्र धीरेंद्र कुमार सिंह, पुतुल देवी, लखी प्रमाणिक, काजल कुमारी, रखा देवी समेत कई महिलाएं मौजूद थीं.

### अतिक्रमण की शिकायत अंचल कार्यालय में देने के बाद भी नहीं होती है कार्रवाई : प्रधान मूल रैयत संघ



**सारठ.** प्रखंड सभागार में गुरुवार को ग्राम प्रधान मूल रैयत संघ की मासिक बैठक ग्राम प्रधान जय प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित कर अंचल अधिकारी को अवगत कराने का निर्णय लिया गया. श्री तिवारी ने बताया कि पिछले सात माह से सम्मान राशि का भुगतान नहीं किया गया है. मेथा चक्रवात से किसानों को हुई क्षति के मुआवजे के भुगतान की मांग की, तीन माह तक लगातार मासिक बैठक में शामिल नहीं होने वाले ग्राम प्रधानों व मूल रैयतों के समान राशि के भुगतान पर रोक लगाने को कहा. प्रधानों ने कहा कि डिंडाकोली में गोचर ओर सरकारी भूमि के अतिक्रमण की शिकायत पर कोई कार्रवाई नही हुई. कहा कि भूमि अतिक्रमण की शिकायत अंचल में लिखित रूप से करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नही होती है. मौके पर प्रधान अनवर शेख, सोनेलाल किस्कू, प्रदीप प्रसाद सिंह, भास्कर प्रसाद राय, गौरांग सिंह, महेंद्र प्रसाद यादव, नवल किशोर राणा, बास्की प्रसाद सिंह, मनोरमा देवी, गौरव कुमार राय, धरणीधर राय, पप्पू राय, मोहन मुरारी, प्रयाग नारायण सिंह, मंजू देवी व अन्य थे.


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय नगर पंचायत, बरहरवा (साहेबगंज)**
**Email ld-barharwaulb@gmail.com**

पत्रांक – 908 / न0पं0, बरहरवा, दिनांक – 03.12.25

अति–अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या :– 12 / 2025–26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरहरवा क्षेत्रान्तर्गत SBM के IEC & Behaviour Changes मद के अन्तर्गत प्रचार–प्रसार के उद्‌देश्य से सरकारी भवनों एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता से संबंधित दिवाल लेखन (स्लोगन / पेन्टिंग) किया जाना हैं। अतः इच्छुक पेन्टर / आपुर्तिकर्ता / दुकानदार / एजेन्सी अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15.12.2025 को कार्यालय अवधि में मुहरबंद कोटेशन (भाव पत्र) समर्पित कर सकते हैं। उक्त मुहरबंद कोटेशन (भाव पत्र), दिनांक 16.12.2025 को निविदा निश्पादित किया जाएगा।

नोट :–(क) कोटेशनदाता का पैन कार्ड, जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र, अद्यतन आयकर रिटर्न एवं जी0एस0टी0 रिटर्न कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा।

(ख) परिमाण विपत्र का मूल्य 500/– (पांच सौ रूपया) मात्र नगद / बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत बरहरवा के पदनाम पर भारतीय स्टेट बैंक, बरहरवा में देय होगा। कोटेशन शुल्क के रूप में देना होगा जो वापस नही किया जायेगा।

Sd/-
कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, बरहरवा

PR 367690 (Urban Development and Housing)25-26*D



**झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची**
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट पहचान सं0 –U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277 E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com
उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केंद्र के समीप, काँके रोड, राँची – 834008

पत्रांक–JSBCL/ स्था0–05 / 2012– 2461 दिनांक–04.12.2025

–शुद्धि पत्र–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रांक– JSBCL/स्था0–05 / 2012–2458, दिनांक–03.12.2025, जिसका Advt. P.R. No-367644 दिनांक–03.12.2025 है, के आलोक में E-Tender for Empanelment of Security Guard & MTS के निविदा की अवधि विस्तारण से संबंधित तिथि की स्पष्टता निम्नवत् है:–

| S.N. | Particulars | Previous | | Extended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Date | Time | Date | Time |
| 01 | Last Date/closing date for submission of E-Tender | 08-12-2025 | 04:00 P.M. | 16-12-2025 | 04:00 P.M. |
| 02 | Last date for Submission of Document (Hard Copy) in the JSBCL Office | 09-12-2025 | 05:00 P.M. | 17-12-2025 | 05:00 P.M. |
| 03 | Online opening of Technical Bid. | 10-12-2025 | 04:00 P.M. | 18-12-2025 | 04:00 P.M. |

ह0 / –
महाप्रबंधक (संचालन) झा0रा0बि0कॉ0लि0, राँची।

PR 367750 Excise(25-26)D



**TENUGHAT VIDYUT NIGAM LIMITED**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUPMI Building Premises in ABD Area, Smart City
Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand
CIN U40101JH1987SGC013153

Letter No 1231/25-26 Date 04.12.2025

**e-TENDER NOTICE**

Online tender in two parts (Part-I Technical & Commercial BID and Part-II Price Bid to be submitted in TVNL website only) are invited on behalf of TENUGHAT VIDYUT NIGAM LIMITED, Ranchi from reputed, experienced and financially sound bidders for under mention work at TTPS, Lalpania: -

| Sl. no | NIT No. | SRM RFX No | Description | Last date of purchase of Bid document. | Last date of Bid Submission | Due Date & time of opening of Part-I |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32/IT/W/T VNL/RAN/ 2025–26 | 1000012432 | AMC for maintenance of computer & its peripherals, networking & its devices, Biometric machines & CCTV cameras installed in the offices of TTPS, Lalpania for two years. | 23.12.2025 up to 14:00 Hrs. | 24.12.2025, up to 14:00 Hrs. | 24.12.2025, at 16:00 Hrs. |

Bid document are to be submitted online through SAP-SRM, TVNL website webdispatcher.tvnl.in/srmprd up to last date and time of bid submission. The tender document can be downloaded from our website www.tvnl.in.

Sd/-
(S.R. Singh)
ESE (Reg./IT/C&M)

PR 367701 (Tenughat Vidyut Nigam Ltd.) 25-26 (D)



**संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, दुमका (झारखण्ड)**

**Demand Notice (मांग पत्र)**

बजरिये नोटिस सभी राष्ट्रीय परमिटधारी (National Permit) प्रमादी वाहन के वाहन स्वामियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महालेखाकार (ले0परीक्षा) झारखंड, राँची द्वारा की गई आपति के कम में पाये गये चूक अवधि का प्राधिकरण शुल्क एवं कंसोलिडेटेड शुल्क वाहनों के निबंधन संख्या के सम्मूख अंकित बकाया राशि सूचना प्राप्ति के सात दिनों के अंदर जमा करते हुए जमा राशि की प्रमाणित प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाय।

यदि निर्धारित अवधि में प्राधिकरण शुल्क एवं कंसोलिडेटेड शुल्क को जमा करते हुए उसका प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो आपके विरूद्ध झारखण्ड वित्त नियमावली, झारखण्ड मोटरवाहन अधिनियम–1988 के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी।

इस आशय से संबंद्ध बकायेदारों की सूची निम्न प्रकार है:–

| Sl. No. | Vahan No. | Period of Authorisation dues | | No. of Years Dues | Authorisation Fee | Composite Fee | Late Fine | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | | | |
| 1 | JH04D2745 | 21.02.2016 | 20.02.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 2 | JH16B5894 | 26.04.2017 | 25.04.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 3 | JH04C4255 | 23.03.2017 | 22.03.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 4 | JH04H4471 | 11.04.2017 | 10.04.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 5 | JH15K6445 | 24.05.2018 | 23.05.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 6 | JH04E3547 | 31.05.2016 | 30.05.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 7 | JH18C6063 | 13.06.2018 | 12.06.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 8 | JH04H4024 | 13.06.2017 | 12.06.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 9 | JH15K5028 | 13.06.2017 | 12.06.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 10 | JH15K6425 | 13.06.2017 | 12.06.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 11 | JH17E9078 | 13.06.2016 | 12.06.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 12 | JH04H4716 | 06.07.2016 | 05.07.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 13 | JH15K8351 | 06.07.2017 | 05.07.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 14 | JH16A5474 | 11.05.2016 | 10.05.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 15 | JH04D0465 | 09.08.2017 | 08.08.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 16 | JH04J5782 | 11.08.2016 | 10.08.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 17 | JH04C6402 | 06.08.2017 | 05.08.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 18 | JH15D7045 | 21.08.2017 | 20.08.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 19 | JH16B7303 | 08.09.2018 | 07.09.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 20 | JH16A6974 | 16.09.2016 | 15.09.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 21 | JH15J5066 | 11.09.2018 | 10.08.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 22 | JH04H9688 | 30.09.2017 | 29.09.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 23 | JH16B8483 | 01.12.2018 | 30.11.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 24 | JH15G1551 | 01.12.2017 | 30.11.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 25 | JH04E3545 | 01.12.2016 | 30.11.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 26 | JH04H3950 | 29.09.2017 | 28.09.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 27 | JH04H1569 | 08.12.2018 | 07.12.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 28 | JH18C7082 | 19.12.2016 | 18.12.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 29 | JH16A9682 | 02.12.2017 | 01.12.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 30 | JH15L7078 | 20.12.2017 | 19.12.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 31 | JH17H9815 | 01.01.2015 | 31.12.2018 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 32 | JH16A7909 | 11.01.2017 | 10.01.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 33 | JH18E4714 | 27.01.2016 | 26.01.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 34 | JH15L0716 | 19.03.2017 | 18.03.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 35 | JH16A6973 | 11.04.2017 | 10.04.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 36 | JH16A7183 | 10.05.2017 | 09.05.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 37 | JH18E9602 | 10.05.2018 | 09.05.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 38 | JH04K7082 | 13.06.2018 | 12.06.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 39 | JH16A5260 | 01.07.2017 | 30.06.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 40 | JH15M9613 | 04.07.2018 | 03.07.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 41 | JH17F3581 | 08.09.2016 | 07.09.2019 | 3 | 3000 | 49500 | 10000 | 62500 |
| 42 | JH16A8163 | 09.08.2017 | 08.08.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 43 | JH15M2212 | 09.08.2017 | 08.08.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 44 | JH15K5568 | 11.03.2018 | 10.03.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 45 | JH15M6003 | 02.11.2018 | 01.11.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 46 | JH04K7353 | 26.10.2018 | 25.10.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 47 | JH04E8639 | 10.12.2017 | 09.12.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 48 | JH18E8984 | 23.12.2018 | 22.12.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 49 | JH15H2301 | 10.12.2017 | 09.12.2019 | 2 | 2000 | 33000 | 10000 | 45000 |
| 50 | JH04H7854 | 11.12.2018 | 10.12.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 51 | JH17K4824 | 21.03.2018 | 20.03.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 52 | JH17H6217 | 29.03.2018 | 28.03.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 53 | JH17H1290 | 29.04.2018 | 28.04.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 54 | JH17G1756 | 09.02.2015 | 08.02.2019 | 4 | 4000 | 66000 | 10000 | 80000 |
| 55 | JH04L7080 | 18.05.2018 | 17.05.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 56 | JH04F0532 | 01.06.2018 | 30.06.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 57 | JH15N2709 | 28.03.2018 | 27.03.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 58 | JH04K9060 | 19.06.2018 | 18.06.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 59 | JH04K6205 | 29.06.2018 | 28.06.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 60 | JH15N8877 | 29.03.2018 | 28.03.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 61 | JH15N6065 | 29.03.2018 | 28.03.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 62 | JH15N5713 | 29.03.2018 | 28.03.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 63 | JH15N8260 | 29.03.2018 | 28.03.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 64 | JH04L9539 | 21.07.2018 | 20.07.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 65 | JH16A7263 | 10.10.2018 | 09.10.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 66 | JH15G8610 | 26.09.2018 | 25.09.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 67 | JH15G8625 | 26.09.2018 | 25.09.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 68 | OR14Y2432 | 26.10.2018 | 25.10.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 69 | OR14Y2833 | 26.10.2018 | 25.10.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 70 | JH15P4828 | 26.10.2018 | 25.10.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 71 | JH04N3962 | 23.11.2018 | 22.11.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |
| 72 | JH17J0384 | 14.12.2018 | 13.12.2019 | 1 | 1000 | 16500 | 10000 | 27500 |

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव
संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन, प्राधिकार, दुमका

PR 367683 Transport(25-26)#D



**साहेबगंज समाहरणालय**
(जिला आपदा शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली की योजना युवा आपदा मित्र Yuva Aapda Mitra Scheme (YAMS) के तहत आपदा मित्रों के प्रशिक्षण में उपयोग हेतु Emergency Responder Kit का क्रय किया जाना है जिसका दर निर्धारण हेतु इच्छुक निबंधित आपूर्तिकर्ता / फार्म से मोहरबन्द निविदा निम्नांकित शर्तो के अधीन आमंत्रित किया जाता है। निविदा दिनांक–12.12.2025 को अपराह्न 1:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय (जिला आपदा शाखा, साहेबगंज) में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष, दिनाक–12.12.2025 अपराह्न 3:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा खोली जायेगी आपूर्ति संबंधित शर्तो के एवं आपूर्ति किये जाने वाले सामाग्री विवरणी की विस्तत जानकारी हेतु Sahibganj.nic.in पर देखा जा सकता है।

अपर समाहर्त्ता,
साहेबगंज।

PR 367685 (Sahabganj) 25-26 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**परिवहन विभाग**
एफ.एफ.पी. भवन, धुर्वा, राँची।

संख्या–परि०आ०(विविध)–05 / 2023 / राँची,

।। आम सूचना ।।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संथाल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, दुमका के पत्रांक–199 / परि०, दिनांक–09.07.2024 द्वारा अनुशंसित विनिर्धारित मार्गों की संशोधित सूची आमजन की सुविधा के उद्देश्य से विस्तृत विवरणी सहित कुल 60 प्रादेशिक परिवहन मार्गों की सूची कार्यालय ज्ञापांक–1537, दिनांक–25.11.2025 द्वारा प्रकाशन कर सुझाव / आपत्ति आमंत्रित किया गया है, जिसे विभागीय वेबसाईट transport.jharkhand.gov.in अथवा spermit.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।

अवर सचिव,
परिवहन विभाग।

PR 367720 (Transport) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दुमका।
**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

पुनर्निविदा संख्या– 03/RII/2025-26/RWD/EE/DUMKA (PR No.-365793 Dt.-10.11.2025) दिनांक– 03.12.2025

1. कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दुमका द्वारा निम्न विवरण के अनुसार E-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेंटिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु० में) अंक में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DUMKA/ 08/2025-26 | ग्राम शहरपुर PWD रोड से देवदाहा आदिवासी टोला तक पीसीसी पथ निर्माण। भाग–1 | 24,99,200 | 03 महीने | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 05.12.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 13.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online के माध्यम से जमा किया जाएगा।
4. निविदा खोलने की तिथि 15.12.2025 एवं समय पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दुमका।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का सम्पर्क संख्या– 06434 291033
7. विस्तृत जानकारी के लिए jharkhandtenders.gov.in/नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल दुमका।

PR 367680 Rural Work Department(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दुमका।

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या– 04/2025-26/RWD/EE/DUMKA दिनांक– 03.12.2025

1. कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, दुमका द्वारा निम्न विवरण के अनुसार E-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | आईडेंटिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति राशि (रु० में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/DUMKA/10/2025-26 | ग्राम चिचहरा में मोतिहारा नदी के पुल से चिचहरा ग्राम तक गार्डवाल और पीसीसी पथ का निर्माण। | 48,98,800 | अड़तालीस लाख अन्ठानवें हजार आठ सौ। | 06 महीने | प्रथम |
| 2 | RWD/DUMKA/11/2025-26 | ग्राम बढ़ैत में पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से ग्राम बढ़ैत तक पीसीसी पथ निर्माण। भाग–A | 24,97,900 | चौबीस लाख सन्तानवें हजार नौ सौ। | 03 महीने | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 08.12.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 20.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online के माध्यम से जमा किया जाएगा।
4. निविदा खोलने की तिथि 22.12.2025 एवं समय पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दुमका।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का सम्पर्क संख्या– 06434 291033
7. विस्तृत जानकारी के लिए jharkhandtenders.gov.in/नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल दुमका।

PR 367682 (Rural Work Department) 25-26 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय नगर पंचायत, बरहरवा (साहेबगंज)**
**Email** Id-barharwaulb@gmail.com

पत्रांक– 907 / न0पं0, बरहरवा, दिनांक – 03.12.25

**अति–अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या :– 11 / 2025–26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरहरवा कार्यालय अन्तर्गत SBM के C.B घटक अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्य इच्छुक अनुभव प्राप्त एजेन्सी से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15.12.2025 को कार्यालय अवधि में मुहरबंद कोटेशन (भाव पत्र) आमंत्रित किया जाता हैं एवं दिनांक 16.12.2025 को निविदा निश्पादित किया जाएगा।

**SBM के C.B मद से प्रशिक्षण कार्य**

| क्र0सं0 | विवरणी | मात्रा | दर सभी टैक्स सहित |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रति बैच (अधिकतम 25 व्यक्ति) तीन दिवसी प्रशिक्षण | प्रति व्यक्ति | |

(क) कोटेशनदाता का पैन कार्ड, जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र, अद्यतन आयकर रिटर्न एवं जी0एस0टी0 रिटर्न कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा।
(ख) कोटेशनदाता को प्रतिष्ठान / कम्पनी काली सूची में या रूग्न अवस्था में नहीं है तथा हर प्रकार के आरोपों एवं सरकारी जांचो से मुक्त हैं इससे संबंधित स्व–घोषणा पत्र देना होगा।

नियम एवं शर्ते :–

1. कोटेशन के साथ पूर्ण ब्यौरा एवं दिए जाने वाले किट की विवरणी अंकित करना अनिवार्य होगा।
2. कोटेशन का निष्पादन नगर पंचायत बरहरवा के निविदा समिती द्वारा किया जायेगा।
3. सभी सामग्री का आपूर्ति अपने व्यय पर कराना होगा तथा किसी प्रकार के परिवहन एवं हतालन व्यय तथा फुल फिटींग और फिक्सींग एवं एसेम्बल का कोई अतिरिक्त चार्ज देय नहीं होगा।
4. आमंत्रित कोटेशन को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्तक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. स्वीकृत कोटेशनदाता को आदेश निर्गत होने के 15 दिनों के अन्दर प्रशिक्षण पूर्ण करना अनिवार्य करना होगा।
6. सामग्री आपूर्ति संबंधि अन्य सरकारी नियमों एवं प्रावधानों का पालन करना आवश्यक हैं।
7. न्यूनतम दर दाता को आदेश देने के पूर्व उनके पिछले कार्य का आचरण को अवलोकन करते हुए समिती इस पर निर्णय लेगी जो कि सभी को मान्य होगी एवं आपूर्ति की जाने वाली सामानों से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर कोटेशनदाताओं को प्रशिक्षण आदेश में प्राथमिकता दी जाएगी।
8. निर्धारित तिथि एव समय के बाद प्राप्त कोटेशन पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा। कोटेशन के साथ मांग की गई कागजात के अभाव में कोटेशनदाता को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।
9. प्रशिक्षुओं की संख्या बढ़ाया घटाया / शुन्य भी करने का सुरक्षित अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगी।
10. परिमाण विपत्र का मूल्य 500/– (पांच सौ रूपया) मात्र नगद / बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत बरहरवा के पदनाम पर भारतीय स्टेट बैंक, बरहरवा में देय होगा। कोटेशन शुल्क के रूप में देना होगा जो वापस नही किया जायेगा।
11. कार्य आवंटन के उपरान्त आदेश में दिए नियम एवं शर्तों का अक्षरतः अनुपालन करना होगा।

Sd/-
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बरहरवा।

PR 367687 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)

## सिटी बाइट्स



## पदाधिकारियों ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**मधुपुर .** शहर के विभिन्न जगहों में नगर परिषद प्रशासन ने गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम के नेतृत्व में शहर के गांधी चौक, हटिया रोड, सरदार पटेल रोड समेत विभिन्न चौक-चौराहों से सड़क किनारे का अतिक्रमण करने वाली दुकानों को हटाया गया. सड़क किनारे दुकान लगाये गये बांस-बल्लों को भी हटाया गया, साथ ही सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी गयी. गांधी चौक पर लगे ठेलों को जब्त कर नगर परिषद कार्यालय लाया गया. नगर प्रबंधक ने कहा कि भविष्य में ऐसा करने वालों से जुर्माना के साथ साथ कानूनी कार्रवाई की जायेगी. मौके पर नगर परिषद के अभियंता दिलीप यादव, थाना के एएसआइ जयराम प्रसाद समेत नप के कर्मी व पुलिस बल मौजूद थे.

## मुबारक ज़ियारत के लिए हज यात्रियों का जत्था रवाना



**मधुपुर.** हरमईन शरीफ़ की मुबारक ज़ियारत के लिए हज यात्रियों का पांच सदस्यीय जत्था गुरुवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ. सभी हज यात्री कोलकाता के लिए रवाना हुए, जहां से वे हज उमरा की अदायगी के लिए मक्का-मदीना की पावन यात्रा पर जायेंगे. हज यात्रियो में मो. इक़बाल अंसारी, मो. बदरुद्दीन, अख़्तरी बानो, शमीमा बानो, जाहिदा खातून को लोगों ने गले मिलकर सफ़र की शुभकामनाएं दीं. कहा कि मुल्क में अमन, सलामती, भाईचारे व दुआ की अपील की. मौके पर हजरत मौलाना मो. मुबाशीरुल इस्लाम नूरी, हाजी मो. शकूर अंसारी, नायाब अख्तर, मो. शोएब अंसारी, मो. अख़लाक, मो. कैशिफ़ अयूबी, मो. नौशाद, हाजी मो. नौशाद आलम, नवेली अयूबी, गुफ़रान अयूबी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

## उद्घाटन कार्यक्रम में करौं से जायेंगे सैकड़ों भाजपाई



**करौं.** स्थानीय कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में गुरुवार को देवघर में जिला भाजपा कार्यालय के उद्घाटन को लेकर प्रखंड भाजपा अध्यक्ष दिलीप यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी. बैठक में प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि प्रखंड से ढाई सौ मोटरसाइकिल के साथ सभी कार्यकर्ता जिला भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे. इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है. कहा कि उद्घाटन समारोह में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उपस्थित रहेंगे. कार्यकर्ता जिला का कार्यालय उद्घाटन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचेंगे. मौके पर लखन चौधरी, अशोक यादव, पूर्णानंद राय, मोहन कुमार, सीताराम रवानी, सौरभ झा, गुड्डु भोक्ता, नंदलाल तिवारी, रूपेश सिंह, शंकर मंडल, प्रकाश यादव, प्रयाग दास, राजेंद्र कुमार राय, बिंदेश्वरी मंडल समेत दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## सीओ ने ग्राम प्रधान सह मूल रैयतों के साथ की चर्चा

**करौं .** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को सीओ ऋषि राज की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान सह मूल रैयतों की मासिक बैठक का आयोजन किया. उन्होंने बकाया लगान अति शीघ्र जमा करने का निर्देश दिया. प्रधानी मूल रैयत जमीन को गैर मजरुआ जमीन की रिपोर्ट अति शीघ्र अंचल कार्यालय में जमा करने को कहा. सभी प्रधानों से अतिक्रमण की गयी सरकारी जमीन की सूची शीघ्र उपलब्ध करने का निर्देश एक सप्ताह के भीतर देने का निर्देश दिया. सभी ग्राम प्रधानों को पंजी-टू को पंजीकृत करने को कहा. बैठक में अंचल निरीक्षक अमरेंद्र झा, प्रधान संघ के प्रखंड अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, राजस्व उप निरीक्षक अमरनाथ, नाजीर आकाश झा, अरुण राय, विपिन गुप्ता, मोतीलाल सोरेन, मैनेजर मंडल, रोहित दास, त्रिपुरारी दास, दयाराम महतो, मनोज मंडल, परमेश्वर टुडू आदि थे.

## इंटक के नेताओं ने एम्स निदेशक से की मुलाकात




**देवीपुर.** देवघर जिला इंटक के जिलाध्यक्ष अनंत मिश्रा व झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉक्टर) नितिन एम. गंगने से मुलाकात की, साथ ही बुके देकर उनका स्वागत किया. इस अवसर पर इंटक के दोनों नेताओं ने श्री गंगाने से एम्स देवीपुर में विस्थापित रैयतों के आश्रितों को नौकरी देने, झारखंड सरकार के निर्णयानुसार 75 प्रतिशत स्थानीय व्यक्तियों को नौकरी देने व निबंधित गोचर और गैर निबंधित गोचर के बदले गोचर जमीन उपलब्ध कराने से संबंधित बातें की. झारखंड इंटक प्रदेश सचिव अजय कुमार ने कहा कि जिन रैयतों की जमीन एम्स में गयी है. उन्हें प्राथमिकता के आधार पर एम्स में नौकरी मिलनी चाहिए. वहीं स्थानीय लोगों को भी प्राथमिकता के आधार पर बहाली में अवसर देने पर चर्चा की.

## ग्राम प्रधानों की मांग, मिले बकाया सम्मान राशि



**देवीपुर .** प्रखंड के सभागार में गुरुवार को प्रधान संघ की बैठक अध्यक्ष बरुण राय की अध्यक्षता व सीओ खेपालाल राम की उपस्थिति में की गयी. ग्राम प्रधान मूल रैयत की बैठक में विगत सात माह से सम्मान राशि नहीं मिलने पर ग्राम प्रधानों ने नाराजगी जतायी, साथ ही सीओ से सम्मान राशि के भुगतान की मांग की. बैठक में मौजूद अंचल अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधान मूल रैयत को खजाना वसूली में तेजी लाने का आदेश दिया, जिस पर ग्राम प्रधान के अध्यक्ष ने बताया कि बहुत से ग्राम प्रधान का पंजी-टू में अभी तक नाम नहीं चढ़ा है. ऐसे में लगान वसूली करने में काफी दिक्कत हो रही है. मौके पर जयकांत बिहारी, बैजनाथ यादव, समेत दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद थे.

## भूमि का अतिक्रमण करने वालों की सूची दें : सीओ

**सारवां.** सीओ राजेश कुमार साहा ने ग्राम प्रधान मूल रैयतों की बैठक गुरुवार को सभागार में की. बैठक में ग्राम प्रधान और मूल रैयतों को निर्देश देते कहा कि लगान वसूली के लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करें. इसके साथ ही उन लोगों को अपने अपने मौजा क्षेत्र के सरकारी भूमि को चिह्नित कर अतिक्रमण करने वालों की सूची बनाकर अविलंब अंचल कार्यालय में देने का निर्देश दिया. इस अवसर पर उन लोगों को अपने मौजा का खाता पंजी अपडेट रखने को कहा गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित र्रवाई हो सके. इस अवसर पर ललित नारायण वर्मा, शिवनारायण वर्मा, जगरनाथ दास, जयदेव यादव, संतू महतो, कामदेव झा,किशोर सिंह, मनभरण पंडित, विनोद वर्णवाल, बाबूलाल आदि उपस्थित थे.

## मधुपुर को संवारने के लिए नगर परिषद को मिला नया उपकरण

# 50 लाख की रिफ्यूज कॉम्पेक्टर मशीन से होगा कचरे का उठाव

- नगर परिषद के कर्मियों को इसे चलाने का दिया जायेगा प्रशिक्षण
- नगर परिषद को अन्य कई मशीनें भी पहले ही मिल चुकी हैं

**प्रतिनिधि, मधुपुर**

नगर परिषद को कचरा उठाव के लिए रिफ्यूज कॉम्पेटर मशीन गुरुवार को मिल गया. मशीन के माध्यम से डस्टबीन के कचरे को ऑटोमेटीक कॉम्पैक्टर में शिफ्ट किया सकेगा. इस प्रक्रिया से कचरा प्रबंधन और उसका निबटान आसान हो जायेगा. मशीन की कीमत तकरीबन 50 लाख रुपये है. इसकी क्षमता 11 सौ लीटर की है. मशीन सप्लाई करने वाली कंपनी दो साल तक इसका रख रखाव करेगी, साथ ही प्रारंभिक स्तर पर इसको चलाने के लिए नगर परिषद के कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा. बताया जाता है कि मधुपुर नगर परिषद में पिछले एक माह के दौरान अलग- अलग कई मशीनें मंगायी गयीं हैं. इससे नगर परिषद को शहरी इलाके को स्वच्छ रखने में आसानी होगी.

### कंपनी को दो साल तक करना है मशीन का रखरखाव




मधुपुर नगर परिषद को मिली नयी मशीन.

बताते चले कि इससे पूर्व दो फॉगिंग मशीन लगे हुए वाहन मिले है. दोनों वाहन एक करोड़ 68 लाख की लागत से खरीदी गयी है. दोनों ही वाहन में डबल बैरल की फॉगिंग मशीन लगी हुई है. फॉगिंग मशीन लगे वाहन की आपूर्ति करने वाली कंपनी को भी दो साल तक वाहनों का रख रखाव करना है. इसके अलावा कंपनी को ही मच्छर मारने वाला केमिकल देना है. बताया जाता है कि नगर परिषद को दोनों ही मशीनों की नियमित रूप से देखरेख कर शहर के विभिन्न वार्डों में चलवाना है. नियमित रूप से फॉगिंग मशीन चलने से अब शहर वासियों को मच्छरों से निजात मिलने की संभावना है.

वही पिछले माह नगर परिषद ने दो जटायु मशीनें भी मिली. इससे सड़कों की साफ-सफाई होगी. मशीन सड़कों से सूखा कचरा साफ करने का काम करेगी. ये मशीन वैक्यूम क्लीनर जैसा काम करती है. बताया जाता है कि दोनों मशीन को करीब सवा करोड़ की लागत से मंगाया गया है. इसके अलावा नगर परिषद को करीब 20 लाख की लागत से दो छोटे-छोटे सफाई वाहन भी मिले है, जब मशीन कूड़ा-कचरा से पूरी तरह फुल हो जाती है, तो वैक्यूम क्लीनर की ही तरह इसे खाली करना भी आसान है.

## शव मिलने के चार दिनों के बाद खदान से मिला महिला का सिर

- थाना क्षेत्र के मिसरना गांव से 65 वर्षीय कमली देवी का कर लिया गया था अपहरण
- डायन के शक में महिला की कर दी गयी थी हत्या

**प्रतिनिधि, मधुपुर**



खदान जहां मिली थी लाश. फाइल फोटो

थाना क्षेत्र के मिसरना गांव से अपहृत 65 वर्षीय कमली देवी का सिर पुलिस ने गुरुवार को काफी मशक्कत के बाद गौरी पहाड़ी के पत्थर खदान से बरामद कर लिया है. बताया जाता है कि ट्यूब के सहारे तैराकों ने शव को निकाला है. इस दौरान घटनास्थल पर इंस्पेक्टर इंचार्ज एसके गुप्ता समेत पुलिस टीम घंटों कैंप करते रही. विदित हो कि मिसरना में अंधविश्वास में महिला का अपहरण 27 नंवबर को गांव के ही कुछ लोगों ने कर लिया था. घटना को लेकर महिला की पुत्री ललिता देवी ने मधुपुर थाना में हत्या की आशंका जताते हुए अपहरण का मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद पुलिस ने 30 नवंबर को एनएडीआरएफ की मदद से गौरी पहाड़ी की खदान से महिला की सिर कटी लाश को बरामद किया था.

इस दौरान घंटों तलाश के बाद सिर नहीं मिला, जिसके बाद पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों को अलग- अलग हिरासत में लेकर पूछताछ की. इस बीच महिला के सिर को पुलिस ने गुरुवार को बरामद कर लिया है. बताया जाता है कि डायन होने का आरोप लगाते हुए आरोपित कमली देवी को घर से खींचकर अपहरण कर लिया गया था. कमली देवी के पड़ोस में एक 14 वर्षीय किशोर को अकास्मिक मौत हुई थी. 27 नवंबर को उसका श्राद्ध कर्म था. उस भोज में आरोपित कमली देवी को जबरन ले जाने के लिए अपहरण कर ले जाया गया था. उसके बाद से ही वह लापता थी. मामले में मृतका कमली देवी की बेटी सारवां थाना क्षेत्र के खरकना गांव निवासी ललिता देवी ने मिसरना के लखन मंडल, गिरिश मंडल व उसकी पत्नी, अनिल मंडल, बजवा देवी, रेखा देवी, भागीरथ मंडल, मालती देब्या समेत अन्य 10 - 11 लोगों को आरोपित बनाते हुए मामला दर्ज कराया था. पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना में संलिप्त आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा.

## जीएम से मिले बीकेएमएस के नेता जेसीसी में मान्यता देने की मांग



चितरा कोलियरी जीएम एके आनंद को पत्र सौंपते मजदूर नेता व सदस्य.

www.prabhatkhabar.com
संबंधित खबर देखने के लिए स्कैन करें

**प्रतिनिधि, चितरा**

भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ (बीकेएमएस) के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को कोलियरी प्रबंधन से बैठक कर एक पत्र महाप्रबंधक एके आनंद को सौंपा. इस संबंध में बीकेएमएस के अध्यक्ष अरुण महतो ने कहा कि गत 21 नवंबर को चितरा कोलियरी में भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ नामक ट्रेड यूनियन का विस्तार किया गया था. इसी आलोक में बीकेएमएस चितरा यूनिट के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा केंद्रीय कमेटी की ओर से भेजे गये पत्र को कोलियरी प्रबंधक एके आनंद को सौंपा गया, साथ ही कहा कि उन्होंने महाप्रबंधक से आग्रह किया कि उक्त कमेटी को जेसीसी में मान्यता दें, जिससे मजदूरों के उचित मांगों पर आपस में बैठकर विचार विमर्श करे सकें. वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि हमलोग हमेशा मजदूर हित और कोलियरी हित में कार्य करेंगे, जिससे चितरा कोलियरी का विस्तार तेजी से होगा और मजदूरों की समस्याएं भी दूर होंगी, साथ ही उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को उजागर करना पहली प्राथमिकता होगी. इस मौके पर एपीएम तारांकांत मिश्रा, यूनियन के संरक्षक भूदेव चंद्र महतो, सचिव दिनेश महतो,उपाध्यक बीरबल दास, हरीश चंद्र महतो, संजय राय, कोषाध्यक्ष सुदीप कुमार महतो, सह कोषाध्यक्ष शंकर कोल, मीडिया प्रभारी टिंकू पोद्दार, सदस्य खूबलाल महतो, छोटू महतो, उमेश महतो समेत अन्य उपस्थित थे.

## शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**मधुपुर .** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल मधुपुर के द्वारा शहरी क्षेत्र में आरडीएसएस योजना अंतर्गत पोल व एलटी नंगा तार को कवर तार से बदलने का कार्य बड़े पैमाने पर किया जायेगा, जिसे लेकर शुक्रवार को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, जिस कारण ओझा मोड़, मीना बाज़ार, धोबी मोहल्ला, गांधी मैदान, रेफरल रोड अमृत अकादमी, चंपा कोठी, पनहाकोला में 11केबी टाउन फ़ीडर वन से होने वाली क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी. इसकी जानकारी विभाग के सहायक अभियंता दीपक कुमार ने दी है.

## अबुआ आवास का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**मारगोमुंडा .** प्रखंड क्षेत्र की कानों पंचायत में अबुआ आवास योजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण बीडीओ शशि संदीप सोरेन ने गुरुवार को किया. निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने लाभुकों से मिलकर आवास निर्माण की स्थिति की जानकारी ली और निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया. कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी. बीडीओ ने कई अधूरे निर्माणों का स्थल पर ही मूल्यांकन किया और संबंधित कर्मियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का आदेश दिया, साथ ही उन्होंने लाभुकों को सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी. ताकि पात्र परिवारों को समय पर उनका आवास मिल सके. मौके पर प्रखंड समन्वयक कमल कोल, पंचायत प्रतिनिधि व लाभुक मौजूद थे.

## निजी स्कूलों पर मनमानी का लगाया आरोप, एसडीओ को दी शिकायत

**मधुपुर .** नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष जियाउल हक टार्जन ने निजी स्कूलों पर कई आरोप लगाते हुए मनमानी की शिकायत एसडीओ राजीव कुमार को दी. इस संबंध में पूर्व उपाध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि क्षेत्र में चल रहे निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए. सीबीएसइ व आइसीएसइ बोर्ड से संचालित विद्यालयों की नियमावली उपलब्ध कराने की मांग की है. एसडीओ को सौंपे ज्ञापन में जिक्र किया है कि प्रतिवर्ष बच्चों से रि-एडमिशन के नाम पर शुल्क, किताब, जूत्ते-मौजे की बिक्री के अलावा विद्यालय के कार्यों के लिए अभिभावकों से पैसा लिया जा रहा है. इसको लेकर बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है.

## बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में शामिल संस्था के सदस्य.

**मधुपुर .** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतो में आश्रय संस्था के तत्वावधान में गुरुवार को भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने को लेकर अभियान के क्रम में सौ दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. मौके पर संस्था की सचिव दीपा कुमारी ने कहा कि जिला प्रशासन बाल विवाह के खात्मे की दिशा में बढ़ चढ़कर प्रयास कर रहा है. आज पूरा देश एकजुट है और देश का शीर्ष नेतृत्व बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है. ऐसे में हम निश्चित रूप से 2030 से पहले ही देश को इस अपराध से मुक्त बना देंगे. दुनिया जिसे कभी असंभव मानती थी, वह आज भारत में संभव होता दिखाई दे रहा है. कहा कि आश्रय बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है. पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके है. बताया कि इस अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है. इसका आखिरी चरण आठ मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाप्त होगा.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमण्डल, पाकुड़।
Email-Id- wrdeepakur@gmail.com.

पत्रांकः– 565 / पाकुड़, दिनांक 03.12.2025

शुद्धि–पत्रः–

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए ई–निविदा आमंत्रण संख्या–WRD/IRR.DIV.PAKUR F2-11/2025-26 दिनांक 21.11.2025 जिसका PR No. 366870(25-26)D का सभी ग्रूप एवं ई–निविदा आमंत्रण संख्या–WRD/IRR.DIV.PAKUR F2-13/2025-26 जिसका PR No. 367062(25-26)D का ग्रुप संख्या 04 एवं 05 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमण्डल, पाकुड़।

PR 367751 (Irrigation) 25-26 (D)

JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
Science and Technology Campus,
Sirkha-Toli, Namkum Ranchi 834010 http:/www.jutranchi.ac.in

No: JUT/PUR/11/2025/ 1469 Date: 01/ 12/2025

Notice Inviting Tender (NIT)

Online Tenders are invited in Two-Bid System (Technical Bid and Financial Bid) from eligible and experienced firms/agencies for **Hiring of Manpower Outsourcing Agency at Minimum wages** at Jharkhand University of Technology (JUT), Ranchi.

| | |
|---|---|
| Tender No. | Ref. No. JUT-**Pur/11/2025/1469** |
| Date of Tender | **02-12-2025** |
| Name of work | **Hiring of Manpower Outsourcing Agency at Minimum wages** |
| Bid System | Two-Bid System (Technical Bid & Financial Bid). |
| Last date & time of submission of Tender | 18/ 12/2025 up to 02:00 PM |
| Place, Date & Time of Opening the Technical Bids. | 18/12/2025 at 4:00 PM at Conference Room, JUT, Science and Technology Campus, Sirkha Toli, Namkum, Ranchi - 834010 |
| Place, Date & Time of Opening the Financial Bids. | Will be Announced further |
| Earnest Money Deposit | Earnest Money Deposit (EMD) of Rs. 1,00,000/- (Rs. One Lakh Only) in the form of DD/FD in the favour of "The Registrar, Jharkhand University of Technology " payable at Ranchi, to be submitted in the Technical Bid. |
| Contact No. | Purchase Officer: +918271936438 |

Note : 1. Bids must be submitted only through GeM Portal (www.gem.gov.in).
2. Offline/late bids will not be accepted.
3. Bid documents can be downloaded from www.jutranchi.ac.in and www.gem.gov.in

Sd/-
Registrar (I/C),
Jharkhand University of Technology, Ranchi

PR 367659 (Jharkhand University of Technology) 25-26 (D)

पूर्व रेलवे
ई-नीलामी सूचना
आसनसोल मंडल के तहत जसीडीह स्टेशन में ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) का प्रावधान

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत जसीडीह रेलवे स्टेशन में ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) के प्रावधान के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण नीचे उल्लेखित है : **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एएसएन-एवीएम-25-4. **सिक्वेंस सं.:** एए/1; **लॉट सं./श्रेणी :** एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एवीएम-112-25-1; **ई-नीलामी की तारीख/समयः** 16.12.2025 को दोपहर 12.30 बजे। **कार्य का विवरणः** पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए जसीडीह स्टेशन के स्टेशन बिल्डिंग के पुराने पोर्टिको में कैटरिंग सेवाओं के लिए एकल प्रारूप में ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) (5 फीट x 3 फीट = 15 वर्ग फीट) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवंटन। (ASN-265/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
IRRIGATION MECHANICAL DIVISION, DEOGHAR
email ID – eeimddeoghar@gmail.com

Corrigendum

e-Tender Reference No. :- WRD/IMD/Deoghar/06F2 / 2025-26 dated 28.11.2025
e-Tender Published Vide PR 367442 Water Resource (25-26).D
Name of the work:- Fabrication & Installation of E/R gate at Chain No. 21 of Punasi Main Canal under Punasi Reservoir Scheme.
Class of Contractor eligibility *(As per WRD Registration) is changed to Class 2 & 3.
All other terms and conditions remain un-changed.

Executive Engineer
Irrigation Mechanical Division, Deoghar

PR 367657 Water Resource(25-26).D

वॉक–इन–इंटरव्यू
मंडल रेलवे अस्पताल, मालदा और रेलवे हेल्थ यूनिट, साहिबगंज में कॉन्ट्रैक्चुअल मेडिकल प्रैक्टिशनर की नियुक्ति

**अधिसूचना सं. ई/सीएमपी/एमएलडीटी/पीटी–III दिनांक: 04.12.2025**
मालदा मंडल द्वारा मंडल रेलवे अस्पताल, मालदा और रेलवे हेल्थ यूनिट, साहिबगंज के लिए नियुक्ति की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए या नियमित चिकित्सक (आईआरएचएस) की पोस्टिंग होने तक, जो भी पहले हो, अनुबंध के आधार पर पूर्णकालिक जनरल ड्यूटी मेडिकल प्रैक्टिशनरों (सीएमपी) की नियुक्ति की जाएगी। मेडिकल प्रैक्टिशनर, जो अपेक्षित योग्यता, आयु और ड्रिग्री को पूरा करते हैं और इस तरह की नियुक्ति के लिए इच्छुक हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित स्थान और समय पर वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए सभी मार्कशीट, प्रमाण पत्रों और शंसापत्रों के साथ रिपोर्ट करें। **स्थानः** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, मालदा, झलझलिया, पिन–732102, **साक्षात्कार की तिथिः** 22.12.2025 (सोमवार), **रिपोर्टिंग समयः** 10.30 बजे। ● साक्षात्कार में भाग लेने के लिए, आवेदकों से अनुरोध है कि वे आयु, योग्यता, चिकित्सा पंजीकरण संख्या, अनुभव आदि के समर्थन में शैक्षणिक प्रमाण पत्र, एमबीबीएस, एमएस/एमडी/पीजी डिप्लोमा की सभी मार्कशीट, सभी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार की मूल प्रति और साथ ही उनकी स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ 2 पासपोर्ट साइज फोटो लाएं। उपयुक्तता का आकलन एमबीबीएस/बीडीएस परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत, अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता, अर्थात पीजी डिग्री, पीजी डिप्लोमा, कार्य अनुभव और मौखिक परीक्षा (व्यावसायिक जानकारी, व्यक्तित्व आदि) के आधार पर किया जाएगा। केंद्र/राज्य सरकार के राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र और पूर्ववृत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। ● रिक्तियों की सं., आयु सीमा, पारिश्रमिक और योग्यताएँ इस प्रकार हैं: **श्रेणीः** चिकित्सक (सीएमपी)। **रिक्तियों की संख्याः** मालदा – 1, साहिबगंज – 1, **आयुः** दिनांक 01.01.2025 को 53 वर्ष से अधिक नहीं। **वेतन/परिलब्धियाँः** रु. 95,000/– प्रति माह (फिक्स्ड)। **अपेक्षित योग्यताः** एमबीबीएस, किसी स्टेट मेडिकल काउंसिल का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र। कुल रिक्तियाँ दो हैं और सीएमपी की पोस्टिंग मालदा मंडल में किसी भी हेल्थ यूनिट में की जा सकती है। पैनल का प्रकाशन नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं देता है। ● **नियम और शर्तेंः– नियुक्ति की प्रकृतिः** पूर्णतया अनुबंध के आधार पर। **पारिश्रमिकः** (1) भुगतान मुख्य रूप से "कार्य नहीं, भुगतान नहीं के आधार" पर किया जाएगा। (2) एनईएफटी के माध्यम से भुगतान के लिए, बैंक के आईएफएससी कोड के साथ एक बैंक खाता संख्या आवश्यक है। **टिप्पणीः** आवेदन का प्रारूप साक्षात्कार की तिथि को कार्यालय में उपलब्ध होगा। यह अधिसूचना और आवेदन का प्रारूप रेलवे की वेबसाइटः**www.er.indianrailways.gov.in (go to Eastern Railway>>Division>>Malda Division>>Recruitment page)** पर उपलब्ध होगा।

मंडल रेल प्रबंधक, मालदा

पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, देवघर

भर्ती कैम्प –2025

स्थान– जिला नियोजनालय देवघर। दिनांक– 06.12.2025 समय–10:30 पूर्वाहन से

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत दिनांक– 06.12.2025 को भर्ती–कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती–कैम्प में निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थि होने हेतु सहमति जताई है:–

| Sl No. | Company Name | Name Of the Post | No. of Vacancies | Qualification | Experience | Pay/Salary | Age | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Firstfly Corporate | Apprentice | 300 | 10th 12th & ITI | Fresher | 17087 | 18-32 | Aurangabad Maharashtra |
| | | | | Any Graduate | Fresher | 18587 | 18-32 | Aurangabad Maharashtra |
| | | | | Diploma | Fresher | 20692 | 18-32 | Aurangabad Maharashtra |
| | | | | 12th & ITI | Fresher | 17237 | 18-32 | Aurangabad Maharashtra |
| 02 | Blinkit | Delivery boy | 200 | 08TH | Fresher | 12000/- 22000/- | 18-35 | Gorgon Hyderabad |

नोट– आवेदक को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, उल्लेखनीय है कि जिला नियोजनालय देवघर में आवेदक नियोजनालय वेव पोर्टल– https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ के होम पेज के New Jobseeker में जाकर स्वंय भी निबंधन कर सकते है। चुँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है इसलिए सभी प्रकार के सेवा शर्तो, चयन प्रकिया के लिए नियोजक उत्तरदायी है, नियोजनालय मात्र सुवधि प्रदाता के रूप में कार्य करता है।
भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भता देय नही है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा के साथ भर्ती–कैम्प में भाग लें। स्थानीय रिक्तियों में रोजगार के अवसर के लिए आवासीय प्रमाण– पत्र लाना अनिवार्य है।

PR 367728 (Deoghar)25-26*D
जिला नियोजन पदाधिकारी देवघर

# यात्री सुरक्षा से खिलवाड़

एयर इंडिया द्वारा हाल ही में बिना सुरक्षा सर्टिफिकेट के आठ रूटों पर विमान उड़ाये जाने का खुलासा यात्रियों की सुरक्षा खतरे में डालने का बेहद चौंकाने वाला उदाहरण है. विगत 24-25 नवंबर को एयर इंडिया के 164 सीटर ए-320 नियो विमान ने आठ बार उड़ान भरी, जबकि उसका एयरवर्दीनेस सर्टिफिकेट (हवा में उड़ने की योग्यता का लाइसेंस) एक्सपायर हो चुका था. एक इंजीनियर द्वारा गड़बड़ी का पता लगाने के बाद यह मामला सामने आया. एयरवर्दीनेस सर्टिफिकेट डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) जारी करता है और हर साल इसका नवीकरण कराना पड़ता है. यह सर्टिफिकेट सुनिश्चित करता है कि विमान का नियमित रख-रखाव हुआ है और वह उड़ान भरने के लिए सुरक्षित है. ए-320 नियो विमान पहले विस्तारा एयरलाइन के बेड़े में था, पर नवंबर, 2024 में विस्तारा के एयर इंडिया में विलय के बाद यह विमान एयर इंडिया का हिस्सा बन गया. विलय के बाद एयर इंडिया समूह इंडिगो के बाद दूसरी सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन और देश की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन है. बिना वैध लाइसेंस और सर्टिफिकेट के विमान उड़ाना चूंकि गंभीर अपराध माना जाता है, इस कारण एयर इंडिया पर भारी जुर्माना लगने की आशंका तो है ही, उसके शीर्ष अधिकारियों का निलंबन भी हो सकता है. डीजीसीए ने इस गंभीर चूक की जांच शुरू कर दी है और जांच पूरी होने तक की अवधि के लिए उस विमान को सेवा से हटा दिया गया है. एयर इंडिया ने उन सभी लोगों को निलंबित कर दिया है, जो उस विमान को बिना वैध लाइसेंस के उड़ाने के फैसले में शामिल थे. यह मामला एयर इंडिया के संचालन में हुई गड़बड़ियों की श्रृंखला में नयी कड़ी है. इससे पहले इसके शीर्ष अधिकारियों को विमान के उन पुर्जों को संचालित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किये गये थे, जो एक्सपायर हो चुके थे. कुछ महीने पहले डीजीसीए ने एयर इंडिया के इंजीनियरिंग गुणवत्ता विभाग के प्रमुख को निलंबित कर दिया था. और सर्वोपरि, इसी साल जून में लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक ड्रीमलाइनर अहमदाबाद में क्रैश हो गया था, जिसमें 260 लोग मारे गये थे. लगातार हो रही ये गड़बड़ियां एयर इंडिया की प्रतिष्ठा को सुधारने में आ रही उन मुश्किलों को दर्शाती हैं, जो इस कंपनी के निजीकरण के चार साल बाद भी जारी हैं. जाहिर है, एयर इंडिया को अपनी सुरक्षा प्रक्रियाओं और गुणवत्ता नियंत्रण पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है.

**बिना एयरवर्दीनेस सर्टिफिकेट के विमान उड़ाने की घटना एयर इंडिया की घनघोर लापरवाही का उदाहरण है. लगातार हो रही गड़बड़ियां एयर इंडिया की प्रतिष्ठा को सुधारने में आ रही उन मुश्किलों को दर्शाती हैं, जो इसके निजीकरण के चार साल बाद भी जारी हैं.**

# वायु प्रदूषण के लिए हम सब जिम्मेदार



पद्मश्री डॉ अनिल प्रकाश जोशी
पर्यावरणविद्
anilpjoshi@gmail.com

**अब वायु प्रदूषण से संबंधित जो ताजा वैश्विक रिपोर्ट आयी है, उसमें एक बार फिर हमारी स्थिति ही सबसे बदतर पायी गयी है. दुनिया के 40 शीर्ष प्रदूषित शहरों में भारत ही आता है. पिछले दशक को भी देखें, तो भारत की राजधानी और बड़े शहर अधिकांशतः सबसे प्रदूषित श्रेणी में ही दर्ज थे. सरकारें अपनी तरफ से प्रयत्न करती हैं, लेकिन प्रदूषण पर अंकुश लगाना केवल सरकार के बस की बात नहीं है. प्रकृति सबकी है, इसलिए जब तक सबका व्यवहार इसकी बेहतरी की दिशा में नहीं होगा, तब सरकारें भी निरुत्तर और असहाय हो जायेंगी.**

हमारी पारिस्थितिकी का भविष्य क्या होने वाला है, इसकी चिंता अब सबको हो जानी चाहिए. विडंबना यह है कि प्रकृति और पर्यावरण से हमने ऐसा कोई संबंध नहीं रखा, ताकि हम यह सोच सकें कि इसके बिना सब शून्य है. अगर हम अपनी कोई भी गतिविधि देखें, तो पायेंगे कि किसी न किसी रूप में ये सब प्रकृति से जुड़ी ही होती हैं. गतिविधियां चाहे शारीरिक हों, मानसिक हों या भौतिक- इन सबका सीधा संबंध वस्तुतः हमारी प्रकृति से ही है. दुर्भाग्य यह है कि हम अब आवश्यकताओं और आरामतलबी में इस तरह से घिर गये हैं कि कोई भी प्रयास या सही सोच प्रकृति और पर्यावरण के प्रति विकसित ही नहीं कर पा रहे. यह विडंबना ही है कि जब हम एक भी पल बिना सांस और बिना प्राणवायु के नहीं रह सकते, तब भी हम इसके प्रति गंभीर नहीं हैं. इसी तरह 'बिन पानी सब सून' जैसे मुहावरे से तो परिचित हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में सच्चाई की हम कल्पना नहीं करना चाहते. भोजन का ही उदाहरण लीजिए- यदि किसी तरह तीन-चार दिन भोजन न मिले, तो शरीर का सारा तंत्र बिखर जायेगा, यह हम सब जानते हैं. लेकिन इन तीनों के प्रति हम कितनी चिंता करते हैं, यह भी जान रहे हैं. इसका उत्तर किसी सरकार को नहीं देना, बल्कि हम सबको देना है, क्योंकि सरकार तो हम ही बनाते हैं. यदि हम ही चिंता नहीं करेंगे, तो यह सरकार की चिंता का हिस्सा भी नहीं बन सकता.

अब वायु प्रदूषण से संबंधित जो ताजा वैश्विक रिपोर्ट आयी है, उसमें एक बार फिर हमारी स्थिति ही सबसे बदतर पायी गयी है. दुनिया के 40 शीर्ष प्रदूषित शहरों में भारत ही आता है. यह वही ढर्रा है, जो लगातार पिछले कई वर्षों से जारी है. पिछले दशक को भी देखें, तो भारत की राजधानी और बड़े शहर अधिकांशतः सबसे प्रदूषित श्रेणी में ही दर्ज थे. हम सबकी जानकारी में यह सब कुछ है, लेकिन विडंबना यह है कि जानते हुए भी हम इस पर कभी गंभीरता से सोचते नहीं हैं. यही इसका सबसे गंभीर पहलू है. प्रदूषित हवा में मौजूद अवयव और तत्व धीमे जहर की तरह हैं, जो हर क्षण हमारे शरीर में प्रवेश करते रहते हैं, लेकिन चूंकि यह मनुष्य को सेकंडों में नहीं मारता, इसलिए हम इसकी गंभीरता को समझना ही नहीं चाहते. मौजूदा स्थिति में सबसे बड़ा सवाल यही है कि हम आने वाले समय को कैसे देखें? या तो जो कुछ चल रहा है, उसे इसी तरह चलने दें. वैसे में, धीरे-धीरे यह दुनिया गैस चैंबर में बदल जायेगी, और फिर एक दिन हम सब के अस्तित्व पर संकट के बादल घिर जायेंगे. या फिर, यदि ऐसा लगता हो कि इस तरह की दमघोंटू स्थिति से मुक्त होना है, तो गंभीरता से सोचना होगा कि हमारे लिए बड़े कदम क्या होने चाहिए.

सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि जिन तीन महत्वपूर्ण प्राकृतिक प्रसादों से हमारा जीवन संभव था, उन्हें हमने विषाक्त कर दिया. मिट्टी विषैली हो गयी, पानी प्रदूषित हो चुका है, और हवा हमारी पकड़ से बाहर जा चुकी है. इन तीनों में भी प्राणवायु हमारे लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि इसका नाम ही प्राण से शुरू होता है और इसका अर्थ भी स्पष्ट है कि बिना प्राणवायु के हम नहीं जी सकते. और उसी की हालत ऐसी हो जाये और हम तब भी भयभीत न हों, तो पूरी मानव जाति के लिए इससे बड़ा अपराध और विडंबना क्या हो सकती है? वायु प्रदूषण के जो आंकड़े सामने आये हैं, वे चयनित शहरों और देशों के आधार पर हैं. लेकिन यदि हम पूरे देश की परिस्थिति देखें, तो इस देश का कोई भी शहर ऐसा नहीं है, जो प्रदूषण से मुक्त हो, और इनमें पीएम 2.5 की बहुत बड़ी हिस्सेदारी है. अकेले दिल्ली की ही यदि बात करें, तो इसके कई इलाकों में पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से 20 गुना ज्यादा पाया गया है, जिसके कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा है और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत प्रतिबंध फिर से लागू करने पड़े हैं.

पीएम 2.5 कण वे हैं, जो छोटे-छोटे विषैले तत्वों से मिलकर बनते हैं, और इनमें जलकण भी होते हैं, जो इन्हें बांध कर रखते हैं. लेकिन जब ये शरीर में प्रवेश करते हैं, और लंबे समय तक ऐसी ही परिस्थितियों में व्यक्ति रहता है, तो वह कई तरह की बीमारियों का शिकार जाता है. और अगर कोई व्यक्ति पहले से ही किसी बीमारी की चपेट में है, तो यह बीमारियों को और भी बढ़ा देता है और जीवन तेजी से क्षीण होने लगता है, क्योंकि नाइट्रस ऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड- ये सभी अत्यंत घातक गैसें हैं, जो वायु को विषाक्त बनाती हैं. इनके स्रोत भी अब अनगिनत हो चुके हैं, जैसे-बढ़ती गाड़ियों की संख्या, जगह-जगह सड़क निर्माण (क्योंकि विकास तो बढ़ना ही है), और हमारी विलासिता से जुड़े तमाम गैजेट्स और अन्य गतिविधियां. इस तरह हमारी लगभग हर गतिविधि किसी न किसी रूप में वायु प्रदूषण या अन्य प्रदूषणों का स्रोत बनती जा रही है. सरकारें अपनी तरफ से प्रयत्न करती हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि प्रदूषण पर अंकुश लगाना केवल सरकार के बस की बात नहीं है. प्रकृति सबकी है, इसलिए जब तक सबका व्यवहार इसकी बेहतरी की दिशा में नहीं होगा, तब सरकारें भी निरुत्तर और असहाय हो जायेंगी. यदि हम अपने व्यवहार पर नजर डालें, तो पता चलेगा कि हमने अपनी जीवनशैली ऐसी बना ली है कि यह जानते हुए भी, कि ऐसा जीवन न खुद के लिए अच्छा है, न समाज के लिए, और न ही आने वाले समय के लिए, फिर भी मौजूदा जीवनशैली से हम मुक्त नहीं हो पा रहे हैं. और लगातार हम हर तरह के प्रदूषण को बढ़ाते ही जा रहे हैं.

उधर प्रकृति की प्रतिक्रिया, जिसे हम क्लाइमेट चेंज और वैश्विक ऊष्मीकरण के रूप में जानते हैं, अपनी गति से चल रही है. जब मनुष्य नहीं रुकेगा, तो प्रकृति भी अपने स्तर पर उत्तर देगी- और ऐसा हो भी रहा है. यदि हम पिछले पचास साल के प्रकृति संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करें, तो यह मानना पड़ेगा कि हम धीरे-धीरे सब कुछ खराब कर चुके हैं. मतलब स्पष्ट है. हमारे बचने की संभावना अब यही है कि जो भी हमारे हाथ में बचा है, उसे संभाल कर रख लें. अगर हमने इसी तरह जीवन जीना जारी रखा, तो हम प्रकृति के प्रकोप और उसके काल की मार से नहीं बच पायेंगे. अब भी समय है कि हम प्रकृति के प्रति गंभीर हों और तत्काल रूप से प्राणवायु तथा पानी व पेट को संबल देने वाले संसाधनों के संरक्षण को अपनी प्राथमिक चिंता में शामिल करें, तभी हमारा अस्तित्व बच पायेगा.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

# संवेदनशील मुद्दों पर संयम और गंभीरता बरते नेपाल



डॉ सौरभ
एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जेएनयू
saurabh_jnu@yahoo.co.in

**नेपाल द्वारा अपने नये नोट में विवादास्पद मानचित्र दिखाना अत्यंत आपत्तिजनक है, जिसमें भारतीय इलाकों को नेपाल में बताया गया है. भारत और नेपाल को द्विपक्षीय संबंधों को बनाये रखते हुए आपसी हितों को आगे बढ़ाना चाहिए. सीमा निर्धारण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर मनचाहा निर्णय लेना उचित नहीं.**

नेपाल ने सौ रुपये के अपने नये नोट पर एक नया राष्ट्रीय राजनीतिक मानचित्र दिखाया है, जिसमें कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा के भारतीय क्षेत्र शामिल हैं. नेपाल के इस कदम ने पहले से चल रही सीमा समस्या को और जटिल बना दिया है. हमें याद रखना चाहिए कि भारत द्वारा लिपुलेख सड़क खोलने के जवाब में नेपाल की संसद ने लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपना क्षेत्र दर्शाते हुए एक नये राजनीतिक मानचित्र को मंजूरी दे दी थी, जिसे भारत ने नेपाल द्वारा दावों का 'कृत्रिम विस्तार' बताया था. लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा परस्पर जुड़े हुए क्षेत्र हैं, जो वर्षों से भारतीय नियंत्रण में हैं, वहां रहने वाले भारतीय नागरिक हैं, भारत में कर देते हैं और भारतीय चुनावों में मतदान करते हैं. नेपाल सरकार ने अपने कथित नये राजनीतिक मानचित्र के अनुरूप नोटों की छपाई का काम चीनी कंपनी को दिया था. नये मुद्रा नोटों के मुद्रण में चीनी कंपनी की भागीदारी ने स्थिति को और जटिल बना दिया है.

लिपुलेख दर्रा सदियों से भारत और तिब्बत के पठार के बीच प्राचीन व्यापार और तीर्थयात्रा मार्ग के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है. व्यापारी, भिक्षुक और तीर्थयात्री ऊन, नमक, बोरेक्स जैसी वस्तुओं व सांस्कृतिक विचारों के आदान-प्रदान के लिए इस दर्रे से गुजरते थे. भारत-नेपाल सीमा का निर्धारण 1816 की सुगौली संधि द्वारा किया गया था. दोनों देशों के क्षेत्रीय दावे काली नदी के उद्गम स्थल पर केंद्रित हैं. नेपाल का तर्क है कि यह नदी लिपुलेख के उत्तर-पश्चिम में लिंपियाधुरा की एक धारा से निकलती है. कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख नदी के पूर्व में स्थित हैं और नेपाल का हिस्सा हैं. भारत का जवाब है कि काली नदी दर्रे के काफी नीचे स्थित झरनों से निकलती है, और हालांकि संधि इन झरनों के उत्तर के क्षेत्र का सीमांकन नहीं करती, फिर भी 19वीं सदी के प्रशासनिक और राजस्व रिकॉर्ड बताते हैं कि कालापानी भारत की ओर था. भारत का वर्षों से इस क्षेत्र पर नियंत्रण है और चीन के साथ सीमा दर्रे तक अपना प्रशासन चलाने व सैन्य बल तैनात करने के अलावा भारत ने पहले भी वहां अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है. वर्ष 1954 में तिब्बत के साथ व्यापार और संपर्क पर भारत-चीन समझौते के तहत इस दर्रे को एक व्यापार मार्ग के रूप में औपचारिक रूप दिया गया था. वर्ष 1992 में एक सहमति पत्र के बाद आधिकारिक तौर पर व्यापार फिर से शुरू हुआ, जिससे यह चीन के साथ व्यापार के लिए खोली गयी भारत की पहली सीमा चौकी बन गयी. उसके बाद 1994 में शिपकी ला और 2006 में नाथू ला को भी व्यापार के लिए खोला गया था. वर्ष 2015 के एक बयान में चीन ने लिपुलेख दर्रे के माध्यम से व्यापार बढ़ाने पर सहमति जताकर भारत की संप्रभुता को मान्यता दी थी.

हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच वार्ता के दौरान शिपकी ला और नाथू ला के साथ लिपुलेख के माध्यम से व्यापार को फिर से खोलने पर सहमति बनी थी. तब जब नेपाल ने लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी को अपना अभिन्न अंग बताया था, तब भी भारत ने कहा था कि काठमांडू के क्षेत्रीय दावे 'न तो उचित हैं और न ही ऐतिहासिक तथ्यों और सबूतों पर आधारित'. सदियों से कैलाश मानसरोवर यात्रा हिंदुओं, बौद्धों और जैनियों द्वारा पवित्र तीर्थयात्रा है. हर साल हजारों भारतीय तीर्थयात्री इस मार्ग का उपयोग करते हैं और भारत सरकार ने परमिट और बुनियादी ढांचे के माध्यम से इसे सुगम बनाया है. उत्तराखंड की स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए, यह तीर्थयात्रा व्यापार के मौसम के दौरान पर्यटन, ट्रैकिंग और सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देती है. भू-राजनीतिक दृष्टि से लिपुलेख भारत की सीमा सुरक्षा और चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य रसद आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है.

मुद्रा विवाद ने सीमा निर्धारण से जुड़ी कूटनीतिक वार्ताओं को और जटिल बना दिया है, और इससे सीमांत जिलों में रहने वाले निवासियों को लेन-देन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है. यदि भारतीय व्यापारी नये नोट लेने से मना कर दें, तो सीमापार व्यापार प्रभावित हो सकता है. भारत-नेपाल सीमा के व्यापारी राजनीतिक संवेदनशीलताओं का हवाला देते हुए नयी मुद्रा स्वीकारने में हिचकिचाहट जता चुके हैं. इस विवाद ने भारत-नेपाल के बीच पर्यटन के भविष्य पर चिंता बढ़ा दी है. हाल के वर्षों में दक्षिण एशिया में अराजकतावादी शक्तियां सरकारें बदलती रही हैं. नेपाल में, जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था हाल के वर्षों में ही आयी है, भारत विरोधी स्वर को कवच बनाकर अपनी विफलता छिपाने का प्रयास राजनीतिक दलों द्वारा किया जा रहा है. सीमा निर्धारण का प्रश्न अत्यंत संवेदनशील है, जिसे सिर्फ बातचीत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है, न कि एकतरफा नीति बनाकर. तेजी से बदलती वैश्विक कूटनीतिक बिसात में, जहां राष्ट्रों के बीच कूटनीतिक धुरी कल्पना से भी कहीं ज्यादा तेजी से बदल रही हैं, भारत और नेपाल को द्विपक्षीय संबंधों को बनाये रखते हुए, व्यापार सहयोग को गहरा करते हुए आपसी हितों को आगे बढ़ाना चाहिए. ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर मनचाहा निर्णय लेना उचित नहीं.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

## देश दुनिया

### मां के कैद में होने का बच्चों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है

सिएरा लियोन की एक युवती ने सीलनभरी कोठरी में अपने छोटे बच्चे को गोद में उठाये हुए मुझसे कहा, 'जब आप एक महिला को कैद करते हैं, तो आप एक परिवार को कैद करते हैं.' मेरे मन में किशोरावस्था की यादें ताजा हो उठीं, जब मैंने अपनी मां को एक फोन कॉल के बाद सिसकते सुना था, जिसमें बताया गया था कि मेरे पिता को राजनीतिक कारणों से जांबिया में गिरफ्तार कर लिया गया है. मुझे पता है कि ऐसी स्थिति में बच्चों को किस तरह का नुकसान उठाना पड़ता है. अपने वकील जीवन के 20 वर्षों से अधिक समय में मैंने सैकड़ों महिलाओं और उनके बच्चों पर कारावास के विनाशकारी प्रभाव को देखा है. साथ ही यह भी देखा है कि कैसे उनकी आवाज नजरअंदाज कर दी जाती है, यहां तक कि महिला अधिकारों के क्षेत्र में भी. जेल में बंद महिलाओं पर हमारा समाज बुरी लड़कियों/महिलाओं का ठप्पा लगाता है. पर क्या हो यदि यह ठप्पा झूठा हो? अधिकांश महिलाओं को अहिंसक अपराधों के लिए जेल में डाला जाता है, और अधिकतर मामलों में महिलाओं को गरीबी, मानसिक बीमारी, दुर्व्यवहार या भेदभाव के कारण अपराधी बनाया जाता है. जो महिलाएं हिंसक अपराध में लिप्त होती हैं, उनका भी एक छोटा-सा हिस्सा आमतौर पर स्वयं हिंसा का शिकार होता है. जेल महिलाओं के लिए सुरक्षित जगह नहीं है. हाशिये पर रह रही महिलाओं को जेल में जाने के बाद और आघात पहुंचता है. संभवतः इसी कारण जेल में बंद महिलाओं द्वारा अपने आपको क्षति पहुंचाने की दर अक्सर पुरुष जेल की तुलना में अधिक होती है. अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार जेल अंतिम सहारा होनी चाहिए, विशेषकर गर्भवती और छोटे बच्चों वाली महिलाओं के लिए, इसके बावजूद मुझे हिरासत में गर्भपात और बच्चों की मृत्यु हो जाने जैसी दुखद घटनाएं सुनने को मिलती रहती हैं. इस संबंध में मेरा अनुभव कहता है कि जेल के अंदर और बाहर, बच्चे अप्रत्यक्ष रूप से पीड़ित होते हैं.

The Guardian

**-सबरीना महतानी**

## बोधि वृक्ष

### आध्यात्मिक ज्ञान

ज्ञान केवल सूचनाओं का भंडार नहीं है. यह मनुष्य की चेतना के विस्तृत आकाश में फैला वह प्रकाश है, जो वस्तुओं, अनुभूतियों और सत्य को पहचानने की क्षमता देता है. सामान्यतः ज्ञान दो प्रकार का माना गया है- सांसारिक ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान. सांसारिक ज्ञान वह है, जो बाहरी भौतिक दुनिया से प्राप्त होता है. यह ज्ञान जीवन की गति को दिशा देता है, परंतु इसकी पहुंच बाहरी सतह तक सीमित रहती है. इसके विपरीत, आध्यात्मिक ज्ञान आत्मा का आंतरिक स्वरूप है. यह भीतर की गहराइयों में उतरने पर प्राप्त होता है, जहां मन, बुद्धि और चित्त मिलकर अपने ही स्रोत को पहचानने लगते हैं. यह जानना कि संसार क्या है, एक बात है, पर यह जानना कि मैं कौन हूं, आध्यात्मिक ज्ञान का प्रवेश द्वार है. पर ज्ञान की चर्चा केवल बुद्धि से पूरी नहीं होती. यहां स्मृति और अनुभव की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. स्मृति वह क्षमता है, जिसके द्वारा मन पहले देखी या सुनी वस्तु की छवि को पुनः रच सकता है. यही कारण है कि अनुभव केवल देखा जाना नहीं है, अनुभव वह है जब मन उसी वस्तु जैसा बन जाता है. संगीत इसका सुंदर उदाहरण है. यदि आपने कोई राग सुना, तो मन उसी राग की लय में झूमने लगता है. धुन मन में उतरकर उसे अपने अनुरूप बना लेती है. भोजन में अत्यधिक मसाला महसूस हो, तो मन भी कुछ क्षणों के लिए उसी तीखेपन से भर जाता है. ज्ञान वह है जब किसी वस्तु की पूर्ण समझ और उसकी प्रकृति का संपूर्ण भाव स्पष्ट करा दे. जब कोई व्यक्ति किसी राग को न केवल याद रखता है, बल्कि उसके स्वरों, उसके समय, उसके भाव और उसकी आत्मा को समझ लेता है, तभी वह ज्ञान कहलाता है. जिनकी स्मृति अत्यंत प्रखर हो जाती है, उन्हें ध्रुवा स्मृति कहा गया है- एक ऐसी स्थिर स्मृति जो कभी ढलती या विखंडित नहीं होती. एक साधक चौबीसों घंटे ईश्वर स्मरण का प्रयास करता है और फिर भी भूल जाता है, जबकि ध्रुवा स्मृति वाला व्यक्ति कभी नहीं भूलता. उसका मन स्मृति की अचल भूमि में गहराई से स्थापित हो जाता है. ऐसे व्यक्ति को अपनी चेतना पर पूरा नियंत्रण होता है.



**-श्री श्री आनंदमूर्ति**

## कुछ अलग

### अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना

संतोष उत्सुक
व्यंग्यकार
santoshutsuk@gmail.com



हमारे मोहल्ले के तिरासी बरस के अंकल ने पिछले दिनों घोषणा की कि उन्होंने राम और श्याम की बचपन से चल रही लड़ाई बंद करवा दी है, पर न राम ने माना न श्याम ने. अंकल ने रौब से कहा, उनका सौ वर्ष पुराना झगड़ा निबटा दिया है, पर पुराने पंगेबाज राम और श्याम लड़ते हुए उनके पास आये, बोले- झूठ मत बोलो अंकल. अंकल बोले, हमने शुभकामनाएं और खूब दुआएं प्रयोग कर तुम्हारी लड़ाई बंद करायी, अब लड़ने का नाटक मत करो.

माना जाता है कि दुआएं काम करती हैं, ठीक वैसे जैसे, बद्दुआएं नाकाम करती हैं. बंदा शानदार, जानदार, रोबदार और जोरदार चाहिए, कोशिश कैसे सफल न होगी. अंकल ने मन ही मन ठहाका लगाकर कहा, कोई नहीं मानेगा कि इनकी लड़ाई कभी मैंने बढ़वायी थी, दोनों को उकसाया, स्वचालित गालियां भिजवायी, अंतरराष्ट्रीय डंडे, पत्थर, ईंटों और पत्थरों का प्रयोग भी करवाया. हाथापाई भी करवाई. ये तो बचपन से ही एक-दूसरे के साथ लड़ते थे, सब यही मानते हैं. इतने सुगठित, सुलभ, सुसंस्कृत, अनुभवी और निडर विचारों के मालिक कह रहे हैं कि युद्ध बंद करवाया और लोग मजाक समझ रहे हैं. उच्च विचार, सुलझी हुई मानसिकता के लोग ऐसी बातों की परवाह नहीं करते कि दूसरे लोग क्या कह रहे हैं. वे मस्त हाथी की तरह चलते हैं, जो करना नहीं होता, करते रहते हैं, जो खाना होता है, छीन कर खा लेते हैं. राम और श्याम वाली बात अब पुरानी हो गयी है. अंकल ने कहना शुरू कर दिया है कि उन्होंने एक नहीं डेढ़ दर्जन छोटे-बड़े मोहल्लों के नये और पुराने झगड़ों का समापन करवाया है, लेकिन नासमझ लोग उनके नेक काम की तारीफ नहीं कर रहे.

अंकल की यशस्वी बातों के मद्देनजर, खुशहाल जीवन जीने का उचित फॉर्मूला यही है कि अपनी तारीफ आप करते रहो. इंतजार मत करो कि कोई और तारीफ करेगा. सब जानते हैं कि लड़ना, झगड़ना, पीटना, पिटना अच्छी बात तो नहीं है. लड़ाई-झगड़ा रुकवाना, खत्म करवाना अच्छी बात है, मानवता की ओर सकारात्मक कदम है. ऐसा करने वाला व्यक्ति शांति का मसीहा होता है. पता नहीं पुरस्कार देने वाले समझदार लोग, उचित चयन क्यों नहीं करते. अब उनकी गलतियां सुधारने का समय आ गया है. सबसे शानदार, जानदार, रोबदार और जोरदार व्यक्ति तो अंकल ही हैं. गलती में सुधार करना भी तारीफ के काबिल होता है. यह मानना पड़ेगा, समय बहुत खराब चल रहा है. देखा-देखी में अच्छे लोग भी बिगड़ते जा रहे हैं. कोई अच्छा काम करे उसकी तारीफ नहीं की जाती, सम्मानित करना तो दूर की बात है. कोई बात नहीं, इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला. अच्छा, नेक, मानवीय काम करने वाला व्यक्ति तो काम करता रहेगा.

## आपके पत्र

### पाठकों के बीच कायम है भरोसा

प्रभात खबर ने जिस गति से विकास किया है, वह सराहनीय है. इसका मुख्य कारण पाठकों का इस समाचारपत्र पर भरोसा जताना है. चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति, खेल, राशिफल हो या सरकारी अथवा प्राइवेट नौकरी चाहने वाले, धर्म-संस्कार का क्षेत्र हो, या फिर प्रचार-प्रसार का कार्य, प्रभात खबर ने हर पाठक वर्ग को संतुष्ट किया है. आज के डिजिटल युग में भी प्रभात खबर यदि पाठकों को प्रभावित कर रहा है, तो इसके पीछे इसमें छपने वाली जानकारियां हैं, जिसकी सभी को जरूरत है.

**गणेश प्रसाद राजभर**, हुगली

### खुले में सोने को मजबूर बेघर

देश में करीबन तीस लाख लोगों के पास घर नहीं है. इस कारण वे खुले में सोते हैं. ठंडे मौसम में खुले में सोने के कारण वे बीमार पड़ते हैं और उनमें से कइयों की मृत्यु भी हो जाती है. सरकारी रैन बसेरे की कमी के कारण हर बेघर को वहां स्थान नहीं मिल पाता है, सो कड़कड़ाती ठंड में भी खुला आसमान उनका साथी बनता है. समर्थ लोगों से आग्रह है कि वे मानवता के नाते वर्ष में एक बार इन बेघरों के बीच कंबल अवश्य बांटें. प्रशासन को भी इन बेघरों के लिए स्थायी इंतजाम करने की जरूरत है, ताकि उन्हें भी गर्माहट मिले.

**श्रीमय घोष**, जमशेदपुर

**पोस्ट करें :** प्रभात खबर, 15 पी, इंडस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची 834001 ■ **फैक्स करें :** 0651-2544006 ■ **मेल करें :** eletter@prabhatkhabar.in पर ■ ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है.

## प्रभात खबर लीगल काउंसेलिंग कल

### अधिवक्ता प्रमोद कुमार राय देंगे कानूनी सलाह



**देवघर.** प्रभात खबर की ओर से शनिवार यानि 06 दिसंबर को ऑनलाइन लीगल काउंसेलिंग का आयोजन दिन के 12 बजे से एक बजे तक होने जा रहा है. इसमें अधिवक्ता प्रमोद कुमार राय लोगों को कानूनी सलाह देंगे. वे विगत 23 वर्षों से वकालत कर रहे हैं और क्रमिनिल, सिविल, रेवेन्यू व उपभोक्ता मामलों की जानकारी रखते हैं. कोई भी व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर मोबाइल नंबर – 8825179098 संपर्क कर ऑनलाइन कानूनी सलाह ले सकते हैं.

**तिथि :** 06 दिसंबर (शनिवार) **समय :** दिन के 12 से 01 बजे तक
**संपर्क नंबर :** 8825179098

## सड़क-पुल के लिए ₹4500 करोड़ का बजट प्रस्ताव

**रांची.** ग्रामीण कार्य विभाग ने ग्रामीण सड़कों व पुलों के लिए करीब 4500 करोड़ रुपये का बजट प्रस्ताव तैयार किया है. इस राशि की मांग अनुपूरक बजट से की जायेगी. पांच दिसंबर से विधानसभा सत्र आहूत है. ऐसे में अनुपूरक बजट से राशि की मांग की जायेगी. अभी विभाग के पास बहुत ही कम राशि योजनाओं के लिए है. विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना व मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है. योजनाओं की स्वीकृति मिल गयी है. वहीं, टेंडर भी किया गया है. बड़ी संख्या में टेंडर का निबटारा किया जा रहा है. करोड़ों की योजनाओं का टेंडर निबटारा हो भी गया है. ऐसे में काम करने के लिए विभाग के पास राशि नहीं है.

## ...पहले पेज से

### परीक्षा को दागदार करनेवालों...

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर इरादे नेक हों तो हर चीज बेहतर होती है. आपको यह सफलता लंबे संघर्ष के बाद मिली है. आपकी जीत राज्य की जीत है.

**विलंब हुआ, वरना सरकार की वर्षगांठ पर बंट जाते नियुक्ति पत्र :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर इरादे नेक हों, तो हर चीजें बेहतर होती है. जेएसएससी की संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट और नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ी सारी अड़चनें अब दूर हो चुकी है. हालांकि, इसमें थोड़ा विलंब हो गया. वरना, राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह के दौरान ही नियुक्ति पत्र देने की योजना थी. मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को लंबे संघर्ष के बाद मिली सफलता और विजयी होने के लिए शुभकामनाएं दी.

**पांच वर्षों में जितनी परीक्षाएं हुईं, उतनी परीक्षाएं पिछले 18 वर्षों में नहीं हुईं :** मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जेपीएससी ने पिछले 18 वर्षों में जितनी सिविल सेवा परीक्षाएं ली, वर्तमान सरकार ने उतनी परीक्षाएं मात्र पांच वर्षों में संपन्न करायी हैं. पूर्व में कई परीक्षाएं सवालों के घेरे में रहीं, लेकिन उनकी सरकार के कार्यकाल में आयोजित परीक्षाएं बेदाग रही हैं. राज्य सरकार युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है और यह विश्वास करती है कि "जब युवा खुश होंगे, तभी राज्य खुशहाल होगा." सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने हेतु कार्य कर रही है.

### खिजुरिया मोड़ से नेहरू...

ऐसे में यह फ्लाइओवर देवघर के शहरी विकास और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है. पथ निर्माण विभाग के टेंडर के अनुसार डीपीआर के लिए निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर है. 23 दिसंबर तक डीपीआर आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी और चुने गए कंसल्टेंट 75 दिनों में डीपीआर तैयार करेंगे. कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा.

**कांवरियों को मिलेगी सबसे ज्यादा राहत :** देवघर में हर साल श्रावणी मेला के दौरान 70 लाख से अधिक कांवरियों के पहुंचने का अनुमान रहता है. खिजुरिया मोड़ से शिवगंगा और बाबा मंदिर जाने वाले मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है. एलीवेटेड रोड से कांवरियों की आवाजाही ऊपर होगी, जबकि वाहनों व स्थानीय लोगों के लिए नीचे सुरक्षित मार्ग रहेगा. कांवरियों को मुख्य सड़क पर भीड़ और वाहनों के बीच से गुजरने की मजबूरी नहीं रहेगी. श्रावणी मेला में लगने वाला घंटों का जाम काफी हद तक घट जायेगा. एंबुलेंस, इमरजेंसी सेवाएं, स्कूल वाहन व प्रशासनिक वाहन निर्बाध तरीके से चल सकेंगे. फ्लाइओवर बनने के बाद देवघर शहर की यातायात व्यवस्था काफी हद तक बदल सकती है. फ्लाइओवर बनने के बाद पैदल यात्रियों के लिए जमीन पर सुरक्षित क्रॉसिंग व्यवस्था होगी और उन्हें वाहनों के बीच खड़े नहीं होना पड़ेगा.

**अन्य दिनों में भी होगी सुविधा :** देवघर में साल भर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है. यह फ्लाइओवर बन जाने से केवल श्रावणी मेला ही नहीं, बल्कि अन्य दिनों में भी श्रद्धालुओं के मार्ग में सुविधा होगी. भादो मेला, बसंत पंचमी मेला सहित अन्य अवसरों पर श्रद्धालु खिजुरिया मोड़ से नेहरू पार्क तक इस फ्लाइओवर के जरिए पहुंचेंगे और शिवगंगा में स्नान करने के बाद कतारबद्ध होकर बाबा मंदिर में प्रवेश कर पूजा-अर्चना करेंगे. राज्य सरकार इस व्यवस्था से कांवरियों को सहजता प्रदान करने की योजना बना रही है.

### कांग्रेस की बैठक में विधायक...

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि विधानसभा में सबकी उपस्थिति हो. जनहित के सवालों के साथ आप पहुंचे. उन्होंने कहा कि यहकेंद्रीय नेतृत्व का निर्देश है. 14 दिसंबर को सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्र के लोगो को लेकर दिल्ली पहुंचे. प्रभारी श्री राजू ने भी मंत्रियों और विधायकों को संगठन के काम में जुटने को कहा.

**हमारा ही काम नहीं हो रहा है :** पार्टी विधायक दल के उपनेता विधायक राजेश कच्छप भी नाराज थे. उनका कहना था कि हमारी सरकार में हमारा ही काम नहीं हो रहा है. एसपी-डीसी क्या, एक बीडियो-सीओ, बीइओ तक हमारे कहने पर नहीं भेजा जा रहा है. हम गठबंधन के साथ हैं, पूरी मजबूती के साथ हैं, लेकिन हमारी भी बात होनी चाहिए. कांग्रेस विधायक दल की बैठक में मंत्री सहित सभी 16 विधायक पहुंचे थे.

### विस सत्र आज से, सत्ता पक्ष ने...

उन्होंने कहा कि विपक्ष के नैरेटिव का जवाब देना होगा. बैठक में झामुमो, कांग्रेस और राजद के विधायक मौजूद थे. इससे पूर्व कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई. इधर सर्वदलीय बैठक के बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा है कि सदन सुचारू रूप से चलेगा. पक्ष-विपक्ष ने आश्वसत किया है. सदन में जनहित के सवाल आने चाहिए. स्पीकर ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में कुछ दलों ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर अलग से चर्चा कराने की मांग की. स्पीकर ने कहा कि इस पर सदन की अनुमति से निर्णय होगा. फिलहाल संबंधित विभागों की चर्चा के दौरान ये मुद्दे उठाए जा सकते हैं. स्पीकर द्वारा बुलायी गयी बैठक में सीएम हेमंत सोरेन, प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव, माले विधायक अरूप चटर्जी, आजसू के निर्मल महतो, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, लोजपा के जनार्दन पासवान मौजूद थे.

### चार वर्षों में कार्य पूर्णता...

यानी हर 100 में केवल 13 कार्य पूरे हो पाये, जो पिछले वर्षों की तुलना में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा सकती है. विशेषज्ञों के अनुसार, वर्ष-दर-वर्ष गिरावट की वजह मजदूरों को भुगतान में देरी, फंड रिलीज में रुकावट और पंचायत स्तर पर मॉनिटरिंग की कमी हो सकती है.

**2025-26 में कार्य पूर्णता दर: धनबाद अव्वल, सरायकेला सबसे पीछे :** वर्ष 2025-26 में झारखंड में मनरेगा कार्य पूर्णता दर में भारी गिरावट दर्ज की गयी है. इस अवधि में जहां राज्य की औसत कार्य पूर्णता दर मात्र 13.14% रही, वहीं जिलों के बीच प्रदर्शन में बड़ा अंतर देखने को मिला. उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, धनबाद ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए 25.08% कार्य पूर्ण किये. इसके बाद लातेहार 24.15%, रामगढ़ 22.26% और देवघर 22.18% के साथ बेहतर जिलों में शामिल रहे. दूसरी ओर, कई जिलों का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा. सरायकेला-खरसावां मात्र 3.10% कार्य पूर्णता के साथ सबसे नीचे रहा. गुमला 3.39%, बोकारो और खूंटी 4.86%, तथा गोड्डा 5.29% पूर्णता दर के साथ सबसे कम प्रदर्शन वाले जिलों में शामिल हैं.

---

### असीमित न्यूनतम दर पर वित्त मंत्री चिंतित, मुख्य सचिव को लिखा पत्र

# योजनाओं में 50% तक कम दर पर निविदा, गुणवत्ता पर बड़ा खतरा

**प्रमुख संवाददाता, रांची**

राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के लिए जारी निविदाओं में संवेदकों द्वारा असीमित न्यूनतम दर (अनलिमिटेड बिलो रेट) पर बोली लगाने की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चिंता जतायी है. उन्होंने मुख्य सचिव को पत्र लिख कर कहा है कि यह प्रणाली योजनाओं की गुणवत्ता, समय पर क्रियान्वयन और सरकारी धन के सही उपयोग पर प्रतिकूल असर डाल रही है. वित्त मंत्री ने कहा कि कई बार संवेदक योजनाओं की प्राक्कलित राशि से 30 से 50% तक कम दर पर निविदा प्राप्त कर लेते हैं. लेकिन, अत्यधिक कम दर पर काम कर पाना संभव नहीं होने से या तो योजनाएं अधूरी रह जाती हैं या गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित होती है. इस कारण सरकार को फिर से मरम्मत या निर्माण पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली योजनाओं पर 50 प्रतिशत से अधिक न्यूनतम दर पर निविदा मिलना गंभीर सवाल खड़ा करता है.

### अत्यधिक न्यूनतम दर से योजनाएं गुणवत्ताहीन और अधूरी : मंत्री

#### विभागों में बढ़ती गड़बड़ियों के उदाहरण भी दिये

वित्त मंत्री ने पत्र में हालिया टेंडरों का उल्लेख करते हुए मुख्य सचिव को बताया कि जल संसाधन विभाग के लघु सिंचाई हुसैनाबाद प्रमंडल की निविदा में एक संवेदक ने प्राक्कलित राशि 73.89 लाख की योजना पर 49.99 प्रतिशत न्यूनतम दर देकर निविदा प्राप्त कर ली. इसी प्रकार देवघर जिला के मथुरा प्रखंड में एक सिंचाई योजना की निविदा में संवेदक ने 46.85 प्रतिशत न्यूनतम दर पर निविदा हासिल की. देवघर के मथुरा प्रखंड की एक अन्य योजना में संवेदक 45.33 प्रतिशत न्यूनतम दर पर निविदा लेने में सफल रहा. मंत्री ने कहा कि लगभग सभी विभागों में ऐसी स्थिति बन रही है, जहां संवेदक 30 से 50 प्रतिशत तक कम दर पर निविदाएं प्राप्त कर रहे हैं.




#### 10% न्यूनतम सीमा फिर से लागू करने का सुझाव

वित्त मंत्री ने योजनाओं के लिए अधिकतम स्वीकृत दर से 10 प्रतिशत तक की न्यूनतम सीमा फिर से लागू करने का सुझाव दिया है. उन्होंने कहा है कि 40 से 50 प्रतिशत तक की न्यूनतम दर डालकर निविदा प्राप्त करने की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगायी जानी चाहिए. अत्यधिक कम दर पर टेंडर मिलने से योजनाओं की गुणवत्ता और समय सीमा दोनों प्रभावित होती है. इसे देखते हुए सभी विभागों को तत्काल आवश्यक कदम उठाना चाहिए. श्री किशोर ने कहा कि विकास योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से और समय पर पूरी करने के लिए यह कदम राज्यहित में अत्यंत जरूरी है. मुख्य सचिव को इस पर आवश्यक निर्देश जारी करना चाहिए.

---

## झारखंड के जायकों को नया आयाम दे रहीं पलाश दीदियां

**बोले मुख्यमंत्री**

**रांची.** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि पलाश की दीदियां झारखंड के जायकों को नया आयाम दे रही हैं. उन्होंने नयी दिल्ली में चल रहे सरस आजीविका फूड फेस्टिवल-2025 में लगाये गये पलाश दीदी कैफे स्टॉल की सराहना की. अपने एक्स हैंडल पर मुख्यमंत्री ने लिखा- दिल्ली और आसपास रहने वाले लोग सरस आजीविका फूड फेस्टिवल पहुंचकर झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों और जायकों का आनंद ले सकते हैं. हमारी पलाश दीदियां अपनी मेहनत से झारखंड के पकवान और जायकों को नया आयाम दे रही हैं.

**सीएम ने अमित व उमाकांत रजक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिल्ली के विधायक अमित कुमार व चंदनक्यारी के विधायक उमाकांत रजक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा कि मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें, यही कामना करता हूं.

**टंट्या भील को नमन किया :** सीएम ने अंग्रेज शोषकों के विरुद्ध संघर्ष और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के प्रतीक महान आदिवासी योद्धा शहीद टंट्या भील के शहादत दिवस पर उनको नमन किया है. श्री सोरेन ने कहा है कि आदिवासी योद्धा टंट्या भील जी का साहस व संघर्ष सभी को प्रेरित करता रहेगा.

**नौसेना दिवस की दी बधाई :** सीएम हेमंत सोरेन ने सभी को नौसेना दिवस की बधाई दी है. उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना दिवस पर वीर नौसैनिकों को नमन करता हूं. देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में आपका अदम्य साहस, समर्पण और पराक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक है. आज इस दिवस पर भारतीय नौसेना के सभी अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार.



### सीएम को भेंट की पुस्तकें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा में राजेंद्र प्रसाद, रमेश चंद्र कैथल व नवल किशोर पासवान ने शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को पुस्तकें भेंट की. इन पुस्तकों में संघर्षों से निकला एक तप : पूरा व्यक्तित्व : शिबू सोरेन, लाइफ एंड आइडियोलॉजी ऑफ जगजीवन राम, मुक्ति के अग्रदूत बनो : जगजीवन राम तथा मैकू राम स्मृति ग्रंथ शामिल हैं.

---

## एसीबी ने पूछताछ के लिए भेजा नोटिस, आइएएस अमीत ने सचिव से मांगी पेश होने की अनुमति

**प्रमुख संवाददाता, रांची**

**शराब घोटाला मामला**

- पांच दिसंबर को सुबह 11 बजे एसीबी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश
- नोटिस में कहा : यदि बिना किसी उचित कारण के उपस्थित नहीं होते हैं, तो गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा सकती है

झारखंड सरकार के वाणिज्य कर आयुक्त सह वित्त विभाग के विशेष सचिव अमीत कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने नोटिस जारी कर पांच दिसंबर को सुबह 11 बजे एसीबी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा है. यह नोटिस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(3) के तहत जारी किया गया है. नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि वह बिना किसी उचित कारण के उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा सकती है. श्री कुमार ने नोटिस पर वाणिज्य कर विभाग के सचिव को पत्र लिख कर अपनी स्थिति स्पष्ट की है और ब्यूरो के समक्ष उपस्थित होने की अनुमति मांगी है. कहा है कि यह मामला उत्पाद व मद्य निषेध विभाग से संबंधित है. वह 04.08.2021 से 10.07.2022 तक आयुक्त, उत्पाद व मद्य निषेध विभाग के पद पर पदस्थापित थे. जबकि, एसीबी द्वारा प्रासंगिक कांड में वर्णित मामला उनके पदस्थान कार्यकाल अवधि समाप्त होने के एक वर्ष बाद का है. उन्होंने सचिव को बताया है कि पूर्व में 07.08.2025 को भी अनुसंधानकर्ता द्वारा दूरभाष पर संपर्क कर उनके कार्यालय में पूछताछ की गयी थी, जिसमें उन्होंने एक लोक सेवक के रूप में वांछित सूचना से अवगत कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान किया था. आयुक्त ने सचिव को अवगत कराया कि चूंकि नोटिस चार दिसंबर को अपराह्न में मिला है और उन्हें पांच दिसंबर को 11 बजे उपस्थित होना है. इसलिए उनके पास उचित वैधानिक विकल्पों के अनुरूप अग्रेतर कार्रवाई किये जाने का समयाभाव है. अमीत कुमार ने सचिव से अनुरोध किया है कि उन्हें निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की जाये.

## पीजीएमएस में अब तक 3.49 लाख शिकायतों का निबटारा

**रांची.** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा संचालित लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (पीजीएमएस) शिकायत निवारण का प्रभावी और भरोसेमंद मंच है. यहां दर्ज की गयीं 99.33 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया है. पीजीएमएस में अब तक कुल 3,51,368 शिकायतें दर्ज करायी गयीं. इनमें से 3,49,009 शिकायतों का निबटारा किया गया है. पोर्टल पर 3,543 लाभुकों ने अपने सुझाव भी दिये हैं.

आम जनता को सुविधा देने के लिए विभाग ने टोल-फ्री नंबर 1967 और 18002125512 जारी किये हैं. यहां लाभुक राशन से जुड़ी किसी भी समस्या की शिकायत दर्ज करा सकते हैं. शिकायत दर्ज होने के बाद उपभोक्ताओं को एक शिकायत संख्या सौंपी जाती है. इससे शिकायत की स्थिति को वास्तविक समय में ट्रैक किया जा सकता है. एक बार शिकायत का समाधान हो जाने के बाद इसे स्वीकृत व बंद के रूप में चिह्नित कर दिया जाता है. यदि लाभुक समाधान से संतुष्ट नहीं है, तो वह शिकायत को पुनः खोलने का विकल्प चुन सकता है, ताकि संबंधित पदाधिकारी द्वारा दोबारा समीक्षा की जा सके.

## डोरंडा में 131 करोड़ रुपये से आधुनिक स्वास्थ्य भवन बनेगा, मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ेंगी

**वरीय संवाददाता, रांची**

डोरंडा में 131 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक स्वास्थ्य भवन बनेगा. पुराने सामुदायिक भवन, डोरंडा कैंपस में यह भवन बनाया जायेगा. इसमें सचिवालय, डायरेक्टरेट के साथ-साथ विभागीय कार्यालय को भी स्थानांतरित एवं संचालित किया जायेगा. वहीं, शहीद निर्मल महतो मेमोरियल कॉलेज अस्पताल धनबाद और जमशेदपुर एमजीएम मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है. धनबाद मेडिकल कॉलेज में अब 100 की जगह 250 अंडरग्रेजुएट (एमबीबीएस) सीटों की व्यवस्था के हिसाब से आधारभूत संरचनाएं तैयार की जा रही हैं. अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्देश दिया गया कि इस पर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये, ताकि काम शीघ्र शुरू हो सके.

स्वास्थ्य विभाग बढ़े हुए छात्रों के हिसाब से वहां सुविधाओं की भी व्यवस्था करेगा. इसी कड़ी में 450 बेड के नये अस्पताल भवन के निर्माण की योजना बनायी गयी है, जिसमें पुराने अस्पताल की मरम्मत, इमरजेंसी ब्लॉक का आधुनिकीकरण और एकेडमिक ब्लॉक की मरम्मत शामिल है. बढ़ी हुई सीटों के अनुसार, सभी मेडिकल सुविधाओं को भी बढ़ाया जायेगा. वर्तमान में धनबाद स्थित अस्पताल नॉर्थ और साउथ कैंपस में विभाजित है. दोनों को एक रैंप से जोड़ा जायेगा. पूरे निर्माण पर लगभग 700 करोड़ खर्च होने का अनुमान है.

- धनबाद मेडिकल कॉलेज में 450 बेड का नया भवन बनेगा
- यूजी, पीजी व सुपर स्पेशियलिटी सीटों में होगी बढ़ोतरी

- **जमशेदपुर एमजीएम मेडिकल कॉलेज में भी बढ़ेंगी सीटें :** धनबाद के साथ जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में भी सुधार और सीटों में विस्तार की घोषणा की गयी है. कॉलेज में 250 यूजी सीटें होंगी. इसके साथ 150 पीजी सीटें और 30 सुपर स्पेशियलिटी (पोस्ट पीजी) सीटें भी उपलब्ध करायी जायेंगी. इसके अनुरूप अस्पताल में बेड बढ़ाने, हॉस्टल निर्माण और सभी सुविधाओं को दुरुस्त किया जायेगा.
- **मेडिकल कॉलेजों में बड़े स्तर पर इंडोर-आउटडोर का विस्तार :** मेडिकल कॉलेजों में यूजी, पीजी व सुपर स्पेशियलिटी सीटों में बढ़ोतरी होगी और अस्पतालों के इनडोर–आउटडोर का भी विस्तार किया जायेगा. शहीद निर्मल महतो मेमोरियल कॉलेज अस्पताल धनबाद में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की घोषणा की गयी है. अब कॉलेज में 150 की जगह 250 अंडरग्रेजुएट (एमबीबीएस) सीटें होंगी. इसके साथ 150 पीजी सीटें और 25 सुपर स्पेशियलिटी (पोस्ट–पीजी) सीटें भी उपलब्ध करायी जायेंगी.
- **नेशनल मेडिकल कमीशन गाइडलाइन के अनुसार तैयार होगा हॉस्टल :** राज्य के दोनों मेडिकल कॉलेज की हॉस्टल बिल्डिंग के डिजाइन और निर्माण नेशनल मेडिकल कमीशन की तय गाइडलाइन के अनुसार तैयार होगा. इसके मानकों के अनुरूप यूजी छात्रों, पीजी छात्रों, जूनियर रेजिडेंट, सीनियर रेजिडेंट, नर्सिंग स्टाफ के लिए अलग–अलग रहने की व्यवस्था की जायेगी.

## वीसी नियुक्ति और छात्र संघ चुनाव पर राज्यपाल ने मांगा स्पष्टीकरण

**प्रमुख संवाददाता, रांची**

राज्यपाल ने विधानसभा से पारित राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 और कोचिंग सेंटर नियंत्रण एवं विनियमन विधेयक 2025 पर विभिन्न संगठनों द्वारा उठाये गये सवालों का विस्तृत निराकरण राज्य सरकार से मांगा है. लोकभवन ने स्पष्ट किया है कि इन विधेयकों पर राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए सरकार से बिंदुवार जवाब देने को कहा गया है. उच्च शिक्षा विभाग ने दोनों विधेयकों से संबंधित आपत्तियों का निराकरण तैयार कर लिया है, जिसे औपचारिक रूप से राज्यपाल को भेजा जा रहा है. गौरतलब है कि ये दोनों विधेयक मानसून सत्र में पारित हुए थे और अनुमोदन के लिए राजभवन भेजे गये हैं.



**विश्वविद्यालय विधेयक को लेकर विवाद :** राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 में कुलपतियों की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव और छात्र संघ चुनाव से जुड़े प्रावधान शामिल किये गये हैं. विपक्षी दलों और कई छात्र संगठनों ने दावा किया है कि इस विधेयक से विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता कम हो जायेगी और सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा. छात्र संगठनों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर छात्र संघ चुनाव संबंधी प्रावधानों पर आपत्ति जतायी थी. सूचना के अनुसार, राज्यपाल ने विशेष रूप से छात्र संघ चुनाव के मुद्दे पर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है.

> लोकभवन ने विधेयकों को लौटाया नहीं है. विधेयकों के कुछ बिंदुओं को स्पष्ट करने के लिए कहा गया है. विभाग द्वारा पूछे गये बिंदुओं का विस्तृत जवाब बना कर भेजा रहा है. राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद दोनों विधेयक लागू किये जायेंगे.
>
> **राहुल पुरवार,** प्रधान सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

## मनरेगाकर्मियों को नहीं मिल रहा मानदेय करेंगे आंदोलन

**रांची.** राज्य के मनरेगाकर्मियों को मानदेय नहीं मिल रहा है. उनका मानदेय भुगतान लटका हुआ है. कहीं-कहीं तो साल भर से उन्हें मानदेय नहीं मिला है. वहीं, छह व आठ माह से अधिकतर कर्मियों को पैसा नहीं मिला है. इस कारण उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है. घर-परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा है. बच्चों की पढ़ाई तक की समस्या हो गयी है. मानदेय भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर अब राज्य के मनरेगाकर्मी आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं. आठ दिसंबर को मनरेगाकर्मी ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय के आवास के समक्ष जुटेंगे और वहां धरना-प्रदर्शन करेंगे. इसके माध्यम से समस्याएं दूर करने की मांग करेंगे.पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के कुछ माह का भी मानदेय उन्हें नहीं मिला है.

## राजेंद्र ने साजिश कर देसी शराब की आपूर्ति का काम लिया था बोतलों में मिले कांच व गंदगी

**वरीय संवाददाता, रांची**

छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू जायसवाल से एसीबी की पूछताछ गुरुवार को पूरी हो गयी. उन्हें 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया गया था. न्यायालय से रिमांड की अनुमति मिलने पर एसीबी ने उनसे देसी शराब आपूर्ति घोटाले, संबंधित अधिकारियों की भूमिका, पैसों के लेन-देन और तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे की संभावित संलिप्तता से जुड़े सवाल पूछे. जांच एजेंसी के अनुसार, उन्होंने कथित रूप से षड्यंत्र और मिलीभगत कर झारखंड में देसी शराब की आपूर्ति का काम लिया था. जांच एजेंसी ने यह भी पुष्टि की है कि जायसवाल द्वारा सप्लाई की गयी कुछ शराब की बोतलों में कांच के टुकड़े और गंदगी पायी गयी थी.अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ में कई अहम जानकारी मिली है, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है. पूछताछ के दौरान उनसे यह जानने का प्रयास किया गया कि झारखंड में शराब सप्लाई का ठेका कंपनी को किसके सहयोग से मिला, उत्पाद विभाग के किन अधिकारियों ने इसकी प्रक्रिया में भूमिका निभायी और सप्लाई का काम हासिल करने के एवज में किसे धनराशि दी गयी. साथ ही उनसे घोटाले में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान और उनकी भूमिकाओं पर भी सवाल किये गये.

### एसएलबीसी ने सरकार से केसीसी ऋण की सीमा एक लाख से बढ़ाकर दो लाख करने का किया आग्रह

# किसानों को मिलेगा दो लाख तक गिरवी मुक्त लोन

**वरीय संवाददाता, रांची**

किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन बिना जमीन गिरवी रखे लिया जा सकता है, बशर्ते आप समय पर भुगतान करें. दो लाख रुपये तक के लिए कोई प्रोसेसिंग फीस नहीं लगती है. किसानों को यह लोन खेती, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराने का प्रयास चल रहा है.

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सरकार से बिना भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (एलपीसी) के किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख करने का आग्रह किया है. ताकि, अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके और कृषि ऋण वितरण को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके. फिलहाल झारखंड के किसानों को खेती-किसानी के लिए बिना गारंटी के एक लाख रुपये का लोन मिल रहा है. राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 93वीं बैठक के दौरान महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड ने कहा था कि राज्य में वित्तीय समावेशन एवं कृषि ऋण वितरण को सशक्त करने की दिशा में यह एक प्रभावशाली प्रयास है. किसानों की आर्थिक समृद्धि और उन्हें सुलभ ऋण सुविधा उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है. हम झारखंड के किसानों को खुशहाल और समृद्ध बनाना चाहते हैं. सरकार बिना गारंटी के लोन इसलिए से रही है, ताकि वे साहूकारों के चंगुल में न फंसें.


- अभी किसानों को खेती–किसानी के लिए बिना गारंटी के एक लाख रुपये का लोन मिल रहा है
- एक लाख से ऊपर व 1.60 लाख तक के ऋण के लिए एलपीसी जरूरी है




#### झारखंड राज्य में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत एक लाख रुपये तक का ऋण

झारखंड राज्य में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत वर्तमान में एक लाख तक के ऋण के लिए भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (एलपीसी) की आवश्यकता नहीं होती है. लेकिन, एक लाख से ऊपर और 1.60 लाख रुपये तक के ऋण के लिए एलपीसी अनिवार्य है. राज्य में बड़ी संख्या में छोटे एवं सीमांत किसान हैं, जिनके पास भूमि के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज पूरी तरह से उपलब्ध नहीं हैं, जबकि वे वास्तव में खेती कर रहे हैं. ऐसे में उन्हें एलपीसी के कारण ऋण लेने में परेशानी होती है.

## घुसपैठिये देश के लिए खतरा : चंपाई सोरेन



**रांची/राजनगर.** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि घुसपैठिये देश की सुरक्षा और संसाधनों के लिए गंभीर खतरा हैं. वहीं, धर्मांतरण करने वाले आदिवासियों को एसटी आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए. उन्होंने गुरुवार को राजनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों मुद्दों को गंभीर बताया. पूर्व सीएम ने कहा कि वे लगातार दोनों मुद्दों को उठाते रहे हैं. कोलकाता व इलाहाबाद हाइकोर्ट के निर्णयों ने उनकी बात को सही साबित किया है. चुनाव आयोग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भारत अब घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं करेगा. उन्होंने कहा कि एसआइआर लागू होने के बाद घुसपैठियों के सहारे चुनाव जीतना संभव नहीं होगा.



## 37 की उम्र में और युवा हुए कोहली

नेशनल कंटेंट सेल

**क्रिकेट** की 22 गज की पट्टी पर आज भी कोहली की सल्तनत है. जब-जब लगने लगा कि यह महान खिलाड़ी वापसी नहीं कर पायेगा, तो उन्होंने बल्ले से जवाब दिया. अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो वनडे में बैक-टू-बैक शतक जड़ कर फिर से साबित कर दिया है रनों की भूख उनके अंदर मरी नहीं है और वे अगले कुछ वर्षों तक भारतीय टीम की रीढ़ बने रहेंगे. साथ ही उन्होंने 2027 वनडे विश्व कप के लिए भी अपना दावा पुख्ता कर दिया है. हालांकि 2020 के बाद कोहली का खराब दौर शुरू हुआ था और उन्हें कप्तानी गंवानी पड़ी थी. कोहली को इस झटके से उबरने में समय लगा, लेकिन जब लौटे तो और भी 'विराट' बन गये हैं. बतौर वनडे कप्तान के तौर पर कोहली ने आखिरी मैच 28 मार्च, 2021 को इंग्लैंड के खिलाफ खेला था. इसके बाद जैसे ही कोहली ने टी-20 की कप्तानी से इस्तीफा दिया, उन्हें वनडे की कप्तानी से भी हटा दिया गया था. उसके बाद से उन्होंने 53 वनडे मैच खेले हैं और 50 पारियों में 54.02 की औसत और 95.32 की स्ट्राइक रेट से 2323 रन बनाये हैं. इनमें 10 शतक और 13 अर्धशतक शामिल हैं.

### विराट कोहली का कप्तानी छोड़ने के बाद से प्रदर्शन

| श्रेणी | आंकड़े | | |
|---|---|---|---|
| मैच | 53 | औसत | 54.02 |
| पारी | 50 | स्ट्राइक रेट | 95.32 |
| नॉट आउट | 07 | शतक | 10 |
| रन | 2323 | अर्धशतक | 13 |
| सर्वश्रेष्ठ स्कोर | 166* | चौके | 210 |
| | | छक्के | 36 |

विश्व कप के लिए दावा किया और मजबूत : कप्तानी छोड़ने के बाद और भी निखरी बल्लेबाजी, 2022 से ठोंके 10 शतक

# विराट वापसी

### 2022 से सबसे अधिक वनडे शतक



| कोहली (भारत) | साइ होप (वेस्टइंडीज) | शुभमन गिल (भारत) | पी निशांका (श्रीलंका) | गुरबाज (अफगानिस्तान) |
|---|---|---|---|---|
| 10 शतक | 09 | 08 | 07 | 07 |

### हर दूसरे मैच में 50+ स्कोर

विराट की हालिया निरंतरता अद्भुत रही है. कप्तानी छोड़ने के बाद खेली गयी 50 पारियों में उन्होंने कुल 24 बार 50 स्कोर बनाया है, यानी लगभग हर दूसरे मैच में अर्धशतक या उससे अधिक रन बनाये हैं.

### विश्व कप 2023 के बाद और भी हुए मजबूत

2023 विश्व कप में विराट कोहली ने सर्वाधिक रन बनाते हुए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता था और उसके बाद भी उनका प्रदर्शन लगातार शानदार बना हुआ है. उनकी फिटनेस, मानसिक मजबूती और खेल के प्रति जुनून उन्हें आज भी दुनिया का सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बनाता है.

### 2022 से रन बनानेवालों में सिर्फ शुभमन आगे

विराट के वनडे में बतौर कप्तान आखिरी मैच से लेकर अब तक भारतीय बल्लेबाजों में सिर्फ इस प्रारूप में शुभमन गिल ने उनसे ज्यादा रन बनाये हैं. गिल के नाम इस दौरान 55 वनडे पारियों में 58.91 की औसत से 2769 रन हैं.


## हरभजन बोले- कोहली के साथ जैसा हो रहा, उसका मैं भी था कभी शिकार



**शारजाह.** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह को यह दुर्भाग्यपूर्ण लगता है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों का भविष्य ऐसे लोग तय कर रहे हैं, जिन्होंने अपने करियर में कुछ खास हासिल नहीं किया है, लेकिन उन्होंने उम्मीद जतायी कि यह जोड़ी 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक खेलती रहेगी.

रोहित 38 वर्ष के हैं और विराट कोहली 37 वर्ष के तथा यह दोनों अब केवल वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं. वह वनडे विश्व कप तक खेलते रहेंगे या नहीं इसको लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं. हरभजन ने यहां कहा कि यह मेरी समझ से परे है. मैं इसका जवाब नहीं दे पाऊंगा, क्योंकि मैं खुद एक खिलाड़ी रहा हूं और जो मैं देख रहा हूं, वह मेरे साथ भी हुआ है. मेरे कई साथियों के साथ ऐसा हुआ है, लेकिन यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. हम इस बारे में बात नहीं करते या इस पर कोई चर्चा नहीं करते. जब मैं विराट कोहली जैसे खिलाड़ी को देखता हूं, जो अभी भी शानदार प्रदर्शन कर रहा है, तो मुझे बहुत खुशी होती है.

## पहली गेंद से ही लग रहा था कि कोहली दूसरा शतक जड़ेंगे : गावस्कर



**रायपुर.** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच में शुरू से ही लग रहा था कि विराट कोहली शतक लगाने में सफल रहेंगे, क्योंकि इस दिग्गज बल्लेबाज ने छक्का लगाकर अपना खाता खोला और पिछले मैच के अपने आत्मविश्वास को बनाये रखा. कोहली ने बुधवार को यहां 93 गेंदों पर 102 रन बनाये, जो 50 ओवर के प्रारूप में उनका 53वां शतक और सभी प्रारूप में मिला कर 84वां शतक है. उन्होंने 30 नवंबर को रांची में खेले गये पहले मैच में 120 गेंदों पर 135 रन बनाये थे.

### 2016 से 2019 तक रहा था करियर पीक पर

विराट कोहली ने वनडे में पदार्पण 2008 में किया था. 2011 वनडे विश्व कप जीतनेवाली भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे, लेकिन उनकी बल्लेबाजी पीक पर 2016 से आ गयी थी. अगले चार वर्षों के दौरान गेंदबाजों के लिए डरावने बने रहे. कोहली ने 2016 से 2019 तक करीब 17 शतक जड़े. उनके बल्ले से हर चौथे मैच में शतक निकला था. वनडे विश्व कप से कोहली इसी तरह बल्लेबाजी कर रहे हैं.

**फील्ड बाइट्स**

## सुनील नरेन 600 टी-20 विकेट चटकाने वाले पहले क्रिकेटर बने




**अबु धाबी.** गेंदबाजी में विविधता के लिए पहचाने जाने वाले रहस्यमयी स्पिनर सुनील नरेन ने अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया, जब वह प्रतिस्पर्धी टी-20 क्रिकेट में 600 विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बने. वेस्टइंडीज के नरेन ने यहां शारजाह वारियर्स के खिलाफ अबु धाबी नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की. त्रिनिदाद के इस 37 वर्षीय क्रिकेटर ने टॉम एबेल को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की. उनकी यह उपलब्धि टी-20 प्रारूप में महानतम गेंदबाजों में से एक के रूप में नरेन के दर्जे को और मजबूत करती है. मैच के बाद अबु धाबी नाइट राइडर्स ने नरेन के विशेष जर्सी दी.

## स्पेनिश फुटबॉल लीग : एम्बाप्पे के गोल से जीत की राह पर मैड्रिड

**मैड्रिड.** काइलियन एम्बाप्पे के दो गोल और एक अन्य गोल में मदद करने की बदौलत रियाल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हरा कर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले तीन मैच से जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला खत्म किया. एडुआर्डो कैमाविंगा ने भी मैड्रिड के लिए गोल किया, जिससे उसकी टीम ने शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से अंतर कम कर दिया है. बार्सिलोना अब अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से केवल एक अंक आगे है. उसने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराया था. एम्बाप्पे ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले तीन मैचों में सात गोल किये हैं. उन्होंने गिरोना के खिलाफ एक गोल किया था और ओलिंपियाकोस के खिलाफ चैंपियंस लीग के मैच में 4-3 की जीत में चार गोल दागे थे.

## रवींद्र और लैथम के शतक से न्यूजीलैंड को 481 रन की बढ़त

एजेंसियां, क्राइस्टचर्च



**रचिन** रवींद्र और टॉम लैथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को यहां 481 रन की बढ़त हासिल करके मैच पर अपना शिकंजा मजबूत कस दिया. रवींद्र ने 176 रन की लाजवाब पारी खेली, जबकि सलामी बल्लेबाज लैथम ने 145 रन बनाये. इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 279 रन की साझेदारी की, जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 417 रन बनाये. न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 167 रन पर आउट करके 64 रन की बढ़त हासिल की थी. न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के 417 रन में से 200 रन 50 चौकों से आये, जिनमें से 27 चौके रवींद्र ने लगाये. दिन का खेल समाप्त होने के समय विल यंग 20 और माइकल ब्रेसवेल छह रन बनाकर खेल रहे थे. लैथम ने 179 गेंदों में नौ चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया. रवींद्र ने अपना चौथा टेस्ट शतक 108 गेंदों में 16 चौकों और एक छक्के की मदद से पूरा किया.


## बीबीएल में अच्छा प्रदर्शन करके टी-20 टीम में वापसी करना चाहते हैं रिजवान

**लाहौर.** पाकिस्तान के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग (बीबीएल) में अच्छा प्रदर्शन करके अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टी-20 टीम में वापसी करने में सफल रहेंगे. वनडे और टी-20 टीम के पूर्व कप्तान रिजवान को दिसंबर 2024 के बाद से राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने सबसे छोटे प्रारूप के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं चुना है और ऐसे में यह खिलाड़ी बीबीएल को बड़े अवसर के रूप में देख रहा है. रिजवान ने पत्रकारों से कहा कि मुझे बिग बैश में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है और अगर आप ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो सभी का ध्यान आपकी तरफ जाता है.

## शमी के चार विकेट से बंगाल शीर्ष पर

**सैयद मुशताक अली ट्रॉफी**

एजेंसियां, हैदराबाद



**भारतीय** टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के 13 रन पर चार विकेट से बंगाल ने गुरुवार को यहां सैयद मुशताक अली ट्रॉफी के ग्रुप-सी मैच में सेना को सात विकेट से हरा दिया. यह बंगाल की पांच मैच में चौथी जीत है और अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम 16 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है. टीम ने इसके साथ ही नॉकआउट में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत कर दिया है. आइपीएल नीलामी में उतर रहे ईश्वरन ने 37 गेंद में 58 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक पोरेल (29 गेंद में 56 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े, जिससे बंगाल ने 166 रन के लक्ष्य को 15.1 ओवर में ही हासिल कर लिया. इससे पहले मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये शमी ने 13 रन देकर चार, जबकि आकाशदीप ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाये, जिससे सेना की टीम 18.2 ओवर में 165 रन पर सिमट गयी. ऋतिक चटर्जी ने भी 32 रन देकर दो विकेट चटकाये.

## केरल ने मुंबई को हरा कर किया उलटफेर

**लखनऊ.** तेज गेंदबाज केएम आसिफ के पांच विकेट की बदौलत केरल ने गुरुवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप-ए मुकाबले में गत चैंपयन मुंबई को 15 रन से हरा कर उलटफेर किया. मुंबई को इस टी-20 टूर्नामेंट में अपने पांच मैचों में पहली हार मिली, लेकिन फिर भी टीम 16 अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है. वहीं केरल अपनी तीसरी जीत के साथ 12 अंक से पांच टीमों के इस पूल में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि आंध्र भी 12 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है. मुंबई की टीम 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.4 ओवर में 163 रन पर ऑल आउट हो गयी.

## हॉकी जूनियर विश्व कप : क्वार्टर फाइनल में आज बेल्जियम की भिड़ंत भारत से

एजेंसियां, चेन्नई



**भारत** ने अपेक्षाकृत आसान पूल में लगभग प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन एफआइएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में उसकी असली परीक्षा बेल्जियम के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में होगी. चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल-बी में शामिल भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले स्थान पर रहते हुए नाकआउट दौर में प्रवेश किया. भारतीय टीम ने पूल चरण में 29 गोल किये और एक भी गोल नहीं खाया, जो टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी 24 टीमों में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है, लेकिन पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली टीम यह बात अच्छी तरह जानती है कि इन परिणामों का आगे कोई महत्व नहीं होगा, क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनका सामना मजबूत टीमों से होगा. यहां से कोई भी चूक भारत के नौ साल बाद घरेलू मैदान पर खिताब जीतने के सपने को चकनाचूर कर सकती है. भारत ने आखिरी बार 2016 में लखनऊ में खिताब जीता था.

## ऑस्ट्रेलिया ने जापान को इंग्लैंड ने चिली को हराया

**चेन्नई.** इयान ग्रोबेलार के 56वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर किये गये गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के नौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मुकाबले में गुरुवार को जापान को 1-0 से हराया. इससे पहले इंग्लैंड ने चिली को 3-1 से और आयरलैंड ने स्विटजरलैंड को 5-2 से हराया. चिली पूल चरण में भारत और स्विटजरलैंड के बाद पूल बी में तीसरे स्थान पर रही थी. एक अन्य मैच में दक्षिण अफ्रीका ने जेडन ब्रूकर के दो गोलों की मदद से मलयेशिया को नौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में 3-1 से हराया.

## लखनऊ में खिताब की रक्षा से गायत्री-त्रीसा की शीर्ष 10 में वापसी

**नयी दिल्ली.** सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खिताब की रक्षा करके गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली ने सिर्फ एक और ट्रॉफी नहीं जीती, बल्कि उन्हें वह लय भी वापस मिल गयी है, जिसकी तलाश वे इस सत्र में कर रहीं थी. दो बार ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली गायत्री और त्रीसा की जोड़ी ने 2025 की सकारात्मक शुरुआत करते हुए ऑल इंग्लैंड के क्वार्टर फाइनल और फिर स्विस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनायी, लेकिन जून तक दोनों को कंधे की लगातार समस्या का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें मकाऊ ओपन के बाद सर्किट से बाहर होना पड़ा. गायत्री और त्रीसा ने चोट से वापसी के बाद लखनऊ में अपनी दूसरे ही प्रतियोगिता में शानदार जीत हासिल की.

## रूट का ऑस्ट्रेलिया में पहला शतक, इंग्लैंड की पारी संभली

**एशेज टेस्ट : स्टार्क ने झटके छह विकेट**




एजेंसियां, ब्रिसबेन

**जो** रूट (नाबाद 135 रन) ने गुरुवार को यहां एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला शतक जड़ा, जिससे इंग्लैंड ने स्टंप तक पहली पारी में नौ विकेट पर 325 रन बना लिये. हालांकि ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने 71 रन देकर छह विकेट झटके, लेकिन इंग्लैंड शुरुआती झटकों से उबरकर अच्छी स्थिति में पहुंच गया. ऑस्ट्रेलिया में रूट ने अभी तक शतक नहीं लगाया था और इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में पिछले 15 एशेज टेस्ट में उनका सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर 89 था, लेकिन उन्होंने लंबा इंतजार खत्म करते हुए 181 गेंद में 11 चौके से 100 रन पूरे किये. वह अभी तक 202 गेंद का सामना करके 15 चौके और एक छक्का जड़ चुके हैं. स्टार्क ने बेन डकेट और ओली पोप को खाता भी नहीं खोलने दिया, जिससे तीसरे ओवर में इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर पांच रन हो गया था. तभी रूट क्रीज पर आये. उन्होंने पर्थ में सीरीज के पहले मैच में मिली आठ विकेट की हार के बाद इंग्लैंड की पारी को संभालते हुए आत्मविश्वास दिलाने की कोशिश की. वह 11वें नंबर के खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर के साथ क्रीज पर मौजूद हैं. आर्चर ने अपने करियर का सबसे अच्छा नाबाद 32 रन का स्कोर बनाया. इससे रूट और आर्चर ने अंतिम विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी निभा ली है. स्टार्क ने बीच के सत्र में हैरी ब्रूक (31 रन) को आउट कर अपने करियर का 415वां विकेट हासिल किया. इस तरह उन्होंने पाकिस्तान के महान गेंदबाज वसीम अकरम (104 टेस्ट में 414 विकेट) को पीछे छोड़ दिया, जो टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं. ब्रूक ऑफ स्टंप के बाहर स्लिप में कैच आउट हुए जिससे रूट के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन की भागीदारी खत्म हो गयी.

# कारोबार जगत की खबरें

## साल 2026 में सोने की कीमतें 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं

**वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट**

**नयी दिल्ली.** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) ने अनुमान जताया है कि कैलेंडर वर्ष 2026 में सोने की कीमतें वर्तमान स्तर से 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती है. साल 2025 में अब तक सोने की कीमतों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इसकी मुख्य वजह अमेरिका द्वारा लगाया जाने वाला टैरिफ और भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण निवशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदारी की है. केंद्रीय बैंकों द्वारा भी सोने की खरीदारी और ब्याज दरों में भी साल 2025 में सोने की कीमतों ने दिशा तय की है. रिपोर्ट कहती है, यदि 2026 में आर्थिक वृद्धि धीमी होती है और ब्याज दरें उम्मीद से अधिक गिरती हैं, तो सोने में 5 से 15 प्रतिशत के बीच बढ़त देखी जा सकती है. दूसरी ओर बढ़ते वैश्विक जोखिम की वजह से ज्यादा गंभीर मंदी में सोने की कीमतों में 15 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है. वहीं, इसके विपरित ट्रंप प्रशासन की नयी पॉलिसी का सफल नतीजा आता है, तो सोने की कीमतों में 5 से 20 प्रतिशत तक गिरावट भी आ सकती है.

## कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल को मिली जेसीआइ की मान्यता

**मुंबई.** नकोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट ने घोषणा की है कि उनके मुंबई के अस्पताल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल (जेसीआइ) ने इंटरनेशनल हॉस्पिटल फेडरेशन के जिनेवा सस्टेनेबिलिटी सेंटर के साथ साझेदारी में हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी प्रोग्राम के लिए "सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन" से सम्मानित किया है. यह प्रतिष्ठित और बहुत ही मूल्यवान सम्मान प्राप्त करके, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इस कठोर वैश्विक मानक को पूरा करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है. यह उपलब्धि अस्पताल की स्थिरता पहलों और पर्यावरण-अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है.



## फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली. साख** निर्धारित करने वाली एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि अनुमान को 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है. मुख्य रूप से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और जीएसटी सुधारों के साथ बेहतर धारणा के कारण वृद्धि अनुमान को बढ़ाया गया है. फिच ने कहा कि घटती मुद्रास्फीति आरबीआइ को दिसंबर में नीतिगत दरों में एक और कटौती करके इसे 5.25 प्रतिशत पर लाने गुंजाइश देती है. आरबीआइ इस साल अब तक मुख्य नीतिगत दर रेपो में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है. उसने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गयी, जबकि इससे पिछली अप्रैल-जून तिमाही के 7.8 प्रतिशत थी.

## सोना ₹600 हुआ सस्ता, चांदी ₹900 लुढ़की

**नयी दिल्ली.** कमजोर वैश्विक रुख और फेडरल रिजर्व की अगले हफ्ते होने वाली नीतिगत बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपना लेने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का दाम 600 रुपये गिरकर 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. 99.9 शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी. वहीं, चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही. यह 900 रुपये टूटकर 1,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) रह गयी.

## रिलायंस, टीसीएस, इंफोसिस के संचार व मार्केटिंग हेड 'प्रोवोक' की वैश्विक सूची में

**नयी दिल्ली.** रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस सहित करीब छह शीर्ष कंपनियों के संचार एवं मार्केटिंग प्रमुखों को 'प्रोवोक मीडिया' 2025 की वैश्विक 100 प्रभावशाली औद्योगिक हस्तियों की सूची में शामिल किया गया है. इस सप्ताह जारी सूची में रिलायंस के समूह संचार प्रमुख रोहित बंसल, इंफोसिस के वैश्विक मुख्य मार्केटिंग अधिकारी सुमित विरमानी, टीसीएस के वैश्विक मुख्य मार्केटिंग अधिकारी अभिनव कुमार, वेदांता की समूह संचार निदेशक रितु झिंगन, गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह के मुख्य संचार अधिकारी सुजीत पाटिल और जिंदल स्टील की कॉरपोरेट ब्रांड एवं संचार प्रमुख अर्पणा कुमार आहूजा ने शामिल है.

खास पोस्ट — भारत को गर्व है कि वह कई चीतों का घर है और बड़ी संख्या में चीते भारतीय धरती पर पैदा हुए हैं. - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### भारत आये रूसी राष्ट्रपति. पीएम मोदी की ही गाड़ी से पहुंचे प्रधानमंत्री आवास

# प्रोटोकॉल तोड़ पीएम ने किया पुतिन का स्वागत, रात्रिभोज का आयोजन

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार शाम 27 घंटे के दौरे पर भारत पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर पालम एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया. दोनों नेता गले मिले और फिर एक ही फॉर्च्यूनर गाड़ी में बैठकर प्रधानमंत्री आवास 7-लोक कल्याण मार्ग के लिए रवाना हुए. पुतिन को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया. चार साल बाद भारत आए पुतिन के स्वागत में मोदी ने अपने आवास पर निजी रात्रिभोज का भी आयोजन किया. यह दौरा आठ दशक पुरानी भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने वाला माना जा रहा है. रात्रिभोज के दौरान हुई बातचीत से शुक्रवार को होने वाली 23वीं भारत-रूस शिखर वार्ता के लिए सकारात्मक माहौल बनने की उम्मीद है. शिखर वार्ता में रक्षा सहयोग, कच्चे तेल की आपूर्ति, व्यापार संतुलन, ऊर्जा साझेदारी और छोटे मॉड्यूलर न्यूक्लियर संयंत्रों पर चर्चा होगी. पुतिन शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत समारोह में भाग लेंगे, राजघाट पर श्रद्धांजलि देंगे और हैदराबाद हाउस में औपचारिक बैठक करेंगे. शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनके सम्मान में राजकीय भोज देंगी.

**भारत में 10 करोड़ डॉलर निवेश करेगा रूसी 'स्बेरबैंक'**

रूस के सबसे बड़े बैंक 'स्बेरबैंक' ने अगले तीन वर्षों में भारत में करीब 10 करोड़ डॉलर निवेश करने की घोषणा की है. सीइओ हरमन ग्रेफ ने बताया कि बैंक बी2बी कारोबार के साथ बी2सी सेगमेंट में भी कदम रखेगा. स्बेरबैंक ने आरबीआइ से 10 शहरों में 10 नयी शाखाएं खोलने की अनुमति मांगी है, जबकि वर्तमान में इसकी दो शाखाएं और बेंगलुरु में एक आइटी इकाई है. बैंक हैदराबाद में इन-हाउस डेटा प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करेगा और उच्च प्रौद्योगिकी, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में साझेदार तलाशेगा. ग्रेफ के अनुसार, रुपया-रूबल कारोबार 14 गुना बढ़ा है और भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था निवेश के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करती है.



### सीमा-शुल्क सहयोग व कृषि संबंधी समझौतों पर हस्ताक्षर

भारत और रूस के सीमा-शुल्क अधिकारियों ने माल और वाहनों की आवाजाही से जुड़ी आगमन-पूर्व सूचना साझा करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए. सीबीआइसी चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी और रूस की एफसीएस उप प्रमुख तातियाना मर्कुशोवा ने यह करार 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन से पहले किया. इससे सीमा-शुल्क जोखिम आकलन और तेज, सुरक्षित क्लीयरेंस में मदद मिलेगी. दोनों देशों ने कृषि, मत्स्यपालन और दुग्ध उत्पादों में व्यापार बढ़ाने पर भी चर्चा की. यह वार्ताएं पुतिन की भारत यात्रा की पृष्ठभूमि में हुईं.

### शिखर सम्मेलन से पहले भारत-रूस रक्षा मंत्रियों की अहम वार्ता

23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर महत्वपूर्ण चर्चा की. भारत ने लड़ाकू क्षमता मजबूत करने के लिए एस-400 मिसाइल प्रणालियों के अतिरिक्त बैच खरीदने में रुचि जताई. बैठक में स्वदेशी रक्षा विनिर्माण, तकनीकी सहयोग और सामरिक भरोसे पर आधारित संबंधों को विस्तार देने पर सहमति बनी. रूस ने एसयू-57 लड़ाकू विमान की पेशकश की और भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता में सहयोग का आश्वासन दिया.



## शीतकालीन सत्र : संसद में काम, बाहर प्रदूषण पर विपक्ष ने किया हंगामा

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**संसद** के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन में कई काम हुए. वहीं संसद के बाहर परिसर में विपक्ष ने दिल्ली में प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार को घेरा. कांग्रेस सांसदों ने परिसर में मास्क लगाकर व हाथों में बैनर-पोस्टर लगाकर प्रदर्शन किया. संसद ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी देते हुए तंबाकू उत्पादों पर कर संरचना को स्थिर और प्रभावी बनाए रखने का रास्ता साफ कर दिया. यह विधेयक जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद भी तंबाकू उत्पादों पर कुल कर बोझ समान स्तर पर बनाए रखने के लिए नया उत्पाद शुल्क लगाने का प्रावधान करता है. राज्यसभा से विधेयक ध्वनिमत से पारित किया गया. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी कानून में अधिकतम कर दर 40 प्रतिशत होने के कारण उपकर हटने पर सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद सस्ते हो जाते, इसलिए संशोधन आवश्यक था. नये प्रावधानों में सिगरेट, सिगार, हुक्का, जर्दा और अन्य श्रेणियों पर अलग-अलग दरों से उत्पाद शुल्क लगाया जाएगा. उन्होंने राज्यसभा को यह भी बताया कि कोविड अवधि में राज्यों के राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र ने जो ऋण लिया था, वह चुकता होने के बाद क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त किया जा रहा है. मंत्री ने संकेत दिया कि तंबाकू-प्रधान क्षेत्रों में फसल विविधीकरण कार्यक्रम तेज किए जाएंगे ताकि किसानों को वैकल्पिक फसलों- मिर्च, सब्जियों व सोयाबीन की ओर प्रोत्साहित किया जा सके. उन्होंने बीड़ी मजदूरों के हित में चल रही केंद्र और राज्य योजनाओं के विस्तार का भी उल्लेख किया.






### मास्क और 'मौसम का मजा लीजिए' बैनर के साथ प्रदर्शन

संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने मास्क पहनकर और 'मौसम का मजा लीजिए' लिखा बैनर उठाकर विरोध प्रदर्शन किया. आरोप था कि सरकार आलोचनात्मक आवाजों को सीमित कर रही है और विपक्षी नेताओं तथा विदेशी प्रतिनिधियों के बीच संवाद में बाधा पहुंचाई जा रही है. कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में सभी को समान अवसर आवश्यक है, परंतु सरकार संवाद से बच रही है.

### विदेशी मेहमानों को विपक्ष से नहीं मिलने दिया जाता : राहुल

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार विदेशी नेताओं को विपक्षी प्रतिनिधियों से मिलने से रोक रही है क्योंकि वह 'असुरक्षित' महसूस करती है. राहुल ने कहा कि पहले की परंपरा के अनुसार विदेश से आने वाले विशिष्ट मेहमान नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात करते थे, लेकिन अब सरकार ऐसे संवाद को हतोत्साहित कर रही है. भाजपा ने आरोपों को गलत बताया है.

### वीजा पर निर्णय किसी देश का संप्रभु अधिकार : जयशंकर

राज्यसभा में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट किया कि वीजा जारी करना किसी भी सरकार का संप्रभु अधिकार है और अमेरिका ने हाल में वीजा जांच प्रक्रियाओं को कड़ा करने का निर्णय इसी सिद्धांत के तहत लिया है. अमेरिकी एजेंसियां अब सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच कर रही हैं और मामूली उल्लंघनों पर भी सख़्त रुख अपनाया जा रहा है. भारत ने अमेरिकी पक्ष से आग्रह किया है कि छोटे मामलों को गंभीर उल्लंघन की तरह न देखा जाए.

## ग्लोबल बाइट्स



गुरुवार को चेन्नई के आसमान में सुपरमून का अद्भुत नजारा देखने को मिला. यह साल का आखिरी सुपरमून था.

### अभिनेत्री यामी गौतम ने फिल्मों के 'पेड प्रमोशन' की आलोचना की

**नयी दिल्ली.** अभिनेत्री यामी गौतम ने बॉलीवुड में फिल्मों के प्रचार के लिए भारी रकम खर्च कर पेड प्रमोशन करने की प्रवृत्ति की आलोचना की. उन्होंने कहा कि यह फिल्म उद्योग की भविष्य निधि को प्रभावित करेगा. गौतम ने अपने पति आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' के प्रदर्शन से पहले सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि प्रचार के नाम पर पैसे मांगना जबरन वसूली जैसा है.

### पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पूर्व सैनिक और महिला पकड़ी गयी

**अहमदाबाद.** गुजरात एटीएस ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तानी एजेंटों को देने के आरोप में पूर्व सैनिक अजय कुमार सिंह और महिला रश्मणी पाल को गिरफ्तार किया. सिंह गोवा में, पाल दमन से पकड़ी गई. आरोप है कि पाकिस्तानी एजेंटों ने उन्हें सेना की गतिविधियों, अधिकारियों के स्थानांतरण और अन्य गोपनीय जानकारियां साझा करने के लिए फुसलाया.

### कर्नाटक : सरकारी महिला कर्मचारियों को मिलेगा मासिक धर्म अवकाश

**बेंगलुरु.** कर्नाटक सरकार ने सरकारी महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन मासिक धर्म अवकाश देने का आदेश दिया है, और इस अवकाश के दौरान वेतन कटौती नहीं होगी. यह आदेश 18 से 52 वर्ष की आयु की स्थायी, संविदा और आउटसोर्स महिला कर्मचारियों पर लागू होगा. सरकार ने इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया. इससे प्रशासनिक नियमों के तहत पंजीकृत सभी उद्योगों और प्रतिष्ठानों में काम करने वाली महिलाओं को भी इसका लाभ मिलेगा.

### बांग्लादेश में हसीना के बेटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**ढाका.** बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे साजिब वाजेद जॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया. यह मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में उनकी मां को मौत की सजा सुनाए जाने के एक महीने बाद हुआ. जॉय वर्तमान में अमेरिका में रह रहे हैं. न्यायाधिकरण ने पूर्व कानून मंत्री और अन्य के खिलाफ भी आरोप स्वीकार किए.

### अनुष्का शंकर ने एअर इंडिया उड़ान में सितार क्षतिग्रस्त होने पर जताया दुख

**नयी दिल्ली.** सितारवादक अनुष्का शंकर ने एअर इंडिया की उड़ान में उनके सितार के क्षतिग्रस्त होने पर दुख जताया. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय एयरलाइन में वाद्ययंत्र सुरक्षित नहीं रहे. उन्होंने कहा कि पिछले 15-17 वर्षों में यह पहली बार हुआ.

## एच-1बी व एच-4 वीजा आवेदकों का सोशल मीडिया प्रोफाइल पब्लिक करना अनिवार्य

एजेंसियां, न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

**अमेरिकी** सरकार ने एच-1बी वीजा आवेदकों और उनके आश्रित एच-4 वाजी धारकों के लिए सुरक्षा जांच को और कठोर बनाते हुए नये नियम लागू किए हैं. विदेश विभाग द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार 15 दिसंबर से सभी एच-1बी, एच-4, एफ, एम और जे वाजी आवेदकों को अपने सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल की प्राइवेसी सेटिंग्स "सार्वजनिक" रखनी होंगी ताकि उनकी ऑनलाइन उपस्थिति की विस्तृत समीक्षा की जा सके. अब तक यह अनिवार्यता केवल छात्र (एफ, एम) और एक्सचेंज विजिटर (जे) वाजी आवेदकों पर लागू थी, जिसे ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी और एच-4 तक बढ़ा दिया है. विभाग का कहना है कि वीजा कोई "अधिकार नहीं, बल्कि विशेषाधिकार" है और राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी उपलब्ध सूचनाओं का उपयोग कर आवेदकों की गहन पृष्ठभूमि जांच की जायेगी. यह कदम ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन नियमों को सख्त बनाने की ताज़ा कार्रवाई है. प्रशासन का दावा है कि इसका उद्देश्य एच-1बी वीजा के दुरुपयोग को रोकना है, जिसका व्यापक उपयोग अमेरिकी टेक कंपनियां विदेशी पेशेवरों विशेषकर भारतीय तकनीकी विशेषज्ञों और चिकित्सकों को नियुक्त करने में करती हैं.



अमेरिकी सरकार ने सख्त किए नियम, 15 दिसंबर से लागू होगा परिवर्तन

### नयी संरचना के साथ जी20 का आयोजन करेगा अमेरिका

**न्यूयॉर्क.** अमेरिका ने 2026 का जी20 सम्मेलन नयी संरचना के साथ आयोजित करने की घोषणा की है. विदेश मंत्री के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका को मंच से बाहर कर पोलैंड को शामिल किया गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि दक्षिण अफ्रीका भेदभाव और कट्टरपंथी एजेंडे को बढ़ावा दे रहा है. नया जी20 तीन स्तंभों पर आधारित होगा रेगुलेटरी बोझ कम करना, सुरक्षित और किफायती ऊर्जा सप्लाई चेन, और एआइ जैसी अहम तकनीकों पर सहयोग बढ़ाना. सम्मेलन दिसंबर 2026 में मियामी, फ्लोरिडा में होगा. 2009 के बाद यह पहला अवसर है जब अमेरिका जी20 की मेजबानी करेगा.

## भारतीय नौसेना अदम्य साहस का प्रतीक : प्रधानमंत्री मोदी


एजेंसियां, नयी दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना के कर्मियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि नौसेना 'अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प' का पर्याय है. मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि हाल के वर्षों में नौसेना ने आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण पर जोर दिया है, जिससे देश की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ हुई है. नौसेना दिवस 1971 के भारत-पाक युद्ध में नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका- विशेषकर 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' में कराची बंदरगाह पर मिसाइल बोट्स के हमले- को याद दिलाता है. प्रधानमंत्री ने आइएनएस विक्रांत पर नौसेना कर्मियों के साथ बिताए अपने अनुभव को भी साझा किया. नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने बल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नौसेना युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय और आत्मनिर्भर बल के रूप में समुद्री हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी. उन्होंने नौसेना कर्मियों से कर्तव्य, साहस और सम्मान के साथ राष्ट्र सेवा जारी रखने की अपील की.



## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' भारत के विकास के लिए परिवर्तनकारी

**बिलासपुर.** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा देश के विकास के लिए परिवर्तनकारी साबित होगी. रायपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि समिति की रिपोर्ट सरकार को सौंप दी गई है और दो विधेयक 2024 में लोकसभा में पेश किए गए, जो अब संयुक्त संसदीय समिति की जांच में हैं. कोविंद ने कहा कि सालाना बार-बार होने वाले चुनाव प्रशासनिक संसाधनों और शिक्षकों पर बोझ डालते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है. उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहते हुए तेजी से बदलती दुनिया के साथ आगे बढ़ें और योग, व्यायाम व जरूरतमंदों की मदद को अपनाएं.



## सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को दिया निर्देश- बीएलओ के काम के घंटे घटाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात करें

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में लगे बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर काम का भारी दबाव कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए. तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि बीएलओ को सामान्य जिम्मेदारियों के साथ अतिरिक्त चुनावी कार्य भी निभाना पड़ता है, जिससे कई बार गंभीर तनाव की स्थिति बनती है. याचिका में आरोप लगाया गया कि निर्वाचन आयोग का दबाव बढ़ने से कुछ बीएलओ की मौत तक हुई और काम पूरा न करने पर प्राथमिकी भी दर्ज की गई. अदालत ने स्पष्ट किया कि जिन कर्मचारियों के पास एसआईआर ड्यूटी से छूट के विशिष्ट कारण हों, उनके अनुरोध पर मामले-दर-मामला विचार किया जा सकता है, लेकिन विकल्प उपलब्ध न होने पर तैनाती वापस नहीं ली जाएगी.



**हाइकोर्टों से देशभर में लंबित तेजाब हमले के मामलों का ब्योरा मांगा :** कोर्ट ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि वे देशभर में लंबित तेजाब हमले के मामलों का विस्तृत ब्योरा चार सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें. अदालत ने दिल्ली में 16 वर्षों से लंबित एक मामले को 'शर्मनाक' बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में भी ऐसे मामलों का निपटारा न होना न्याय व्यवस्था का मजाक है.


### जियो और नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ला रहे रियल-टाइम सेफ्टी अलर्ट सिस्टम

# हाइवे पर जाम-कोहरे का पहले ही मिल जायेगा अलर्ट

खास खबर

नेशनल कंटेंट सेल

**राष्ट्रीय** राजमार्गों पर यात्रा और अधिक सुरक्षित होने जा रही है. रिलायंस जियो और नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआइ) मिलकर टेलिकॉम-आधारित रियल-टाइम सेफ्टी अलर्ट सिस्टम शुरू कर रहे हैं, जिसकी पायलट टेस्टिंग शुरू हो चुकी है. यह सिस्टम यात्रियों को दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों, सड़क बंद होने, कोहरे, ट्रैफिक जाम, भूस्खलन, जानवरों की आवाजाही और अन्य जोखिमों की तुरंत जानकारी देगा. जियो अपने विस्तृत मोबाइल नेटवर्क को एनएचएआइ के हाइवे डेटा इंटेलिजेंस से जोड़कर अलर्ट सीधे यात्रियों के फोन पर भेजेगा. खास बात यह है कि अलर्ट इंटरनेट न होने पर भी मोबाइल डिवाइस तक पहुंच जाएंगे. इसके लिए किसी ऐप या रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं होगी. एनएचएआइ के कमांड सेंटर्स, कैमरे, सेंसर और पेट्रोलिंग टीमों से जुटे रियल-टाइम इनपुट जियो के बैकएंड तक पहुंचेंगे और सिस्टम तुरंत संबंधित मार्ग पर मौजूद सभी यूजर्स को चेतावनी भेज देगा. देशभर में इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा.




### ड्राइवरों को मिलेंगे अलर्ट, बचेंगे हादसे

नये सेफ्टी अलर्ट सिस्टम के तहत ड्राइवरों को कई महत्वपूर्ण प्रकार की चेतावनियां मिलेंगी. इनमें दुर्घटना-संभावित या पूरी तरह बंद सड़कों की जानकारी, कोहरा या कम दृश्यता वाले क्षेत्रों की चेतावनी, सड़क पर आवारा पशुओं की मौजूदगी या जानवरों की अचानक आवाजाही, खराब या खड़ी गाड़ियों की लोकेशन, अचानक बढ़े ट्रैफिक या धीमी रफ्तार वाले हिस्सों के अलर्ट शामिल होंगे. साथ ही भूस्खलन, निर्माण कार्य और मौसम जनित बाधाओं का भी रियल-टाइम अपडेट मिलेगा.

### सिस्टम ऐसे करेगा काम

यह आधुनिक मॉडल एनएचएआइ के हाई-टेक डिजिटल मॉनिटरिंग नेटवर्क पर आधारित है, जिसमें कैमरे, ड्रोन, एआइ-सेंसर, हाइवे पेट्रोल वाहन और कंट्रोल रूम डेटा शामिल है. किसी भी घटना का संकेत मिलते ही संबंधित जानकारी जियो के बैकएंड सिस्टम तक पहुंचती है. फिर सेल ब्रॉडकास्ट और एसएमएस तकनीक के जरिए उस मार्ग पर मौजूद सभी मोबाइल डिवाइस पर तुरंत अलर्ट भेज दिया जाता है.

**बिना एप और इंटरनेट के मिलेंगे अलर्ट**

इस सेफ्टी अलर्ट के लिए यात्रियों को न कोई एप डाउनलोड करना होगा और न ही किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन करना पड़ेगा. अलर्ट स्वतः लोकेशन-बेस्ड होंगे और जैसे ही वाहन किसी जोखिम वाले क्षेत्र के करीब पहुंचेगा, फोन पर चेतावनी मिल जाएगी. रात में यात्रा करने वालों, कोहरे वाले इलाकों से गुजरने वाले लोगों को सहूलियत मिलेगी.

### भाजपा नेता स्वराज कौशल का निधन पीएम ने जताया शोक



**नयी दिल्ली.** वरिष्ठ अधिवक्ता और मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया. वह 73 वर्ष के थे. कौशल, पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता सुषमा स्वराज के पति थे. पीएम मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और वंचितों के लिए उनके योगदान को याद किया. पीएम ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'श्री स्वराज कौशल जी के निधन से मैं दुखी हूं.उन्होंने खुद को एक वकील और एक ऐसे व्यक्ति के रूप में प्रतिष्ठित किया जो वंचितों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कानूनी पेशे का उपयोग करने में विश्वास करते थे.' उनका अंतिम संस्कार लोधी रोड श्मशान घाट पर किया जाएगा.

**वर्ष 22, अंक 124, रजिस्ट्रेशन नं.** JHAHIN/2004/14077, **अखबार के स्वामी** न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि के लिए **मुद्रक, प्रकाशक** : आशुतोष चौबे द्वारा प्रकाशित तथा न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2, मानिकपुर, जसीडीह, देवघर, पिन कोड 814142 (झारखंड) में मुद्रित और प्रकाशित, **संपादक (देवघर संस्करण)** : कमल किशोर*, **प्रबंध संपादक** : अंकित शुक्ला, **प्रधान संपादक** : आशुतोष चतुर्वेदी, **फोन : संपादकीय** : 9262991321 **विज्ञापन** : 9262991328 **प्रसार विभाग** : 9262991319,
**ई-मेल:** deoghar@prabhatkhabar.in (* पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)

राज्यपाल के अभिभाषण पर सीएम ने रखा पक्ष, विकास के होंगे काम

# मामूली परीक्षा के बाद 77 हजार नियोजित शिक्षक होंगे सरकारी

संवाददाता, पटना

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने अपनी सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि राज्य में बचे हुए 77 हजार नियोजित शिक्षकों को अब बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा नहीं देनी होगी. इन शिक्षकों को मामूली परीक्षा लेकर सरकारी शिक्षक बना दिया जायेगा. अभी तक बीपीएससी की ओर से तीन परीक्षाएं हो चुकी हैं. नियोजित शिक्षकों को पांच परीक्षा देकर सरकारी शिक्षक बनने का अवसर दिया गया है. अभी नियोजित शिक्षकों को दो परीक्षा देने का अवसर शेष है.

सभी शिक्षकों की नियुक्ति के बाद राज्य में पांच लाख 20 हजार शिक्षकों की संख्या हो जायेगी. गुरुवार को विधानमंडल के दोनों सदनों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान के अभिभाषण पर अपनी बात रख रहे थे. पहले उन्होंने विधानसभा में अपनी बात कही. इसके बाद विधान परिषद में उन्होंने सरकार के कामकाज की चर्चा की. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नवगठित एनडीए की सरकार विकास के हर क्षेत्र में और काम करेगी.




विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण का जवाब देते सीएम नीतीश कुमार.

**मैं प्रधानमंत्री का करता हूं नमन, आप सब भी करें :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का सहयोग मिल रहा है. जुलाई 2024 के बजट और फरवरी 2025 के बजट में बिहार के लिए विशेष बजट का प्रावधान किया गया है. इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ उठाकर नमन करते हैं. उन्होंने विपक्ष को भी कहा कि आप लोग भी हाथ उठाकर प्रधानमंत्री का नमन करें. सत्त पक्ष के सदस्यों ने हाथ उठाकर उनका समर्थन किया. मुख्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि जब साथ में थे तो सब बात मान लेते थे. आपलोगों ने गड़बड़ किया तो छोड़ दिये. अब कभी उधर नहीं जायेंगे.

**सभी तबकों के लिए किया काम :** मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार ने सभी वर्ग, धर्म और तबकों के लिए काम किया है. राज्य में कानून का राज स्थापित है. राज्य में कहीं भय या डर का माहौल नहीं है. सामाजिक व धार्मिक सद्भाव कायम है. 2006 से कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने से झगड़े समाप्त हो गये. 2016 से मंदिरों की घेराबंदी से मंदिरों में चोरी बंद हो गयी. मदरसों को सरकारी स्कूल का दर्जा दिया गया है.

## जमीन के बदले नौकरी मामले में अब आठ दिसंबर को सुनवाई



**पटना.** जमीन के बदले नौकरी मामले में दिल्ली की राउज ऐवेन्यू की अदालत ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से जुड़े जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में आरोप तय करने संबंधी अपना फैसला गुरुवार को टाल दिया. अब इस मामले पर फैसला आठ दिसंबर को आने की संभावना है. विशेष सीबीआइ न्यायाधीश विशाल गोगने ने सीबीआइ को निर्देश दिया कि वह मामले के आरोपियों की स्थिति की पुष्टि करने के बाद एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करे. मामले में 103 आरोपियों में से चार की मौत हो चुकी है. न्यायाधीश गोगने ने विस्तृत सुनवायी के लिए मामले को आठ दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया है.सीबीआइ ने लालू प्रसाद, उनकी पत्नी व पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ कथित घोटाले के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया है.

## अभिनेता शाहरुख खान पर चलेगा केस

**बक्सर कोर्ट.** जिला उपभोक्ता आयोग ने मुकदमे से अभिनेता शाहरुख खान का नाम हटाने के आवेदन को खारिज कर सुनवाई की तिथि तय कर दी. परिवादी मनोज कुमार सिंह ने 45,17,425 रुपये व ब्याज के लिए परिवाद पत्र दाखिल किया हैं. आरोप है कि उन्होंने बायजू से ऑनलाइन क्लास के लिए 10 हजार देकर पुत्री का नामांकन कराया था.

## आतंकी साजिश से जुड़े हथियार तस्करी मामले में सात जगहों पर एनआइए के छापे

संवाददाता, पटना

**आतंकी** साजिश से जुड़ी हथियारों की तस्करी के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने गुरुवार को देशभर में जिन 22 ठिकानों पर छापेमारी की है, उसमें नालंदा सहित सात ठिकाने बिहार के हैं. एनआइए की टीमों ने अलग-अलग जिलों में दबिश दी और दस्तावेज, डिजिटल डाटा और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच पड़ताल की. बिहार एसटीएफ भी इसमें सहयोग कर रही है. सूत्रों का कहना है कि जांच एजेंसी को अवैध फंडिंग, आपराधिक नेटवर्क और अंतरराज्यीय संपर्कों से जुड़ी अहम जानकारी मिलने की संभावना थी. कार्रवाई देर रात जारी थी. बिहार पुलिस के एक अधिकारी ने बताया सात स्थानों पर एक्शन चल रहा है. सूत्र बताते हैं कि देर रात तक की कार्रवाई में जांच एजेंसी को खास सफलता नहीं मिली थी. कार्रवाई पूरी होने के बाद जानकारी साझा करने की बात कही जा रही है.

## पटना हाइकोर्ट ने सरकार पर लगाया एक लाख का जुर्माना

**पटना.** पटना हाइकोर्ट ने सहरसा डीएम के आदेश पर कड़ी नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. कोर्ट ने सरकार को कहा कि वह एक माह के भीतर जुर्माना की राशि याचिकाकर्ता को दे. साथ ही बेवजह मुकदमेबाजी करने को लेकर दस हजार रुपये बतौर खर्चा देने का भी आदेश दिया. न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद और न्यायमूर्ति सौरेंद्र पांडेय की खंडपीठ ने सहरसा के राकेश कुमार यादव उर्फ राकेश यादव की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया.कोर्ट को बताया गया कि सहरसा डीएम ने याचिकाकर्ता को बीसीसी कानून के तहत प्रत्येक दिन दो बार सुबह नौ बजे से 11 बजे तक और फिर शाम को पांच बजे से आठ बजे तक पुलिस थाना में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश दिया .याचिकाकर्ता के घर से पुलिस स्टेशन करीब 60 किमी की दूरी पर है.












Cheil 29719/25